3 राजधानी
छात्रों का इंतजार करतीं कॉलेज की दीवारें

6 अभिमत
इंटेलीजेंट ऑटोमेशन परिवर्तनकारी है

10 विदेश
मुरलीधरन ने विक्रमसिंघे के साथ की चर्चा

12 स्पोर्ट्स
आशु ने जगरेब में कांस्य पदक जीता

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 93
नई दिल्ली, सोमवार, 6 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



नीतीश के खिलाफ बगावत पर उतरे उपेंद्र कुशवाहा
राष्ट्रीय-11

# अडाणी मुद्दे पर विपक्ष एकजुट संसद में फिर हंगामे के आसार

● बजट सत्र के शुरुआती दो दिन चढ़ चुके हैं शोर-शराबे की भेंट

● विपक्षी दल अडाणी मामले की जांच जेपीसी से कराने पर अड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**अडाणी** समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके बाद कंपनी के लगातार गिरते शेयरों के मुद्दे पर सोमवार को फिर संसद में हंगामे के आसार हैं। इसी मामले को लेकर विपक्ष के भारी शोर-शराबे के चलते बजट सत्र के शुरुआती दो दिन संसद में कामकाज ठप रहा। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले रणनीति तय करने के लिए महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। दोनों सदनों के विपक्ष के नेता संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने धरना देंगे। इस विशेष मामले पर विपक्षी दलों के एकजुट होने से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा संसद के बजट सत्र के पहले भाग में शुरू नहीं हो पाई है। यह सत्र 13 फरवरी तक चलेगा। हिंडनबर्ग और अडाणी समूह की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) जांच की मांग को लेकर विपक्ष ने सत्र के शुरुआती दो दिनों में भारी हंगामा किया। इसके चलते कोई कामकाज नहीं पाया। संसदीय परम्परा के अनुसार धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा बजट पेश होने के अगले दिन 2 फरवरी को शुरू होनी चाहिए थी, लेकिन अगले कार्य दिवसों में विपक्ष के हंगामे के कारण ऐसा नहीं हो सका।

अडाणी समूह के खिलाफ आरोपों को लेकर विपक्षी सांसदों द्वारा सदन में विरोध जारी रखने के बाद सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों को सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। विपक्षी दलों ने संसद में इस पर चर्चा की मांग करते हुए अडानी मुद्दे की संयुक्त संसदीय समिति से जांच या सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी वाली समिति से जांच कराने की मांग की है। सूत्रों ने कहा कि 16 विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में आयोजित होने (शेष पेज 8)

## कांग्रेस ने बनाया सरकार पर दबाव, रोज पूछेगी तीन सवाल

● 'हम अडाणी के हैं कौन' कहकर सवालों से नहीं भाग सकती मोदी सरकार: जयराम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने अडाणी समूह पर लगे आरोपों को लेकर केंद्र पर हमला तेज करते हुए रविवार को कहा कि इस मुद्दे पर मोदी सरकार की गहरी चुप्पी से मिलीभगत की बू आती है। पार्टी तब तक हर रोज तीन सवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछेगी जब तक वह आगे आकर अडाणी मामले में अपनी चुप्पी नहीं तोड़ेंगे।

देश की सबसे पुरानी पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कहा कि पनापा पेपर्स लीक मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं की गई थी और सरकार ऐसा ही अब करना चाहती है। अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद अडानी समूह के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट आई है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि पार्टी रविवार से इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने रोजाना तीन सवाल रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने और उन कारोबारी (शेष पेज 8)

# बिहार में छापे, पीएफआई के दो संदिग्ध सदस्य गिरफ्तार

● सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की सूचना पर एनआईए ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन के कई ठिकाने खंगाले

● दोनों आरोपी बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के बहादुरपुर, मेहसी के निवासी

राकेश कुमार सिंह। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को बिहार के मोतीहारी और पटना के फुलवरिया शरीफ से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दो संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी कई छापेमारी अभियान के कुछ दिन बाद हुई है। पीएफआई को देश में प्रतिबंधित आंतकी संगठन घोषित किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में तनवीर रजा उर्फ बरकती और मोहम्मद आबिद उर्फ आर्यन शामिल हैं, दोनों बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के बहादुरपुर, मेहसी के निवासी हैं।

एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा कि पीएफआई मॉडयूल के ये सदस्य हत्या व अन्य वारदात को अंजाम देकर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश में थे। वैश्विक आतंकी समूह के देश विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पीएफआई पर आईएसआईएस के लिए भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उनकी भर्ती करने का संदेह था। आईएसआईएस ने अपनी प्रचार पत्रिका वॉयस ऑफ खुरासान के जरिए पीएफआई के खिलाफ प्रतिबंध का विरोध किया है। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में शनिवार को पीएफआई कैडर द्वारा लक्षित हत्या को अंजाम देने की साजिश को विफल करने के लिए आठ स्थानों पर छापेमारी करने के बाद एनआईए ने रविवार को दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। दोनों संदिग्धों ने कथित तौर पर हत्या को अंजाम देने के लिए हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराया गया था।

एजेंसी ने विस्तृत विवरण दिए बिना कहा कि उन्होंने एक लक्ष्य को पूरा करने के लिए छापा मारा गया। जहां पीएफआई ट्रेनर याकूब के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। याकूब पीएफआई कैडरों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित करता था। कुछ दिन पहले, ट्रेनर याकूब ने एक अपमानजनक और भड़काऊ फेसबुक वीडियो पोस्ट किया था, जिसका उद्देश्य शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को भंग करना था। फेसबुक के अन्य उपयोगकर्ताओं ने इस पोस्ट पर टिप्पणी की और अपमानजनक तरीके से ट्रोल किया। गया था। इसमें कहा गया है कि फरार आरोपी याकूब और दो गिरफ्तार आरोपियों ने कुछ लोगों की पहचान की थी जिन्होंने उसकी पोस्ट को ट्रोल किया था और लक्षित व्यक्तियों की हत्या की साजिश रची थी।

एनआईए की यह कार्रवाई और गिरफ्तारियां पीएफआई व उसके नेताओं और कैडरों की हिंसक, गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने से जुड़ी हैं। जो पटना के फुलवारी शरीफ इलाके में उस उद्देश्य के लिए इकट्ठे हुए थे। यह मामला शुरू में बिहार के पटना जिले के फुलवारी शरीफ पुलिस स्टेशन में 12 जुलाई, 2022 को दर्ज किया गया था और पिछले साल 22 जुलाई को एनआईए द्वारा फिर से दर्ज किया गया था। इससे पहले, इस मामले में आरोपियों के परिसरों पर तलाशी के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था और पीएफआई से संबंधित कई आपत्तिजनक लेख/दस्तावेज जब्त किए गए थे। एजेंसी ने कहा कि शनिवार को की गई तलाशी के दौरान कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए और मामले की आगे की जांच जारी है।

# पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन

● भारत के विरुद्ध करगिल युद्ध की रची थी साजिश

भाषा। इस्लामाबाद, दुबई


फाइल चित्र

**पाकिस्तान** के पूर्व राष्ट्रपति और 1999 में करगिल युद्ध के मुख्य सूत्रधार रहे जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ का रविवार को एक लाइलाज बीमारी से वर्षों तक जूझने के बाद दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मुशर्रफ पाकिस्तान में अपने खिलाफ आपराधिक आरोपों से बचने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में खुद निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे थे।

उनका दुबई में अमेरिकन हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके परिवार के मुताबिक, मुशर्रफ दुर्लभ बीमारी एमिलॉयडोसिस से पीड़ित थे, जिसमें पूरे शरीर के अंगों और ऊतकों में एमिलॉयड नामक एक असामान्य प्रोटीन बनता है। मुशर्रफ के निधन के तुरंत बाद पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान जारी कर कहा कि ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद और सभी सेवाओं के प्रमुखों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

बयान में कहा गया, अल्लाह उनकी रूह को सुकून अता फरमाए और शोकसंतप्त परिवार को ताकत दें। समाचार चैनल जियो न्यूज की खबर के अनुसार, मुशर्रफ के परिवार ने दुबई में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास में एक आवेदन दायर कर उनके पार्थिव शरीर को दफनाने के लिए पाकिस्तान ले जाने की अनुमति मांगी थी। मुशर्रफ का पार्थिव शरीर पाकिस्तान लाने के लिए एक विशेष सैन्य विमान रावलपिंडी में नूर खान एयरबेस से दुबई के लिए उड़ान भरेगा। उनकी बीमारी 2018 में सामने आई थी जब उनकी पार्टी ऑल पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एपीएमएल) ने घोषणा की कि पूर्व सैन्य शासक एक दुर्लभ बीमारी एमिलॉयडोसिस से जूझ रहे हैं।

पिछले साल जून में उन्हें तीन सप्ताह के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस समय सोशल मीडिया पर उनके निधन की खबरें प्रसारित होने के बाद उनके परिवार ने एक बयान में कहा था, वह एक मुश्किल दौर से जूझ रहे हैं जहां ठीक होना संभव नहीं है और शरीर के अंग ठीक तरीके से काम नहीं कर रहे हैं। रोजमर्रा की जिंदगी को आसानी से जीने के लिए प्रार्थना करिए। मुशर्रफ ने ही (शेष पेज 8)

## सरकार ने चीनी कंपनियों अन्य विदेशी इकाइयों के 232 ऐप प्रतिबंधित किए


**नई दिल्ली(पीएनएस)।** सरकार ने सट्टेबाजी, जुए (गैंबलिंग) और अनधिकृत रूप से कर्ज देने में शामिल होने के आरोप में चीन सहित विदेशी इकाइयों द्वारा संचालित 232 ऐप को प्रतिबंधित कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगकी मंत्रालय (मेइटी) ने गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद इन ऐप को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। एक अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर पीटीआई-भाषा को बताया, सट्टेबाजी, जुए और धन शोधन में शामिल 138 ऐप को प्रतिबंधित करने का आदेश कल शाम जारी किया गया था। इसके अलावा अनधिकृत ऋण सेवा में शामिल 94 ऐप को ब्लॉक करने का आदेश भी जारी किया गया है। ए ऐप चीन सहित विदेशी इकाइयों द्वारा संचालित किए जा रहे थे। ये देश की आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। अधिकारी ने प्रतिबंधित किए गए ऐप के नाम नहीं बताए। इस बारे में मेइटी को आधिकारिक रूप से भेजे गए सवालों के जवाब खबर लिखे जाने तक नहीं मिले थे।

# अमेरिका ने चीन का जासूसी गुब्बारा मार गिराया



● चीन ने परिणाम भुगतने की धमकी दी

भाषा। वाशिंगटन


अमेरिका द्वारा चीन के गुब्बारे को मार गिराए जाने के क्रमशः चित्र

**अमेरिकी** सेना ने अटलांटिक महासागर में चीन के एक संदिग्ध जासूसी गुब्बारे को मार गिराया है और इसके मलबे से सभी उपकरण बरामद करने का अभियान शुरू किया है। वहीं, चीन ने रविवार को इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए उसके असैन्य मानवरहित हवाई जहाज के खिलाफ बल प्रयोग को लेकर अमेरिका को गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी। अमेरिका के एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने वाशिंगटन में पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर अमेरिकी सेना ने स्थानीय समयानुसार दोपहर दो बजकर 39 मिनट पर दक्षिण कैरोलाइना में अमेरिकी तट से करीब 9.65 किलोमीटर दूर अटलांटिक महासागर में चीन के निगरानी गुब्बारे को मार गिराया। उन्होंने कहा कि गुब्बारे को मार गिराने के दौरान अमेरिकी नागरिकों को जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। रक्षा अधिकारी के मुताबिक, वर्जीनिया में लांगले वायुसेना अड्डे से उड़ान भरने वाले लड़ाकू विमान ने एक मिसाइल छोड़ी, जिससे गुब्बारा अमेरिका के वायु क्षेत्र के भीतर महासागर में जा गिरा। बाइडन ने मैरीलैंड में पत्रकारों से कहा, मैंने उन्हें गुब्बारे को मार गिराने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा, बुधवार को जब मुझे गुब्बारे की जानकारी दी गई थी, तो मैंने पेंटागन को इसे जल्द से जल्द मार गिराने का आदेश दिया था। उन्होंने (पेंटागन) जमीन पर किसी को नुकसान पहुंचाए बिना ऐसा करने का निर्णय लिया और इसके लिए सबसे उपयुक्त समय तब मिला, जब गुब्बारा समुद्र के ऊपर था।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को चीन के विदेश मंत्रालय के एक बयान का हवाला देत हुए कहा कि बीजिंग ने चीन के असैन्य मानवरहित यान पर हमला करने के लिए अमेरिका द्वारा बल प्रयोग करने को लेकर कड़ा विरोध जताया है। बयान के अनुसार, अमेरिका द्वारा बल प्रयोग पर जोर देना वास्तव में एक अनावश्यक प्रतिक्रिया और अंतरराष्ट्रीय प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन है। चीन इसकी प्रतिक्रिया में आगे कदम (शेष पेज 8)

## पश्चिम बंगाल में बम विस्फोट, टीएमसी के दो कार्यकर्ताओं की मौत

पायनियर समाचार सेवा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले राज्य के बीरभूम जिले में मोटरसाइकिल पर सवार तृणमूल कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं पर बम फेंका गया जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। हालांकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने आरोप लगाया कि हत्याएं टीएमसी में आंतरिक कलह का नतीजा हैं, लेकिन सत्तारूढ़ दल ने कांग्रेस पर उंगली उठाईं। घटना के 24 घंटे के भीतर जिले के पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया गया, लेकिन प्रशासन ने दावा किया कि यह कदम उससे जुड़ा हुआ नहीं है।पुलिस ने कहा कि टीएमसी कार्यकर्ता न्यूटन शेख और स्थानीय पंचायत प्रमुख का भाई लाल्टू शेख मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी कुछ बदमाशों ने उन पर बम फेंका। उन्होंने बताया कि इस घटना में न्यूटन की रात में मौत हो गई, जबकि लाल्टू ने कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में दम तोड़ दिया, जहां उसे जिले के रामपुरहाट अस्पताल से (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,841 | |
| निफ्टी | 17,854 | |
| सोना | 57,929 | /10g |
| चांदी | 70,335 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कर्मचारियों, पेंशनभोगियों का बढ़ सकता है महंगाई भत्ता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए मंहगाई भत्ते (डीए) को मौजूदा के 38 प्रतिशत से चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर सकती है। इस उद्देश्य के लिए एक फॉर्मूला पर सहमति बनी है। कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की गणना हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा जारी औद्योगिकी श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर की जाती है। श्रम ब्यूरो श्रम मंत्रालय का अंग है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, दिसंबर, 2022 के लिए सीपीआई-आईडब्ल्यू 31 जनवरी, 2023 को जारी की गई थी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 4.23 प्रतिशत बैठती है। लेकिन सरकार डीए मे दशमलव को नहीं लेती।

# जम्मू में क्रिकेट खिलाड़ियों के सपने भी दरक गए

## डोडा जिले थथरी इलाके में इकलौते स्पोर्ट्स क्लब की दीवारों में पड़ीं दरारें, क्रिकेट सीख रहे बच्चों की प्रैक्टिस बंद

● जम्मू के इस पहाड़ी क्षेत्र के मकानों में भी दिख रहीं बड़ी-बड़ी दरारें, जांच में जुटी हैं वैज्ञानिकों की टीमें

मोहित कंधारी। जम्मू



**डोडा** जिले के थथरी इलाके में युवा क्रिकेटरों के सपनों को जैसे किसी की नजर लग गई। युवा खिलाड़ी यावर खान के निजी स्पोर्ट्स क्लब में लगभग दो वर्षों से 14 से 16 वर्ष की आयु के होनहार खिलाड़ी क्रिकेट का अभ्यास कर अपने हुनर को निखार रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कई मैदानों में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया, लेकिन अब परिस्थितियों ने उनके लिए मुश्किल हालात पैदा कर दिये हैं। पहाड़ी क्षेत्र में स्थित इस स्पोर्ट्स अकादमी की दीवारों में दरारें आ गई हैं। इससे खिलाड़ियों की प्रैक्टिस बंद हो गई है। पिछले कई दिनों से थथरी क्षेत्र मकानों और पहाड़ियों में दरारें पड़ने की वजह से सुर्खियों में है। विशेषज्ञों की टीम द्वारा कई मकानों को असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद शुक्रवार को जिला प्रशासन ने नई बस्ती क्षेत्र से 19 परिवारों को स्थानांतरित कर दिया था। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के वैज्ञानिकों की एक टीम ने थाथरी का दौरा किया और भूमि धंसने वाली जगहों से नमूने एकत्र किए। जम्मू-कश्मीर के इस क्षेत्र में यह इकलौती निजी स्पोर्ट्स एकेडमी है। पिछले दो वर्षों के दौरान कई नवोदित क्रिकेट सितारे स्थानीय क्लब स्तर के क्रिकेट खेलकर शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि 22 गज की पिच पर बच्चों को बड़ा बनाने के सपने को साकार करने में परिवार के लोग भी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे। दुर्भाग्य से, पिछले एक हफ्ते से इनमें से किसी भी खिलाड़ी ने यावर खान स्पोर्ट्स क्लब, थाथरी की पसंदीदा अभ्यास पिच पर एक भी शॉट नहीं खेला है या यॉर्कर और बाउंसर नहीं फेंका है। थाथरी से टेलीफोन पर द पायनियर से बात करते हुए यावर खान ने कहा कि कई आवासीय इकाइयों के बाद एक खड़ी पहाड़ी ढलान पर निर्मित उनके क्लब की दीवारों और फर्श में दरारें आ गई हैं। इस कारण स्पोर्ट्स क्लब को भी बंद कर दिया गया है। दाएं हाथ के बल्लेबाज और वर्तमान में आगामी रणजी ट्रॉफी के लिए तैयारी कर रहे यावर ने कहा कि हम कभी भी कोई जोखिम नहीं लेना (शेष पेज 8)

## समान नागरिक संहिता का इरादा छोड़े सरकार: मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड


लखनऊ में मुस्लिम पर्सनल लॉ की बैठक में भाग लेते प्रतिनिधि

● कहा, मुसलमान पूरी तरह शरीअत पर अमल करें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऑल** इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को मुसलमानों से पूरी तरह शरिअत पर अमल करने की अपील करते हुए सरकार से समान नागरिक संहिता का इरादा छोड़ने का अनुरोध किया है तथा कहा है कि देश के संविधान में हर व्यक्ति को अपने धर्म पर अमल करने की आजादी है।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैयद राबे हसनी नदवी की अध्यक्षता में नदवतुल उलेमा लखनऊ में बोर्ड की कार्यकारिणी की रविवार को हुई बैठक में प्रस्ताव पारित कर मुसलमानों से यह आह्वान किया गया।

बैठक के बाद बोर्ड के महासचिव मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी की ओर से जारी बयान में कहा गया, बोर्ड की बैठक मुसलमानों को यह याद दिलाती है कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना (शेष पेज 8)

# नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे सभी सोसाइटी चमकेंगी

## प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने 25 बिल्डरों के साथ की बैठक, दिया 30 दिनों का समय

● 50 आवंटियों को फसाड लाइटिंग नहीं करवाने को लेकर नोटिस जारी किया गया



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अगर आप रात के समय में नोएडा एक्सप्रेसवे के माध्यम से सफर करोगे तो चारों तरफ बेहतर लाइटिंग दिखाई देंगी। नोएडा एक्सप्रेसवे पर आपको चारों तरफ जगमगाती लाइट दिखाई देंगी। नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे सटी हुई हाउसिंग सोसायटी को फसाड लाइटों से सजाया जाएगा।

इसको लेकर नोएडा अथॉरिटी ने कवायद तेज कर दी है। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने शुक्रवार को 25 बिल्डरों के साथ बैठक की है। इन बिल्डरों की नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे हाउसिंग सोसाइटी है। सीईओ ने सभी को एक महीने का समय फसाड लाइटिंग करवाने के लिए दिया है। इस बैठक में शामिल 4 बिल्डरों ने बताया कि उन्होंने अपने परिसर में फ साड लाइटिंग का काम करवा दिया है। कुछ ग्रुप हाउसिंग प्लॉट के आवंटी बिल्डर ने कहा कि सोसायटी तैयार कर एओए को हैंडओवर कर दिया है। इस पर सीईओ ने अधिकरियों को ऐसी सोसायटी के एओए से संपर्क करने के लिए कहा है। आपको बता दें कि इससे पहले नोएडा प्राधिकरण ने एक्सप्रेसवे किनारे 50 आवंटियों को फसाड लाइटिंग न करवाने को लेकर नोटिस जारी किया था। शहर को और सुंदर बनाने के लिए एक्सप्रेस वे से सटी इमारतों में फसाड लाइटें लगाने के लिए पिछले महीने हुई नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास किया गया था।

अब ऐसी इमारतों के प्रबंधकों को नोएडा प्राधिकरण ने नोटिस जारी कर लाइटें लगाने के निर्देश दिए हैं। इनमें से 10 कंपनी प्रतिनिधियों के साथ सोमवार को ही प्राधिकरण अधिकारियों ने बैठक कर जल्द लाइटें लगाने के लिए कहा है।

नोएडा प्राधिकरण के सीएपी इश्तियाक अहमद ने बताया कि एक्सप्रेसव वे आसपास एडवेंट, सुपरटेक स्कवायर, स्काई मार्ट, ऐस ग्रुप की दो इमारतें, एटीएस, एल्डिको, पार्श्वनाथ आदि अन्य बिल्डरों की इमारतें बनी हुई हैं। इन इमारतों का जो हिस्सा एक्सप्रेस वे की तरफ नजर आता है उस पर फसाड लाइटें लगानी होंगी।

इन लाइटों को लगवाने का मकसद यह है कि जो भी लोग नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे वे होकर गुजरेंगे उनको शहर काफी सुंदर लगेगा। इससे शहर की एक खास इमेज लोगों में बनेगी।

उन्होंने बताया कि संबंधित इमारतों के मालिकों को तीन से चार महीने के अंदर लाइटें लगाने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि हाल ही में प्राधिकरण ने नोएडा स्टेडियम को भी फसाड लाइटों से जगमगाने का निर्णय लिया है। सभी प्रवेश द्वार व अंदर के हिस्सों में लाइट लगाई जाएंगी। अभी महामाया फ्लाईओवर और सेक्टर-16ए फि ल्म सिटी फ्लाईओवर पर फसाड लाइटें लगाई हुई हैं।

# 12 साल से न घर की रजिस्ट्री मिली और न ही सुविधा

● सुपरटेक बिल्डर ने की सोसाइटी के लोगों पर पानी की बौछार




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा के सेक्टर-17ए में स्थित सुपरटेक अपकंट्री के निवासियों का दर्द आसमान छु रहा है। ना उनके फ्लैट की रजिस्ट्री हो रही है और ना ही उनको मूलभूत सुविधाएं मिल रही है। निवासियों का आरोप है कि सेक्टर-93 में स्थित दफ्तर पर अपनी मांगों को लेकर पहुंचे। वहां पर बिल्डर के प्रतिनिधियों ने उन पर पानी की बौछार कर दी।

सुपरटेक अपकंट्री के निवासी बीएन गुप्ता का कहना है कि वह अन्य निवासियों के साथ सुपरटेक बिल्डर के दफ्तर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। वहां पर उनके ऊपर पानी की बौछार की गई। बीएन गुप्ता का कहना है कि उन्होंने अपना सारा पैसा सुपरटेक बिल्डर को दे दिया है। उसके बावजूद भी उनके फ्लैट की रजिस्ट्री नहीं हुई है।


सभी निवासी अपनी मांगों को लेकर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। बीएन गुप्ता का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन की सारी कमाई घर खरीदने में लगा दी, लेकिन बदले में उनको केवल धोखा मिला है। हम अपने घर में ही किराएदार के रूप में रह रहे हैं। इस दौरान काफी महिलाएं कोई बच्चे भी शामिल हुए। निवासियों का आरोप है कि सुपरटेक बिल्डर के प्रतिनिधियों ने उनके ऊपर वाटर टैंक से पानी की बौछार की है। सुपरटेक अपकंट्री घर खरीदार एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश चंद का कहना है कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर योगी आदित्यनाथ को भी शिकायत भेजी है, लेकिन अभी तक उनकी शिकायत पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। बिल्डर के द्वारा हमको परेशान किया जा रहा है और अपनी मांगों को उठाने पर हमारे साथ अभद्रता की जा रही है।

### कार और बाइक रैली निकाल जताया विरोध

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में रविवार को दसवें हफ्ते फ्लैट खरीदारों ने जोरदार प्रदर्शन किया। घर खरीदारों की संस्था नेफोवा के नेतृत्व में रविवार की सुबह कार और बाइक रैली निकाली गई। फ्लैट खरीदारों ने उत्तर प्रदेश सरकार, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की है। इस रैली में करीब 300 वाहन शामिल हुए और 500 से ज्यादा फ्लैट खरीदारों ने हिस्सा लिया है। इस दौरान ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस को हालात संभालने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी है। फ्लैट खरीदारों और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई, लेकिन खरीदारों ने प्रदर्शन रोकने से साफ इनकार कर दिया।

# बिजली उपभोक्ताओं पर 500 करोड़ रुपये बिल बकाया

● विद्युत निगम ने कनेक्शनों की जांच के लिए एक टीम गठित की थी।



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

विद्युत निगम द्वारा बिल भुगतान नहीं करने वाले लोगों पर पर जनवरी के ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटे गए।

विद्युत निगम द्वारा उन पर बकाया बिल को जमा करवाने के लिए दबाव बनाए जाने के वजह उन्हें खुला छोड़ रखा है। दरअसल, जिले में यह दूसरा ही खेल चल रहा है। यहां पर कनेक्शन काटे जाने के बाद बकाएदार कटिया डाल कर बिजली जला रहे हैं। विद्युत निगम का उपभोक्ताओं पर करीब पांच सौ करोड़ रुपये का बकाया है। विद्युत निगम ने कनेक्शनों की जांच के लिए एक टीम गठित की थी। इस जांच में जनवरी महीने में करीब 50 ऐसे मामले सामने आए हैं। जहां पर कनेक्शन कटने के बाद बिल जमा कराने के बाद बकाएदार चोरी की बिजली जला रहे थे।

इसमें 14 हजार उपभोक्ता हैं, जिन्होंने कभी कनेक्शन लेने के बाद कभी बिल जमा नहीं किया। इन पर करीब 500 करोड़ रुपये का बकाया है। बीते साल जोन में व्यावसायिक और तकनीकी हानि 7.7 प्रतिशत रही थी। जनवरी के महीने में बड़े स्तर पर अभियान चलाने के बाद भी इस तरह के मामले सामने आना बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। या तो विद्युतकर्मी अपने काम में लापरवाही बरत रहे हैं या फि र उनकी मिलीभगत से ही यह सब चल रहा है।

बकाएदार भुगतान जमा करने के बजाए निगम को सीधे राजस्व का चूना लग रहा है। इससे निगम की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। वहीं देखने वाली बात होगी बिजली विभाग चोरी की बिजली जलाने वाले बकायेदारों पर कार्रवाई करते हैं या नहीं, इस मामले में विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि बिजली चोरी रोकने और बकाया वसूली को लेकर निगम सख्त है। अगर चोरी के प्रकरण में कोई भी विभागीय मिली भगत आती है तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच करवाई जा रही है।

# एलिवेटेड रोड पर गले में बंदूक की माला लहराते बनाई रील

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एलिवेटेड रोड पर हुडदंग मचाने के दो वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिखाई दे रहा है कि कुछ युवकों ने रोड पर फॉर्च्यूनर खड़ी करके शराब पी। उसके बाद गले में बंदूक डालकर डांस किया। वीडियो रात के हैं, जिसमें 6 युवक रोड पर कार के पीछे खड़े हैं।

इसमें 2 युवकों के हाथ में शराब से भरे डिस्पोजल ग्लास नजर आ रहे हैं। दो के हाथ में लाइसेंसी बंदूक है। बाकी के दो युवक वीडियो बना रहे हैं। पहली नजर में ये दोनों बंदूकधारी प्राइवेट सुरक्षाकर्मी दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं युवकों में से किसी ने वीडियो वायरल किया है। इन्हीं युवकों ने युवकों ने एलिवेटेड रोड पर एक और वीडियो बनाया। इसमें फ ॉर्च्यूनर चलाने वाला शख्स बंदूक की नाल को शीशा खोलकर बाहर की तरफ दिखा रहा है। ऐसा लग रहा है, जैसे वो बंदूक से किसी को धमकाने की कोशिश कर रहा हो।

ट्रैफि क पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है। इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो में फॉर्च्यूनर राजा चौधरी की है। जो कविनगर थाना क्षेत्र में चिरंजीव विहार का रहने वाला है।

## संक्षिप्त समाचार



एसीपी कोतवाली नगर द्वारा थाना विजय नगर क्षेत्र में शान्ति व कानून-व्यवस्था बनाये रखने एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पैदल गश्त व संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चलाया गया।

### वैशाली में मेरा गाजियाबाद प्रभात फेरी निकाली

**गाजियाबाद।** सूखा और गीला कचरा अलग.अलग रखने के लिए गाजियाबाद में चल रहे कैंपेन की श्रृंखला में रविवार को ये कार्यक्रम वैशाली सेक्टर.एक में हुआ। नगर निगम ने इस इलाके में मेरा गाजियाबाद प्रभात फेरी निकाली। इसमें साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा शामिल हुए। प्रभात फेरी के बाद वैशाली सेक्टर-एक के पार्क में क्षेत्रीय लोगों की एक बैठक हुई। इसमें नगर आयुक्त नितिन गौड़ ने शहर की स्वच्छता को बनाए रखने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अपने घर के अंदर ही सूखाए गीलाए हानिकारक कचरा अलग-अलग रखा जाए। विधायक सुनील शर्मा ने इस पहल का स्वागत किया और लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे इसका पालन करें। टीम हंड्रेड से सुनील वैद्य, अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज, वसुंधरा जोनल प्रभारी विवेक त्रिपाठी, कविनगर जोनल प्रभारी एसके राय, निवर्तमान पार्षद मनोज गोयल आदि मौजूद रहे।

### 28 फरवरी तक धारा 144 लागू

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में एक बार फ्रि धारा 144 की समय सीमा बढ़ गई है। अब गौतमबुद्ध नगर जिले में 28 फरवरी 2023 तक धारा 144 लागू रहेगी। इसका आदेश पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से जारी किया गया है। अधिकारियों ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि अगर जिले में किसी भी व्यक्ति ने नियमों का उल्लंघन करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफसख्त एक्शन लिया जाएगा। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 28 फरवरी तक धारा 144 लागू रहेगी। इसी बीच 14 फरवरी यानी कि वैलेंटाइन डे के दिन पुलिस का जिले में सख्त पहरा होगा।यह आदेश गौतमबुद्ध नगर में अपर पुलिस उपायुक्त लॉ एंड ऑर्डर अनिल कुमार यादव ने जारी किया है।

### सॉफ्टवेयर डेवलपर से आईफोन लूटा

**नोएडा।** नोएडा में बीती रात बाइक सवार लुटेरों ने कोहराम मचा दिया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में ताबड़तोड़ लूटपाट की वारदातों को अंजाम दिया गया है। विरोध करने वालों के साथ मारपीट की गई और जानलेवा हमले किए गए हैं। अब तीसरा मामला शहर की फेज.3 कोतवाली से जुड़ा है। इलाके के सेक्टर.71 में एक सॉफ्टवेयर डेवलपर से बदमाशों ने आईफोन-4 प्रो लूट लिया। सॉफ्टवेयर डेवलपर कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाने पहुंचे। आरोप है कि उन्हें पुलिस वालों ने गुमराह किया और लूट का मुकदमा चोरी में दर्ज करने के लिए शिकायत ली। अब मामले में जांच का आदेश दिया गया है।

### ऑटो गैंग ने दो लोगों से लूटपाट

**गाजियाबाद।** ऑटो गैंग ने साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र में 29 जनवरी की रात करीब 12:30 और विजय नगर कोतवाली क्षेत्र में ढाई बजे लूट की। दोनों कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। भोवापुर के नागेंद्र गुप्त मोहन नगर चौराहा से कौशांबी के लिए आटो में सवार हुए। चालक ने वसुंधरा फ्लाईओवर के पास आटो रोक दिया। उन्हें हाथ में ब्लेड से वार करके लूटपाट की। वहीं महाराणा विहार, विजय नगर के ललित कुमार पांच सितारा होटल में शेफ हैं। नोएडा सेक्टर-62 से घर के लिए आटो में सवार हुए। उसमें पहले से सवारी बनकर बैठे दो बदमाशों व चालक ने उनके साथ मारपीट की।

# दुष्कर्म पीड़िता बोली-पुलिस बना रही केस वापस लेने का दबाव

● डीसीपी ने जांच दूसरे सर्किल को भेजी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी कि ईपीएफओ का असिस्टेंट कमिश्नर के खिलाफ दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद है।

अब इस मामले में पीड़िता ने सेक्टर-24 थाना में तैनात महिला आईओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि आईओ पल्लवी तिवारी इस मामले को रफादफा करना चाहती हैं और इसके लिए वह उनपर लगातार दबाव भी बना रही हैं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रहा है, जिसमें पीड़िता अपनी आप बीती सुना रही है। वीडियो के वायरल होने के बाद नोएडा पुलिस ने इस मामले में संज्ञान ले लिया है और तत्काल इसकी जांच दूसरे एसीपी सर्किल को दे दी है। पुलिस को बताया था कि महेश नामक एक व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर पिता को घर में घुसकर पीटा

● पुलिस ने बताया-आपसी विवाद, पीड़ित परिवार बोला- मामले को दबाया जा रहा



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दनकौर क्षेत्र से एक गांव में बच्ची से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पिता को उसके घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में पीड़ित पिता को चोट आई है।

पुलिस को मामले की शिकायत पीड़ित पिता द्वारा दी गई, लेकिन अब इस मामले में दनकौर थाना प्रभारी ने अजीबोगरीब बयान दिया है। जिसके बाद पीड़ित परिवार का कहना है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित पिता ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ शिकायत में बताया कि उनकी नाबालिग बेटी 8वीं क्लास में पढ़ती है। पीड़ित की बेटी अपनी 10 सहेलियों के साथ स्कूल जाती है।

शिकायत के मुताबिक उसकी बेटी दूसरे गांव में स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। पीड़ित ने बताया कि शनिवार को वह अपनी बेटी को लेकर स्कूल जा रहा था। रास्ते में कुछ लोगों ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की, जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसको जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता का आरोप है कि बाद में घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की गई है। इस घटना में उसको चोट आई है, जिसके बाद पीड़ित ने इस मामले की शिकायत दनकौर थाना पुलिस को दी।

वहीं दूसरी ओर अब इस मामले में पुलिस ने अजीबोगरीब बयान जारी किया है। पुलिस का कहना है कि छेड़छाड़ जैसा कोई मामला सामने नहीं आया है। यह विवाद 2 बच्चों को लेकर हुआ था। पुलिस ने पूरे मामले को खेल का विवाद बताया है। खेल के विवाद के चक्कर में दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। पुलिस ने छेड़छाड़ की बात को बिल्कुल नकार दिया है। जबकि, पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की गई है।

# अधिकारियों पर लगा एक कंपनी को फायदा पहुंचाने का आरोप

● निशाने पर नोएडा का ट्रैफिक सेल, शिकायत सीईओ तक पहुंची

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण में एक बार फिर बड़ी धांधली का मामला सामने आया है। इसको लेकर प्राधिकरण के नोएडा ट्रैफिक सेल के अधिकारियों पर आरोप लगाया गया है।

अब मामला नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी तक पहुंच गया है। आरोप है कि ट्रैफिक सेल के अधिकारियों ने एक कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए बड़ा नुकसान किया है और इसका हर्जाना प्राधिकरण को भुगतना होगा। ढींगरा ब्रदर्स इंडिया ने शिकायत करते हुए कहा कि नोएडा के सेक्टर.94, 105, 124, 127, 128, 129, 132, 142, 143, 151, 158, 159, 160 और 168 की सड़कों पर थर्मोप्लास्टिक रोड मार्किंग पेंट, रोड स्ट्डस समेत अन्य काम के लिए टेंडर जारी किए गए हैं।



ट्रैफिक सेल पर आरोप लगाया है कि एक कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर की शर्तों में कुछ विशेष शर्तों को जोड़ दिया गया।

टेंडर के तहत मैटेरियल टेस्ट सर्टिफि केट किसी विशेष टेस्ट लेबोरेट्री का ही होना सुनिश्चित नहीं किया गया है। इससे साफ है कि सेल के अधिकारियों ने कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर में मनचाही शर्तें जोड़ दी। इन शर्तों के कारण हमारी कंपनी को टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा लेने से वंचित किया गया। कंपनी ने सीईओ से इस टेंडर को निरस्त कर इस मामले की जांच करा ट्रैफिक सेल के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस बारे में नोएडा ट्रैफिक सेल के डीजीएम एसपी सिंह का कहना है कि टेंडर की शर्तें बिल्कुल सही हैं। किसी भी कंपनी को फायदा या नुकसान पहुंचाने की मंशा से टेंडर जारी करने का मतलब ही नहीं उठता। गौरतलब है कि पिछले महीने ही वर्क सर्किल-1 की ओर से पार्किंग चलाने के लिए एक ऐसी कंपनी का लगभग चयन कर लिया गया था। जिसके खिलाफ एफआईआर दर्ज थी। सीईओ के मामला संज्ञान में आने पर टेंडर को निरस्त कर दिया गया था।



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और एसीपी नंदग्राम द्वारा थाना नंदग्राम क्षेत्रान्तर्गत व्यापारियों के साथ उनकी समस्या को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई।

# एक माह में एक हजार लोगों को कुत्तों ने काटा

● प्रतिदिन जिला अस्पताल में लगभग 3 दर्जन लोग टीका लगवाने पहुंच रहे



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की हाल के महीनों में शुरू हुई डॉग पॉलिसी धरातल पर उतरती हुई नजर नहीं आ रही है। शहर में लगातार कुत्तों की काटने की घटना में बढ़ोतरी हो रही है।

जनवरी में एक हजार से अधिक लोगों को कुत्तों ने घायल किया हैं। प्रतिदिन जिला अस्पताल में लगभग 3 दर्जन लोग टीका लगवाने पहुंच रहे हैं। शहरवासियों के अनुसार, शहर में प्राधिकरण की डॉग पॉलिसी लागू होने का भी कोई खास असर नहीं दिख रहा है। कुत्तों के अलावा कई जगह बंदर भी लोगों के डर का कारण बने रहे हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ पवन कुमार अरुण ने बताया कि एआरवी सेंटर में वैक्सीन लगवाने वालों में कोई खास कमी दर्ज नहीं की गई है। पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन का उपलब्ध है। उन्होंने जनवरी में करीब 4600 लोगों ने एआरवी सेंटर पहुंचकर वैक्सीन की पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी डोज ली है। इनमें 2380 लोग नोएडा और 2220 लोग दिल्ली.गाजियाबाद के शामिल हैं। इनमें 1260 न्यू अशोक नगर और 960 खोड़ा से पहुंचे, यानि करीब 50 प्रतिशत वैक्सीन पड़ोसी शहरों के लोगों को लगाई गई है। शहर के कॉलोनियों ग्रामीण इलाकों से लेकर पॉश सेक्टरों तक कुत्तों का झुंड राह चलते लोगों पर अटैक कर रहे हैं। नोएडा अथॉरिटी ने पालतू कुत्तों के पंजीकरण की प्रक्रिया को अंजाम देने के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई भी शुरू करने का दावा किया था लेकिन इसका असर गाइडलाइन बनाने के कुछ दिन बाद तक दिखा।

फिलहाल पॉलिसी का असर कम दिख रहा है। आपको बता दें कि कुछ महीने पहले शहर के सेक्टर-100 की एक हाउसिंग सोसायटी में मजदूर परिवार की बच्ची को आवारा कुत्ते ने काट लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में छा गया था। इसके बाद नोएडा अथॉरिटी ने नई डॉग पॉलिसी बनाया था।

# लूटपाट का विरोध किया तो युवक पर जानलेवा हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में बीच सड़क पर एक युवक से लूट का प्रयास किया। आरोप है कि जब युवक ने लूट का विरोध किया तो बाइक सवार 3 बदमाशों ने युवक के साथ मारपीट की है।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने नोएडा के सेक्टर-63 थाने में इस घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक अमन कुमार सक्सेना नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन की तरफसे छिजारसी की तरफ जा रहे थे। रास्ते में वह शनिदेव मंदिर के पास शौचालय करने के लिए रुके थे। अमन कुमार सक्सेना बाइक पर सवार थे।

पीड़ित युवक का कहना है कि जब वह शनि देव मंदिर के पास रुके तो 3 बदमाश एक बाइक पर सवार होकर उनके पास आ गए। अमन कुमार सक्सेना का आरोप है कि पहले बदमाशों ने उनसे टाइम पूछा और फिर उनके साथ लूटपाट करने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की है। पीड़ित युवक का आरोप है कि बदमाशों ने उनके ऊपर ब्लेड से हमला किया है। इस मामले में नोएडा सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

## महापौर चुनाव

# मेयर मिलेगा या करना होगा अभी इंतजार, फैसला आज

### छह और 24 जनवरी हो हंगामे की भेंट चढ़ चुका है महापौर का चुनाव, आज भी हंगामे के आसार



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की तीसरी बैठक में दिल्ली को मेयर मिलेगा या और करना होगा इंतजार इसके लिए सोमवार का दिन काफी अहम है। इस दिन महापौर, उपमहापौर और स्थयी समिति के सदस्यों का चुनाव होगा।

इससे पहले जनवरी में एमसीडी सदन में भाजपा और आम आदमी पार्टी के हंगामे की वजह से पीठासीन अधिकारी को चुनाव स्थगित करना पड़ा था। डीएमसी एक्ट 1957 के मुताबिक, एमसीडी चुनाव के बाद सदन की पहली ही बैठक में मेयर और उप मेयर का चुनाव होना चाहिए। हालांकि दिल्ली नगर निगम चुनाव को खत्म हुए करीब दो महीने हो गए हैं लेकिन अब तक मेयर का चुनाव नहीं हो सका है। इससे पहले एमसीडी सदन की बैठक छह जनवरी और 24 जनवरी को दो बार बुलाई गई थी, लेकिन हंगामे के चलते महापौर का चुनाव कराए बिना कार्यवाही स्थगित करना पड़ा था।

पिछले साल चार दिसंबर को संपन्न चुनाव के बाद 250 सदस्यीय निकाय सदन का पहला सत्र पूरी तरह से बेकार चला गया जबकि दूसरे सत्र में नामांकित सदस्यों के शपथ लेने के बाद निर्वाचित पार्षदों ने शपथ ली।

शपथ लेने की कार्यवाही पूरी होने के बाद सदन के दूसरे सत्र को पीठासीन अधिकारी और भाजपा पार्षद सत्या शर्मा ने अगली तारीख के लिए स्थगित कर दिया। भाजपा सदस्यों ने चेम्बर के बाहर आप विरोधी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की जबकि आप सदस्यों ने सदन में करीब पांच घंटे तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

निकाय सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राज्य सभा सदस्य संजय सिंह सहित आप नेताओं ने दावा किया कि महापौर का चुनाव नहीं होने दिया जा रहा है और भाजपा लोकतंत्र का गला घोंटकर खतरनाक परंपरा शुरू कर रही है।

एमसीडी चुनाव में आप 134 पार्षदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी जबकि भाजपा को 104 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस ने नौ सीटें जीती थीं। छह फरवरी को बुलाई गई सदन की बैठक में भाजपा ने महापौर पद के लिए रेखा गुप्ता को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं आप की ओर से शैली ओबरॉय महापौर पद की दौड़ में शामिल हैं। उप महापौर के लिए आप और भाजपा ने क्रमश: आले मोहम्मद इकबाल और कमल बागरी को मैदान में उतारा है। सोमवार को महापौर और उप महापौर के साथ एमसीडी की स्थाई समिति के छह सदस्यों का भी चुनाव होना है।



दिल्ली नगर निगम की पिछली बैठक में हंगामा करते भाजपा और आप के पार्षद व अन्य। फाइल फोटो

- दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 के तहत सदन की पहली बैठक में ही हो जाना चाहिए चयन

## एल्डरमैन को मतदान करने से रोका जाए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

महापौर, उपमहापौर और स्थायी समिति के सोमवार को होने वाले चुनाव में हंगामा के आसार है।

आम आदमी पार्टी के सभी 135 पार्षदों ने रविवार को एमसीडी के पीठासीन अधिकारी को पत्र मेयर, डिप्टी मेयर और स्थायी समिति के चुनाव में एल्डरमैन के मतदान करने पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है। आप पार्षदों ने तर्क दिया है कि मनोनीत पार्षद संविधान और डीएमसी अधिनियम के अनुसार मतदान नहीं कर सकते हैं।

साथ ही उन्होंने चुनाव से पहले भाजपा नेता की हरकतों के बारे में अपनी चिंताओं से अवगत कराया है जो चुनाव को प्रभावित करने और हेरफेर करने की मंशा को दर्शाता है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि एल्डरमैन की ओर से चुनाव में मतदान करने का कोई भी प्रयास सीधे तौर पर दिल्ली के लोगों के जनादेश का तिरस्कार और अपमान होगा।

आम आदमी पार्टी के पार्षदों ने पीठासीन अधिकारी को लिखे पत्र में हवाला दिया कि संविधान के अनुच्छेद 243आर के अनुसार और जैसा कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 3 (बी) (1) के प्रावधान में भी कहा गया है कि, नामित सदस्य (एल्डरमैन) मेयर, डिप्टी मेयर और स्थाई समिति के चुनावों में मादतान करने के हकदार नहीं हैं। इसलिए एमसीडी के प्रोटेम स्पीकर का यह कर्तव्य बनता है कि वे भारत के संविधान के कानून का सम्मान करें और यह सुनिश्चित करें कि मनोनीत सदस्यों को मतदान से वंचित करने वाले इन कानूनों को अक्षरश: लागू किया जाए।

# अब स्कूलों में प्रधानाध्यापक नियुक्ति पर छिड़ी रार

- उपराज्यपाल ने पूछा है कि स्कूलों में प्रिंसिपल होना चाहिए या नहीं : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



स्कूलों में प्रिंसिपलों की नियुक्ति के मुद्दे पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली सरकार के बीच जुबानी जंग तेज होती जा रही है। एलजी द्वारा प्रिंसिपल की भर्तियों को लेकर पेश किए गए तथ्यों और एलजी द्वारा प्रिंसिपल के 244 पदों पर नियुक्ति रोकने पर एलजी पर बिफर पड़े।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने एलजी सक्सेना को 370 प्रिंसिपलों की नियुक्ति के लिए फाइल भेजी गई थी जबकि उन्होंने 126 प्रधानाचार्यों की नियुक्ति का रास्ता साफ किया है साथ ही दावा किया कि दिल्ली सरकार इसे रोक कर बैठी थी और एलजी द्वारा ही इसे मंजूरी दी गई है। मनीष सिसोदिया ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एलजी का हास्यास्पद व असंवेदनशील सवाल करते हुए पूछा कि स्टडी करवाओं की स्कूलों में प्रिंसिपल की जरुरत है या नहीं जबकि हर स्कूल में प्रिंसिपल होना चाहिए-क्या इसकी स्टडी की जरुरत है। अगर स्टडी ही करनी है तो ये स्टडी करवाइए की दिल्ली में उपराज्यपाल का पद होना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा कि एलजी ने असंवैधानिक तरीके से सर्विसेज डिपार्टमेंट पर कब्जा नहीं किया होता तो हर स्कूल में प्रधानाचार्य होता। दिल्ली सरकार के पास सर्विस डिपार्टमेंट होता तो प्रिंसिपल नियुक्ति की फाइल 8 साल से नहीं घुमती और 1 महीने में ही सारी भर्तियाँ होती। एलजी-केंद्र को सर्विस डिपार्टमेंटग पर कब्जा करने की जिद्द है लेकिन उन्हें प्रिंसिपल की नियुक्ति करवाने की चिंता नहीं है।

एलजी सिर्फ दादागिरी दिखाना चाहते है कि सर्विस डिपार्टमेंट उनके पास है तो वो प्रिंसिपलों की नियुक्ति नहीं होने देंगे। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बात कि संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ये कह रहा है कि एक चलते हुए स्कूल में प्रिंसिपल चाहिए या नहीं चाहिए इसकी स्टडी करवा लो। सिसोदिया ने कहा कि उपराज्यपाल कार्यालयग द्वारा जारी किया गया बयान सिर्फ झूठ का पुलिंदा है। केंद्र सरकार और एलजी को दिल्ली के 18 लाख बच्चों की कोई चिंता नहीं है, उनकी ये प्राथमिकता नहीं है कि वो स्कूलों में प्रिंसिपल की भर्ती करवा दें। उनकी सिर्फ यह जिद है कि दिल्ली पर केंद्र और उनका कब्जा होना चाहिए। वर्ष 2015 में जब आम आदमी की सरकार बनी तब सर्विस डिपार्टमेंट अरविंद केजरीवाल के पास था। उस समय मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री द्वारा फैसला लिया जाता था। उस दौरान दिल्ली सरकार ने 5 सालों से अटकी प्रिंसिपलों की भर्तियाँ करवाई। साथ ही सरकार ने प्रिंसिपलों के 370 पोस्टों पर नियुक्ति का प्रस्ताव यूपीएसई को भेजा लगभग उसी आसपास केंद्र सरकार ने संविधान को दरकिनार करते हुए सर्विस डिपार्टमेंट पर कब्जा किया।

यूपीएसई द्वारा जब इस प्रस्ताव पर कुछ सवाल किए तो केंद्र सरकार और एलजी द्वारा शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग को बिना जानकारी दिए यूपीएसई को ऐसे जबाव भेजे जिससे यूपीएसई संतुष्ट न हो सका। इसका नतीजा है की 370 प्रिसिपल्स की नियुक्ति का रास्ता साफ नहीं हो सका। जब स्थिति बिगडती चली गई तो उन्होंने अपने अधिकारीयों के साथ मिलकर यूपीएसई से बात की और इसका नतीजा रहा कि उनकी सरकार के प्रयासों के कारण स्कूलों में नए सिरे से प्रिंसिपल के बहाली का रास्ता साफ हो सका।

सिसोदिया ने कहा कि इन 244 स्कूलों में भी प्रिंसिपल चाहिए। उपराज्यपाल जाकर देखें कि ये स्कूल बिना प्रिंसिपल के चल रहे है और उन्हें उपप्रधानाचार्या से स्कूल चलवाने पड़ रहे हैं।

## संसद ने भी माना, दिल्ली की वायु गुणवत्ता में हुआ सुधार : मुख्यमंत्री



- आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार अच्छे, संतोषजनक व मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दावा किया कि संसद ने भी माना है कि राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। संसद में हाल ही पेश आर्थिक सर्वेक्षण में जिक्र किया गया है कि अच्छे, संतोषजनक और मध्यम वायु गुणवत्ता श्रेणी के दिनों की संख्या वर्ष 2016 के 108 की तुलना में वर्ष 2021 में बढ़कर 197 हो गई।

उन्होंने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए दिल्ली वालों के निरंतर प्रयास को श्रेय दिया। अरविंद केजरीवाल रविवार को ट्विटर पर मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें बताया गया है कि आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 में उल्लेख किया गया है कि अच्छे , संतोषजनक और मध्यम वायु गुणवत्ता श्रेणी के दिनों की संख्या वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2021 में 89 दिनों की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि लोग यदि ठान लें, तो हर मुश्किल काम संभव है। इसी तरह आने वाले समय में हमें वायु गुणवत्ता में अभी और भी सुधार करना है।

आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि अच्छे , संतोषजनक और मध्यम वायु गुणवत्ता श्रेणी के दिनों की संख्या वर्ष 2016 के 1 246 की तुलना में 2021 में घटकर 168 हो गई। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शून्य से 50 के बीच अच्छा , 51 और 100 के बीच संतोषजनक , 101 और 200 के बीच मध्यम , 201 और 300 के बीच खराब , 301 और 400 के बीच बेहद खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार



जंतर मंतर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा का धरना। फोटो: रंजन डिमरी

### आप सरकार के विरोध में भाजपा ओबीसी मोर्चा का धरना

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार की ओबीसी विरोधी मानसिकता के खिलाफ भाजपा ओबीसी संघर्ष संयुक्त समिति ने रविवार को जंतर मंतर पर खिलाफ धरना दिया। मोर्चा के संयोजक सुनील यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ओबीसी कार्यकर्ताओं के साथ अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण और महामंत्री निखिल आनंद सहित कई ओबीसी समाज के कार्यकर्ता मौजूद थे। डॉ के लक्ष्मण ने कहा कि एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जो सबका साथ सबका विकास के सूत्रधार बनाकर समाज के सभी वर्गों को मुख्य धारा में जोड़ने का काम कर रहे हैं और दूसरी तरफ दिल्ली में एक ऐसी सरकार है जो ओबीसी समाज को उसके मुल अधिकार से वंचित कर रखा है। सुनील यादव ने कहा कि ओबीसी संघर्ष संयुक्त समिति केजरीवाल सरकार से मांग करती है कि जल्द-से-जल्द विधानसभा का सत्र बुलाये। इस अवसर पर निखिल ने भी अपने विचार रखे।

### वाहन चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। ये लोग शराब तस्करी करने के लिए वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। वाहन चोरों के कब्जे 8 लूटे हुए वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस ने 2 फरवरी को अपराधियों पर मुखबिर से मिली जानकारी पर नरेला औद्योगिक क्षेत्र में जाल बिछाकर आरोपी हरिचंद्र उर्फ दीपक को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह अपने भाई सचिन और अपने दोस्त विशाल उर्फ हिमांशु के साथ मिलकर वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। चोरी किए हुए वाहनों को गौरव नाम के व्यक्ति को भेजते थे।

### जेएनयू में एसईआईएल सदस्यों का स्वागत

**नई दिल्ली।** छात्रों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा देने के मकसद से स्टूडेंट एक्सपिरियंस इन इनटर स्टेट लिविंग काम करने का एक मंच है। युवाओं के बीच भावनात्मक बंधन बनाने के प्रयास में (एसईआईएल) देशभर से आये प्रतिनिधियों को अन्य राज्यों में मेजबान परिवार के साथ रहने और उनके साथ भावनात्मक संबंध स्थापित करने का कार्य करता है, जहां उन्हें अतिथि के रूप में नहीं बल्कि परिवार के सदस्य के रूप में माना जाता है। करीब तीस छात्रों का एक प्रतिनिधि मंडल गत तीन फरवरी को जेएनयू पहुंचा है। ये लोग यहां ऐसे रहेंगे जैस परिवार में रहते है। उनके स्वागत में एबीवीपी जेएनयू के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सामुदायिक केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

### शरजील इमाम की जमानत पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों के पीछे कथित साजिश से जुड़े गैर-कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम मामले में जेएनयू के छात्र शरजील इमाम की जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय सोमवार को सुनवाई करेगा। इस मामले में इमाम को जमानत देने से इनकार करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ अप्रैल 2022 में याचिका दायर की गई थी। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति रजनीश भटनागर की पीठ सोमवार को इस याचिका पर सुनवाई करेगी।

## राजधानी को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए निकाली साइकिल रैली

- डेनमार्क दूतावास से राजदूत फ्रेडी स्वाने ने झंडी दिखाकर रवाना किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राजधानी को 100 दिन में प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिल्ली नगर निगम, डेनमार्क के दूतावास और कंफेडरेशन ऑफ इंडियन साइकिलिस्ट के संयुक्त संयोजन में किया गया।

इस अभियान का शुभारंभ उपराज्यपाल 100 दिन में प्लास्टिक से मुक्ति अभियान किया गया था, इसके अंतर्गत स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त दिल्ली के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए साईकिल रैली का आयोजन किया गया। डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वाने ने डेनमार्क के दूतावास से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें प्लास्टिक के इस्तेमाल के विरुद्ध जागरूकता अभियान में 150 साइकिल सवारों ने भाग लिया।

साइकिल रैली डेनमार्क के दूतावास से आरंभ होकर मूलचंद पुल पर समाप्त हुई। साइकिल रैली सत्या मार्ग, मुद्रिका मार्ग और साउथ कैंपस इत्यादि क्षेत्रों से होकर निकली। साइकिल रैली में मध्य क्षेत्र के उपायुक्त अमित शर्मा, कंफेडरेशन ऑफ इंडियन साइकिलिस्ट के अध्यक्ष रतन रंजन सहित निगम के अधिकारीगण, 150 साइकिल सवार एवं आरडब्ल्यूए एवं एम टी ए के सदस्यों और आम जनता ने भाग लिया।

## भलस्वा डेयरी हत्याकांड का मुख्य आरोपी पकड़ा

- पिछले साल अक्टूबर में हुई घटना, तभी से फरार था आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले साल भलस्वा डेयरी इलाके में हुई एक व्यक्ति की हत्या के मुख्य आरोपी गौतम कुमार (23) को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। भलस्वा डेयरी का निवासी आरोपी पिछले साल अक्टूबर में हुई घटना के बाद से ही फरार था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी के दो अन्य साथी इस्तेकर उर्फ रॉकी और अजय को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था और चौथे आरोपी रिजवान की तलाश जारी है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव ने कहा कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि भलस्वा डेयरी इलाके में हुई हत्या का एक आरोपी भलस्वा झील के पास आएगा, जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान कुमार ने खुलासा किया कि उसका, इस्तेकार, अजय और रिजवान का अजरुद्दीन नामक एक व्यक्ति के साथ पैसों को लेकर विवाद था। भलस्वा निवासी सभी आरोपी पिछले साल 25-26 अक्टूबर की रात अजरुद्दीन के पास गए और उसे पीटना शुरू कर दिया।

जिसके बाद उन्होंने अजरुद्दीन के घर पर फोन करके परिजनों को 30,000 रुपए लाने को कहा था। उन्होंने बताया कि इस दौरान आरोपी अजरुद्दीन को पीटते रहे और बाद में उसे बेहोशी की हालत में छोडक़र चले गए,जिससे उसकी मौत हो गई।

# जी-20 फूड फेस्टिवल में चखें दुनिया भर के व्यंजन

### तालकटोरा स्टेडियम में 11 और 12 फरवरी को 29 अतिथि देशों को भाग लेने के लिए किया गया आमंत्रित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा 11 और 12 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में टेस्ट द वर्ल्ड और इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स की थीम पर जी 20 फूड फेस्टिवल आयोजित करने जा रही है। इस फूड फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य जनता के लिए जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के भोजन के व्यंजनों का आनंद एक ही स्थान पर पहुंचाना है। जी-20 के सभी सदस्य देशों और अतिथि देशों को इस जी-20 फूड फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। एनडीएमसी ने जी-20 सदस्य देशों सहित 29 देशों को इस फूड फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है ।

एनडीएमसी सभी इच्छुक जी-20 सदस्य देशों और अन्य अतिथि देशों को यहां आवश्यक स्थान / स्टॉल और अन्य ऑन-साइट लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करेगी। एनडीएमसी आवश्यकता के अनुसार ऑनसाइट बिजली/पानी के कनेक्शन और डस्टबिन भी प्रदान करेगी । इच्छुक जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों को विभिन्न व्यंजनों का जायका उठा सकते हैं। यह फूड फेस्टिवल अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों से परिचित कराने के साथ ही लोगों को इसका जायका लेने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही पोषण स्वास्थ्य और भोजन की तैयारी पर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके साथ ही भोजन तैयार करने की कार्यशालाएं या लाइव प्रदर्शन काउंटर भी इस भोजन उत्सव का हिस्सा होंगे।

## उपराज्यपाल ने तैयारियों का लिया जायजा



***नई दिल्ली।*** *जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मैराथन स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके पहले 2 फरवरी को उच्च स्तरीय समिति की बैठक की थी, इसी के मद्देनजर उन्होंने यह दौरा किया। राज्यपाल ने पूरे में 29 किलोमीटर पैदल चले, उनके साथ मुख्य सचिव और डीडीए, एनडीएमसी, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, एएसआई, दिल्ली पुलिस, परिवहन, पर्यटन, डीटीटीडीसी और रेलवे आदि विभागों के प्रमुख थे। एलजी ने आईएसबीटी, हनुमान मंदिर, सलीमगढ़ किला, लाल किला, यमुना के साथ बाहरी रिंग रोड और समाधि खंड से शुरू होने वाले क्षेत्रों का दौरा किया। इसके बाद, आईटीपीओ परिसर, मथुरा रोड और भैरों मार्ग का निरीक्षण किया। इसके बाद कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कुतुब मीनार और महरौली पुरातत्व पार्क का भ्रमण कर स्थिति और तैयारियों की समीक्षा की।*

## अपने छात्रों का इंतजार करती कॉलेज की दीवारें

- हंसराज कॉलेज में एल्युमनाई मीट 'कन्वर्जेंस: 2023' में देश विदेश के पूर्व छात्रों ने की सहभागिता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



विशिष्ट अतिथि उद्यमी नवीन जिंदल को सम्मानित करती प्रिंसिपल रमा।

कॉलेज की दीवारें अपने विद्यार्थियों का इंतजार करती हैं, यह कहना है हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर रमा का। हंसराज कॉलेज के अमृत वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित एल्युमनाई मीट का रविवार को आयोजन किया गया। जिसमें करीब लगभग 600 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष रामनिवास गोयल, विशिष्ट अतिथि उद्यमी नवीन जिंदल ,एसर ग्रुप ऑफ कंप्यूटर्स के प्रबंध निदेशक हरीश कोहली ,इन्वेस्ट इकोनॉमिक्स के चेयरमैन सचिन गुप्ता, नैक संस्था के पूर्व चेयरमैन और प्रसिद्ध शिक्षाविद् प्रोफेसर वी एस चौहान ,उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सुरक्षा) बिनोद कुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे। हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर रमा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दिए गए ओजस्वी वक्तव्य ने कॉलेज की गरिमामयी परम्परा के साथ ही साथ पूर्व छात्रों की यादों को जीवंत कर दिया। हरीश कोहली ने यह विश्वास दिलाया है कि कॉलेज के लिए जो भी आवश्यक तकनीकी सहयोग अपेक्षित होगा, उसे पूर्ण करने के लिए उनका समूह तत्पर रहेगा। आयोजन में महेंद्र गोयल, अध्यक्ष, हंसराज कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन विशेष योगदान दिया।

# बाइक सवार बदमाशों ने भट्ठा कारोबारी पर गोलियां दागीं, बाल-बाल बचा

## छह दिन पहले थी बदमाशों भट्ठा कारोबारी को दी थी जान से मारने की धमकी

**बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने चार राउंड फायरिंग की**

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भोंडसी** थाना के गांव अलीपुर में तीन नाकाबपोश बदमाशों ने भट्ठा कारोबारी पर सुबह 6 बजे जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ चार गोलियां दागीं। भट्ठा कारोबारी ने दरवाजे के पीछे छिप कर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित के मुताबिक उसने हमलावरों में से एक को पहचान लिया था।

भोंडसी थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव अलीपुर निवासी भट्ठा कारोबारी बेदराम राठी रविवार सुबह 6 बजे उठे थे। वह अपने कमरे से निकल कर शौचालय की ओर जा रहे थे इसी समय उन पर आम रास्ते की ओर से फायरिंग शुरू हो गई। बचने के लिए वह आनन फानन दरवाजे के पीछे छिप गए। बेदराम राठी के मुताबिक बदमाशों ने उन पर एक बाद एक चार राउंड फायर किए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के मकानों में सो रहे ग्रामीणों की आंख खुल गई लेकिन लोग बेदराम राठी के घर के बाहर खड़े हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों को देख घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। बदमाश करीब 30 मिनट तक बेदराम राठी के घर के बाहर खड़े रहे। उसके बाद बाइक पर सवार होकर भाग गए। जिनमें से एक की पहचान सुनील के रूप में हो गई है तथा दो बदमाश पास का गांव हरियाहेड़ा निवासी बताए जा रहे हैं। बदमाशों की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। बदमाशों के जाते ही ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल बेदराम राठी के घर हाल चाल जानने के लिए पहुंच गए। इस हमले में कोई जान व माल की हानि नहीं हुई।





भोंडसी थाना के गांव अलीपुर में भट्ठा कारोबारी पर हुआ जान लेवा हमले में चलाई गई गोली के दरवाजे पर लगे निशान देखते लोग।

### गांव में बैरिकेडिंग और पुलिस गश्त की मांग

रविवार की सुबह ही गांव अलीपुर में बदमाशों द्वारा भट्ठा कारोबारी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग किए जाने की घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। सुबह 9 बजे ग्रामीणों की पंचायत हुई। पंचायत में गांव में फिर नाके लगवाने और पुलिस की गश्त बढ़ाए जाने की मांग किए जाने का फैसला लिया गया। यह भी तय हुआ कि कोई भी ग्रामीण बदमाशों का साथ नहीं देगा।

### सोनू ने दी थी बेदराम को धमकी

बेदराम राठी ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गांव का ही निवासी बदमाश सोनू ने उसे 6 दिन पहले फोन पर जान से मार देने की धमकी देते हुए ग्लोबल हाई सोसायटी में भवन निर्माण सामग्री सप्लाई रोकने को कहा था। सोनू ने उसे फोन पर बताया था कि ग्लोबल हाई सोसायटी में उसका ठेका है। लेकिन बेदराम ने सोनू की इस धमकी की शिकायत पुलिस में नहीं की थी। सोनू एक माह पहले जिला जेल से जमानत पर छूटा है। सोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर गांव के ही निवासी गैंगस्टर अशोक राठी की हत्या की थी। पुलिस ने बेदराम राठी से मिली शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे में कैद वारदात के आधार पर बदमाशों की पहचान करेगी। नामजद समेत सभी बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने में जुट गई है।

**अजय कुमार-थाना प्रभारी भोंडसी**

## सोहना अपराध शाखा ने बदमाश को हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफसोहना शहर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। शनिवार को सोहना अपराध शाखा पांच पुलिस में तैनात दीपचंद को गश्त के दौरान सूचना मिली कि गांव बाबला थाना तावडू निवासी तारीफ उर्फ मोटा बदमाशी करता है। वह आज सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग के अंसल मोड़ पर खड़ा है। वह किसी अपराधीक वारदात को अंजाम देने वाला है। एएसआई दीपचंद ने अन्य साथियों की मदद से अंसल मोड़ पहुंच बदमाश तारीफ उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से तलाश के दौरान एक देशी कट्टा व उसमें लोड एक कारतूस बरामद किया है। जानकारी के अनुसार तारीफ पहले भी कई बार जेल जा चुका है। जिसके खिलाफ सोहना समेत जिला नूंह के अलग-अलग थानों में मामले दर्ज है।

## पुलिस ने सट्टाखाई करने वाले को किया गिरफ्तार

**सोहना।** पुलिस ने सामान्य बस स्टैंड पर बैठकर सरेआम नागरिकों का सट्टा खिलाने के लिए आवाजें लगाने वाले खाईवाल को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके पास से तलाशी के दौरान सट्टा पर लगाई गई करीब 11 हजार रुपये की राशि बरामद की है।अपराध शाखा सिकन्दरपुर में तैनात हवलदार अनिल कुमार गश्त के दौरान शहर की चुंगी नंबर दो पर खड़ा था। हवलदार अनिल को सूचना मिली कि जिला नूंह का गांव भिरावटी निवासी कृष्ण सामान्य बस स्टैंड परिसर में खड़ाकर आम नागरिकों को 10 का 90, 10 का 90 कमाने की आवाजें लगा रहा था। जिसका मतलब 10 रुपये लगाओ और 90 रुपये मुनाफे कमाओ को कह रहा था। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कृष्ण को दबोच लिया। जिसके द्वारा पहने हुए कपड़ों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कृष्ण के पास से सट्टा के अलग-अलग नंबरों पर लगाई गई 11 हजार 20 रुपये बरामद किए है। इसके अलावा पेन व सट्टा का नंबर लगा हुआ कागज भी बरामद किया है।

## पुलिस ने दो सट्टाखाई करने वालों को दबोचा

**सोहना।** पुलिस की दो टीमों ने शहर के दो अलग-अलग स्थानों पर छापा डाल कर दो सट्टेबाज गिरफ्तार किए हैं। उनके पास से 7560 रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ शहर थाना में मामला दर्ज किया है। सोहना अपराध शाखा पांच में तैनात हवलदार विरेन्द्र ने शनिवार को शहर के नागरिक अस्पताल मार्ग पर सरेआम सट्टाखाई करने के आरोप में वार्ड-20 की बांध कॉलोनी निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया। जिसके पास से तलाशी के दौरान 2330 रुपये बरामद हुए। वहीं शहर थाना में तैनात एएसआई कृष्णचंद ने शहर के बालूदा मार्ग पर हरिनगर कॉलोनी के निकट बना शराब के ठेका निकट सरेआम सट्टा खाई कर रहे हरिओम को गिरफ्तार किया। जिसके पास तलाशी के दौरान 5230 रुपये बरामद किए। गिरफ्तार किए गए सट्टा खिलाने के आरोपियों पर मामले दर्ज किए गए है। जिन्हें पुलिस ने निजी मुचलके पर छोड़ दिया।

## दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर उद्घाटन को लेकर जबरदस्त तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**दिल्ली**-वडोदरा एक्सप्रेस वे मार्ग के उद्घाटन को लेकर एलिवेटेड मार्ग पर बने यू-टर्न की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे मोड़ सड़क किनारे खालीपट्टियों को हरियाली से हरा भरा बनाने से लेकर साफ-सफाई और सड़क किनारे लगे डिवाइडरों पर पेंट किया जा रहा है दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस वे मार्ग के पहले चरण में होने वाला 12 फरवरी को 230 किलोमीटर का उद्घाटन को लेकर जोरदार तैयारियां शुरु हो गई है। एलिवेटेड मार्ग पर गांव अलीपुर में बने एक्सप्रेस वे मार्ग के यू टर्न को हरियाली से हरा भरा बनने की कवायद से लेकर सड़कों के साथ किनारियों पर काला-सफेद पेंट करके सजाया जा रहा है। यू टर्न और सड़क के साथ खाली लगती जमीन पर पौधे, घास और सुगंधित फूलों वाले पौधे लगाए जा रहे हैं। दिल्ली-वडोदरा यू टर्न को दुल्हन की तरह से सजाया जा रहा है। वाहन चालको के लिए एलिवेटेड मार्ग के साथ बने दोनों तरफ शौचालयों की दीवारों को स्वच्छता का संदेश के साथ पेंटिंग किया गया है। सड़क बीच बने डिवाइडरों पर भी फूल वाले पौधे लगाने के साथ खर पतवार और जंगली घास को उखाड़ा जा रहा है। यू टर्न चौक की सड़कों पर साइन बोर्ड लगा दिए गए है। ताकि वाहन चालक को अपने सफर के मार्ग को जानने में सुविधा हो सके एलिवेटेड मार्ग के ऊपर बना दिल्ली-वडोदरा मार्ग के यू टर्न चौक को सुन्दर रूप दिया जा रहा है। चौक पर खुशबू देने वाले फूल पौधों को लगाना शुरु कर दिया गया है।



गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर साफ सफाई करते हुए कर्मचारी।

## दोस्त के साथ घर से गया डॉक्टर संदिग्ध हालत में लापता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के बालूदा मार्ग पर रहने वाले डॉक्टर अपने दोस्त के साथ संदिग्ध हालत में लापता हो गया। डॉक्टर को उसका दोस्त दो दिन पहले घर से बुलाकर ले गया था। डॉक्टर की मां की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद लापता डॉक्टर व उसके दोस्त की तलाश शुरु कर दी है।

शहर के बालूदा मार्ग पर रहने वाली मैदानी पत्नी नरेश राठौड़ ने शहर थाना पुलिस को बताया कि उसे दो बेटे हैं। बड़ा बेटा दुष्यंत राठौड़ डॉक्टर है तथा छोटा बेटा ईएसआई में फार्मेसिस्ट है। शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बड़े बेटे का दोस्त बिजेन्द्र बॉक्सर उसके घर आया। बिजेन्द्र बॉक्सर उसके बेटे दुष्यंत से उपचार लेता है। इसलिए, उससे जान पहचान बनी हुई है। बिजेन्द्र ने दुष्यंत को कहा कि तेरी जान पहचान अच्छी है। मेरी पत्नी का तबादला करवा दे और बिजेन्द्र दुष्यंत को अपने साथ लेकर चला गया। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी बेटा दुष्यंत घर वापस नहीं आया और नही उसका मोबाइल फोन लग रहा है। मैदानी ने बताया कि बिजेन्द्र बॉक्सर को मोबाइल भी बंद जा रहा है। पुलिस ने पीड़िता महिला की शिकायत पर बेटा व उसके दोस्त के लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है।




**डॉक्टर की मां की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने किया मामला दर्ज**

## गुरुग्राम में संत रविदास जी के नाम से हो एक पार्क: नवीन गोयल



646वीं जयंती समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**सामाजिक एकता और समरसता के प्रतीक गुरु रविदास**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कहा है कि गुरुग्राम में एक पार्क का नाम गुरु रविदास जी के नाम से हो। सामाजिक एकता और समरसता के प्रतीक गुरु रविदास जी का समग्र जीवन समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। यह बात उन्होंने श्री गुरु रविदास सभा गुड़गांव द्वारा श्री गुरु रविदास मंदिर जैकबपुरा में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 646वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। बेहतर आयोजन के लिए उन्होंने योगिन्द्र सिंह और उनके साथियों को बधाई दी।

नवीन गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार ने महापुरुषों के जीवन से जन-जन को अवगत कराने, उनकी जयंती मनाने की जो पहल की है, वह ऐतिहासिक कदम है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, भाजपा हरियाणा प्रभारी बिप्लब देब का भी आभार जताया। नवीन गोयल ने कहा कि संत रविदास जी की शिक्षा, संस्कार और विचार हमें जीवन में उतारने चाहिए। उनकी शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। संत शिरोमणि रविदास जी ने जिस शासन सेवाभाव की कल्पना की थी, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उन्हीं भावनाओं के अनुरूप अंत्योदय उत्थान के लिए, निरंतर कार्य कर रही है। नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम में गुरु रविदास जी के नाम पर कोई सार्वजनिक स्थल का नामकरण नहीं है। इसलिए उनके नाम से शहर में किसी पार्क का नाम रखा जाए।

निवर्तमान पार्षद दलीप साहनी ने कहा कि संत गुरू रविदास जी ने समाज को अपने मन को साफ रखने का अनूठा उदाहरण पेश करके सीख दी। गुरु रविदास सभा के प्रधान योगिंद्र सिंह ने कहा कि हर साल गुरु रविदास जयंती को धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर जय भगवान, अनिल आजाद, एडवोकेट नरेंद्र सिंह, पवन साहनी, कन्हैया लाल, ज्वाला प्रसाद, भरत कुमार, विशाल कदम, वीरेंद्र, कृष्ण, युद्धवीर साहनी, जितेंद्र सिंह, रामसिंह भगत, अजय सिंह, नगेन्द्र नीमवाल, सचिन कदम, दिनेश कदम, तनिष्क तंवर, संजय, मुकेश कैम, अंबेडकर समाज से रतन लाल, ईशू बाल्मीकि, राजकुमार सिमर, ललित व अन्य जन उपस्थित रहे।

## प्राथमिक शिक्षकों को मोटिवेट करने को चलेगी सुपर-20 निपुण योद्धा स्कीम

**गुरुग्राम जिला डैशबोर्ड में नौ पायदान ऊपर**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**निपुण** हरियाणा मिशन की जिला स्टीयरिंग समिति मीटिंग विकास सदन में हुई। मीटिंग में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एफएलएन मिशन के पिछले वर्ष के तीन माह अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर के कार्यों की समीक्षा की गई। जिला परियोजना क्रियान्वयन इकाई व ब्लॉक परियोजना क्रियान्वयन इकाई के एफएलएन मिशन संबंधी बेहतरीन कार्यों की भी समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि अगली मीटिंग में और भी अच्छे शिक्षकों को बुलाया जाएगा व सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने एफएलएन में उत्कृष्ट कार्य कर रहे अध्यापकों की बेस्ट टीचिंग प्रैक्टिसेज को चिन्हित करने व बेस्ट प्रैक्टिसेज को अन्य विद्यालयों में भी शेयर करने के लिए कहा।

जिला शिक्षा अधिकारी शशि बाला ने बताया कि जिले के शिक्षकों को मोटिवेट करने के लिए सुपर-20 निपुण योद्धा स्कीम चलाई जाएगी। शिक्षकों व छात्रों के लिए टीएलएम प्रदर्शनी क्लस्टर लेवल पर लगाई जाएगी, जिसमें शिक्षक व छात्र खुद के बनाए हुए टीएलएम को प्रदर्शित करेंगे। छात्रों के लिए आओ लेख सुधारें कैंपेन चलाई जाएगी, जिससे बच्चों के सुंदर लेखन कौशल को बढ़ावा मिलेगा।

जिला समन्वयक एफएलएन मनोज कुमार लाकड़ा ने पिछले वर्ष के तीन माह अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर में एफ एल एन मिशन के अंतर्गत हुए कार्यों की प्रगति व समीक्षा को पीपीटी के माध्यम से विस्तार से बताया।



गुरुग्राम में निपुण हरियाणा मिशन की जिला स्टीयरिंग समिति की मीटिंग में मौजूद एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

## गुलमर्ग की बर्फीली वादियों में कड़ा प्रशिक्षण ले रहे सिक्स सिग्मा के डॉक्टर

### सर्च, मेडिकल रेस्क्यू व एवलांच मैनेजमेंट सीख रहे हैं सदस्य

**हरियाणा के रहने वाले हैं सिक्स सिग्मा के सीईओ डा. प्रदीप भारद्वाज**

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**दुर्गम** क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने वाली संस्था सिक्स सिग्मा के डॉक्टर भारत सरकार की विशेष पहल पर आगामी चार धाम यात्रा के लिए कश्मीर में कड़ा प्रशिक्षण, सर्च, मेडिकल रेस्क्यू व एवलांच मैनेजमेंट सीख रहे हैं। इस 6 महीने माउंटेन में ट्रेनिंग 6 महीने माउंटेन में मेडिकल सर्विस, गुलमर्ग की बर्फीली वादियों में सफेद चादर से सजी हुई धरा पर माइनस 8 तापमान, 10 फीट बर्फ पर सिक्स सिग्मा टीम जांबाज बनाकर यह कड़ा प्रशिक्षण ले रही है।

मूलरूप से हरियाणा निवासी सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डा. प्रदीप भारद्वाज के मुताबिक दुनिया की सबसे ऊंची बर्फीली चोटियों पर गुलमर्ग की वादियों में विषम परिस्थितियों में भी संस्था के सदस्य अपने कर्तव्य पर अडिग हैं।

भारतीय स्कीइंग और पर्वतारोहण संस्थान गुलमर्ग में यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्कीइंग सीखने वालों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी ट्रेंड किया जाता है। प्रशिक्षण दिलवाने का मुख्य उद्देश्य टीम में क्षमता का विकास कराना है। जिससे वे पर्वतीय क्षेत्रों की कठिन परिस्थितियों और वातावरण में होने वाले परिवर्तन से अवगत होकर सुचारू रूप से मेडिकल सेवाओं को दे सकें। गुलमर्ग में यह ट्रेनिंग 15 दिनों तक चलेगी।



गुलमर्ग में प्रशिक्षण के दौरान सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर की टीम।

## वजीराबाद गांव में स्वागत द्वार व सामुदायिक केंद्र जनता को समर्पित

### 32 लाख रुपये की लागत से गांव वजीराबाद में बनेगा स्वागत द्वार

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**केन्द्रीय** मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इन्द्रजीत सिंह ने रविवार को गांव वजीराबाद में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 32 लाख रुपये की लागत से बनाए गए 24 फीट ऊंचा स्वागत द्वार तथा 3 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए आधुनिक सामुदायिक केन्द्र आमजन को समर्पित किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में आधारभूत सुविधाओं के विकास में कमी नहीं आने दी जाएगी। क्षेत्र की आवश्यकता तथा स्थानीय नागरिकों की मांग के आधार पर यहां चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश सरकार ने ऐसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं जिनसे आमजन को लाभ हुआ है। केंद्र सरकार व हरियाणा सरकार अंत्योदय उत्थान व सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शिक्षा व स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ प्रदेश के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है।

राव इंद्रजीत ने केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर शौचालय, किसानों के खातों में पैसा डालना, उज्जवला योजना में प्रत्येक मध्यम वर्ग परिवार को आगे बढ़ाकर देश को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे देश ने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। आज केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ दिया जा जा रहा है।

इस दौरान गांव वजीराबाद के ग्रामीणों ने गांव के शमशान घाट को शिफ्ट करवाने के लिए केंद्रीय मंत्री का आभार जताया।

वजीराबाद गांव में ढाई एकड़ भूमि पर नवनिर्मित सामुदायिक केंद्र में डबल हाईट पूर्ण वातानुकूलित मल्टीपर्पज हॉल बनाया है, जिसका क्षेत्रफल 5200 वर्ग फीट है। साथ ही सामुदायिक केन्द्र में एक बड़ी किचन है, जिसका एरिया 2200 वर्ग फीट है। इसमें दो कमरे, स्टोर व 2 टॉयलेट ब्लॉक बनाए गए हैं।

उद्घाटन अवसर पर निवर्तमान मेयर मधु आजाद, पटौदी की पूर्व विधायक बिमला चौधरी, निवर्तमान निगम पार्षद कुलदीप बोहरा, नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार, कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग व सहायक अभियंता संजोग शमार सहित वार्ड के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



गुरुग्राम के गांव वजीराबाद में स्वागत द्वार व सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

## संत रविदास जी के विचारों का विस्तार असीम: संजय भसीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**संत** शिरोमणी रविदास जी की 646वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा भी इस जयंती समारोह को भव्य स्तर पर मनाया गया।

इसी कड़ी में प्रदेश की कला और संस्कृति के विस्तार के लिए अग्रसर हरियाणा कला परिषद द्वारा जैकबपुरा गुरुग्राम में संत गुरु रविदास सभा के सहयोग से 646वीं जयंती मनाई गई, जिसमें भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में हरियाणा के लोक वाद्य यंत्र बीन, बंचारी तथा घोड़ी नृत्य के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से चार चांद लगाए। संत रविदास की जयंती पर हरियाणा कला परिषद के निदेशक डा. संजय भसीन ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि संत रविदास जी के विचारों का विस्तार असीम है। उनके दर्शन और विचार सदैव प्रासंगिक हैं। उन्होंने ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां किसी भी प्रकार का भेदभाव ना हो। सामाजिक सुधार और समरसता के लिए वह आजीवन प्रयत्नशील रहे। वे कहते थे ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सभन को अन्न, छोटे बड़ों सब समान बसे, रविदास रहे प्रसन्न। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए उन्होंने सौहार्द और भाईचारे की भावना पर बल दिया है। आज के दौर में संत रविदास जी के न्याय, समानता और सेवा पर आधारित कालजयी विचारों का भाव पूरी तरह से समाहित है। आजादी के अमृत कालखंड में संत रविदास जी के मूल्यों से प्रेरणा लेकर एक सशक्त और भव्य राष्ट्र के निर्माण की दिशा में हम अग्रसर हैं। सामूहिकता के सामर्थ्य के साथ उनके दिखाए गये रास्ते पर चलकर हम 21वीं सदी में भारत को निश्चय ही नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे।



गुरुग्राम में संत रविदास जी की जयंती में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते कलाकार।

# लोगों को खूब भा रहे कैदियों के हाथों से बने उत्पाद

## 30 से एक लाख रुपये तक का सामान उपलब्ध, स्टॉल पर पड़ी जगह की कमी

**कविता। फरीदाबाद**


जेल के कैदियों द्वारा बने सामान का स्टॉल

जेल में सजा काट रहे कैदियों को सरकार द्वारा विभिन्न काम सिखाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिससे सूरजकुंड मेले में भी कैदी अपने हुनर का लोहा मनवा रहे हैं। हरियाणा जेल विभाग के स्टॉल नम्बर 823 पर कुछ ऐसा ही देखने को मिला। जहां कैदियों द्वारा बनाया इतना सामान है कि रखने के लिए चार स्टॉल भी कम पड़ जाए। जिला जेल नीमका के डीएसपी नवीन छिल्लर ने बताया कि सरकार कैदियों को मुख्य धारा में लाने के लिए काफी प्रयास कर रही है। जिससे कैदी उत्साह के साथ काम कर रहे हैं। स्टॉल पर 30 से एक लाख रुपये तक का सामान उपलब्ध है।

**प्रदेशभर से आया सामान:** सूरजकुंड मेले में पर्यटकों को प्रदेश की जेलों में बना सामान खूब भा रहा है। जेल की तरफ से सामान की किमत भी काफी कम है। यहां उपयोग की छोटी मोटी चीजों के साथ फर्नीचर में एक लाख रुपये तक सोफा मौजूद है। नीमका जेल के अधीक्षक जयकिशन छिल्लर ने इस बार मेले में आने वाले लोगों के लिए चाय और कॉफी का स्टॉल भी लगाया है। जिसमें 20 रुपये की चाय और 30 रुपये की कॉफी उपलब्ध है।

**एक लाख का सोफा:** डीएसपी नवीन छिल्लर ने बताया कि कैदियों द्वारा बनाई लकड़ी की घड़ी, मंदिर, झूले व घरेलू उपयोग की वस्तुओं को पर्यटक खूब खरीद रहे हैं। यमुनानगर जेल के कैदियों ने एलोवेरा के उत्पाद और गुलाब जल तैयार किया हैं। जिसकी कीमत 30 रुपये से शुरू है। रोहतक की मिठाईयां और सांगवान की लकड़ी के फर्नीचर में एक लाख रुपये का सोफा, पेड की जड़ से बनी 19 हजार की टेबल, हिसार जेल के कैदियों ने लकड़ी के फर्नीचर झूले और अन्य सामान तैयार किया है। मेले में मंदिर, चरखा, जैल, जूस, पैंटिंग, डॉगी, बैग, ट्रे, पैन स्टैंड, गीता स्टैंड, सो केस, चेयर, रेक, ईयररिंग, फ्लोवर पोर्ट, ग्रीटिंग कार्ड, मुढ़े और अन्य सामान है।


नवीन छिल्लर

**बढ़ाया मानदेय :** डीएसपी नवीन छिल्लर ने बताया कि कैदियों को सजा के बाद आत्मनिर्भर बनाने के लिए कला सिखाई जाती है। पहले कैदियों को काम के बदले काफी कम पैसे मिलते थे। जिसे देखते हुए कुरूक्षेत्र से पैसे बढ़ाने की डिमांड की गई थी। जनवरी 2023 में कैदियों का मानदेय दोगुना कर दिया गया। सीखने वाले कैदियों में तीन कैटेगरी है, जिसमें स्कील्ड, अनस्कील्ड और सैमीस्कील्ड शामिल है। कैदी रोज सुबह कारखानों में जाकर विभिन्न तरह का काम सीख और कर रहे हैं।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास

## हाईवे और सड़कों निर्माण से बनी बेहतर कनेक्टिविटी : गुर्जर

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**


क्षेत्र की सरदारी पगड़ी पहनाकर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का स्वागत।

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश, प्रदेश सहित फरीदाबाद में पिछले आठ सालों में अनेक परिवर्तन हुए हैं। गत आठ वर्षों के कार्यकाल में फरीदाबाद में जो तेजी से हाईवे और सड़कें बनी हैं, उसके कारण फरीदाबाद की कनेक्टिविटी बहुत बेहतर हुई है।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज रविवार को राजीव कॉलोनी के वार्ड नंबर 1 में निवर्तमान पार्षद मुकेश डागर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहाँ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने क्षेत्र की सरदारी व अन्य प्रतिष्ठित लोगों के हाथों द्वारा एक करोड़ 16 लाख के विकास कार्यों का नारियल तुड़वाकर शिलान्यास करवाया। इन विकास कार्यों में 22 लाख रुपए की लागत से सेक्टर 55 में बनाए गए छह मिनी ट्यूबेल का उद्घाटन, लगभग 10 लाख रुपए की लागत से सेक्टर 55 में बनकर तैयार हुए ब्रम्हाकुमारी पार्क का उद्घाटन, सेक्टर 56 के श्मशान घाट में 24 लाख की लागत से होने वाले इंटरलॉकिंग टाइल का कार्य, करीब 23 लाख की लागत से सेक्टर 56 श्मशान घाट से प्रतापगढ़ गांव की ओर जाने वाले रास्ते का निर्माण कार्य सहित सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य भी शामिल है।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह में आए सभी लोगों को आभार प्रकट करते हुए कहा कि विकास के कार्यों के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। इस क्षेत्र के लिए एक करोड़ 42 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों के लिए एस्टीमेट पास करा लिए गए हैं। जल्द ही इन पर भी काम शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 8 सालों की कड़ी मेहनत का परिणाम है जो देश और प्रदेश सहित फरीदाबाद भी विकास के पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली है। उनके द्वारा लिए गए कड़े फैसलों और परिश्रम के कारण ही भारत 2027 तक दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने जा रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा आमजन के लिए लाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण ही उन्हें 130 करोड़ लोगों का का आशीर्वाद प्राप्त है।

कार्यक्रम में स्थानीय लोगों द्वारा निवर्तमान पार्षद मुकेश डागर के माध्यम से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के समक्ष रखी समस्याओं को शीघ्र दूर करने तथा विकास कार्यों की मांग को पूर्ण करनवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बहीन ब्लॉक समिति सदस्य विजय रावत, ब्लॉक समिति सदस्य जय सिंह, क्षेत्र की सरदारी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


मेले में दर्शकों की भीड़

# अब तक सवा लाख पर्यटक हस्तशिल्प मेला में पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**जैसे**-जैसे 36वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है। मेला के शुभारंभ से अब तक लगभग सवा लाख पर्यटक मेले में पहुंच चुके हैं। रविवार को लगभग 90 हजार पर्यटकों ने हस्तशिल्प मेला में शिरकत की।

रविवार को दिनभर मेला परिसर में हर तरफ पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने शिल्पकारों व काश्तकारों की कृतियों की खरीददारी के अलावा मेला परिसर के अलग-अलग कौनों में स्थित फूड कॉर्ट में स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद चखा। सम्पूर्ण मेला परिसर में जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर स्थानीय पर्यटकों के अलावा विदेशी पर्यटक भी थिरकते नजर आए। ढोल नगाडे, बीन, डमरू आदि सांस्कृतिक मंडलियों ने दिन भर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पर्यटकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ उन्हें नाचने पर भी मजबूर किया।

**थिरक रहे हैं पर्यटक:** विदेशी सांस्कृतिक टीमों यूगांडा व अन्य देशों के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से पर्यटकों की खूब तालियां बटोरी। संगीत किसी भाषा और सीमा के बंधन से मुक्त है। इसी की मिसाल हस्तशिल्प मेले के शुभारंभ से बड़ी चौपाल पर लगातार देखने को मिल रही है। विदेशी भाषा से अपरिचित होने पर भी पर्यटक विदेशी सांस्कृतिक टीमों की प्रस्तुतियों का न केवल आनंद उठा रहे हैं, बल्कि इन कलाकारों के साथ थिरक भी रहे हैं।

# जनहित सेवा संस्था ने गुरु रविदास जयंती मनाई


संत रविदास जयंती मनाते जनहित सेवा के सदस्य

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

**सामाजिक** संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के कार्यालय पर गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी बीजेपी नेता दीपक डागर ने गुरु रविदास के छायाचित्र पर फूल माला पहनाकर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि गुरु रविदास ने हमेशा भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता का प्रचार प्रसार किया। आज के दौर में गुरु रविदास के जीवन से प्रेरणा लेने की विशेष जरूरत है। उनके दोहे, विचार, रचनाएं ,कविताएं, पोथी अनमोल है। गुरु रविदास को संत रविदास, रैदास, रोहिदास, और रुहिदास जैसे कई नामों से जाना जाता है। रविदास जयंती और माघी पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व होता है। डागर ने कहा कि कर्म ही मनुष्य का धर्म है। इस अवसर पर का कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि गुरु रविदास एक समाज सुधारक होने के साथ ही बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत ने कहा कि गुरु रविदास महान समाज सुधारक के साथ बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि समाजसेवी बीजेपी नेता दीपक डागर, जिला परिषद चेयरमैन विजय लोहिया, संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डाक्टर प्रवेश लांबा, सचिव देवी चरण वैष्णव, मुकेश तेवतिया, जयवीर धनखड़, पंकज कौशिक, जगदीश,देवी सिंह कुंडू, सुरेन्द्र बांकुरा, अन्य पूरी टीम विशेष रूप से मौजूद थी।

## संत रविदास ने प्रेम से रहने का दिया संदेश: अजय गौड़

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव सारन स्थित संत गुरु रविदास मंदिर में संत सूरदास की 646वें प्रकाश पर्व व भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार व भाजपा नेता अजय गौड़ ने शिरकत की वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना द्वारा की गई। अजय गौड़ ने कहा कि संत रविदास ने लोगों को आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी है। सर्व समाज के कल्याण के काम कर रही है।इस मौके पर एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश नंबरदार, जिला महामंत्री भाजपा आरएन सिंह, रंजीत सिंह मौजूद रहे। (पूर्व चीफ डॉयरेक्टर दिल्ली उद्योग), पुरण चंद पंवार जी ( पूर्व डी.सी.पी), कन्हैयालाल जी (प्रधान), करण सिंह भारती (महासचिव), भूपलाल जी (सलाहकार), ओमप्रकाश जी (स्टोर कीपर), खजान सिंह जी (कार्यालय सचिव), रामदास प्रधान, धर्मवीर धामा, समाजसेवी सुरज प्रधान, पारस नाथ व्यास, मनोज बालियान, फूलचंद, राजेंद्र, त्रिवेणी राजकली, रतनपाल चौहान, माता सुर्जीदेवी, कंवर सैन जी, भीम, गजराज, कर्मवीर आदि मौजूद रहे।

# नायका ने पेश किए ग्रूमिंग और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**नायका** कॉस्मेटिक्स, एसकेआईएनआरएक्स और वंडरलस्ट जैसे देश के सबसे पसंदीदा ब्रांडों में से कुछ को लॉन्च करने के बाद, सभी प्रकार के ब्यूटी और पर्सनल केयर के लिए भारत का सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशन ब्रांड नायका, अब जेन्टलमैन्स क्रू के साथ एक और पोर्टफोलियो पेश कर रहा है। पुरुषों के लिए पर्सनल ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स की एक सीरीज जो प्रकृति की बेहतरीन पेशकशों के साथ, पावर-पैक इंग्रेडिएंट्स को जोड़ती है, जेंटलमैन क्रू ने डियोड्रेंट, बियर्ड केयर और हेयर स्टाइलिंग रेंज जैसे दैनिक आवश्यक वस्तुओं के एक मजबूत पोर्टफोलियो के साथ लॉन्च किया गया है। यह एक ऐसा ब्रांड होने के लिए प्रतिबद्ध है, जो सिर्फ अपने प्रोडक्ट की पेशकश से कहीं अधिक के लिए उपलब्ध हो। जेंटलमेंस क्रू मॉडर्न पुरुषों के लिए, बिना किसी जजमेंट या सेंसर के, पर्सनल ग्रूमिंग विकल्पों पर एक खुली बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए, एक कम्युनिटी का निर्माण करना चाहता है।



जेंटलमैन्स क्रू की पूरी प्रोडक्ट लाइन पावर ऑफ़ टू फिलॉसोफी के साथ तैयार की गई है, जो सुप्रीम केयर और पोषण के साथ एक्सपर्ट-लेवल ग्रूमिंग प्रदान करती है। आर्गन और टी ट्री रेंज के साथ लॉन्च किया गया जेंटलमैन्स क्रू, वर्तमान में बियर्ड संवारने और हेयर स्टाइलिंग के लिए प्रोडक्ट पेश करता है। शरीर के लिए, ब्रांड ने तीन ताज़गी देने वाली सुगंधों में हाई-परफॉरमेंस करने वाले डिओडोरेंट पेश किए हैं जो 48 घंटे तक एक्टिव रहते हैं और दाग व जलन से मुक्त होते हैं। नायका ब्रांड्स के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट विशाल गुप्ता ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, पुरुषों का ग्रूमिंग सेक्टर, तेजी से विकसित हो रहा है, और कंज्यूमर्स अधिक सोफिस्टिकेटेड केयर व्यवस्था अपनाने के इच्छुक हैं, जो उनकी स्किन व बालों से जुड़ी जरूरतों के अनुरूप हों। जेंटलमेंस क्रू रिसर्च के साथ तैयार किया गया है और पुरुषों को उनके सर्वश्रेष्ठ दिखने व महसूस करने में मदद करने के लिए सबसे प्रासंगिक ग्रूमिंग विकल्पों के साथ, सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है। हम सबसे लोकप्रिय कैटेगरी के साथ जिसमें हम विश्वास करते हैं, बियर्ड केयर, बालों की स्टाइलिंग व सेंट्स, को लॉन्च कर रहे हैं, और हम हॉलिस्टिक पर्सनल केयर के लिए अनुकूल, एक एक्सटेंसिव पोर्टफोलियो की पेशकश करके, जेंटलमैन्स क्रू को एक वैनिटी स्टेपल बनाने के लिए आगे देख रहे हैं।

# मनुष्य के जीवन का आधार होती है शिक्षा: ललित नागर

## न्यू ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल की वार्षिक स्पोर्ट्स मीट

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**



स्पोर्ट्स मीट में विजेता छात्र व मुख्यातिथि और स्कूल प्रबंधन के सदस्य

तिगांव विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित नागर ने कहा है कि शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधार होती है और बिना शिक्षा मनुष्य अधूरा है और आज के आधुनिक दौर में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान होना भी छात्र-छात्राओं के लिए समय की जरूरत बन गया है। श्री नागर शिव कालोनी पल्ला नंबर-1 स्थित न्यू ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल में आयोजित वार्षिक स्पोर्ट्स मीट में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। ललित नागर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को खेलकूद में भी रुचि लेनी चाहिए क्योंकि आज ऐसे अनेकों खिलाड़ी है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर खेलों को अपना कैरियर बना लिया है।

उन्होंने छात्र-छात्राओ से कहा कि वह अपने अध्यापकों का सम्मान करे और अध्यापकों को भी आगे बढने के लिए हमेशा बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के चेयरमैन अनिल चौहान ने उनका फूल मालाओं एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के स्पोर्ट्स कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान अतिथि पूर्व विधायक ललित नागर ने प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। इस मौके पर राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रमोद नागर, स्कूल के वाइस चेयरमैन उमेश चौहान, अनुज राघव, स्कूल की प्रिंसिपल नेहा चौहान, भंवर सिंह, रमन जिंदल, अनिल भड़ाना, अजय तंवर सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते अतिथि व संयोजक

**फरीदाबाद।** अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद की टीम के द्वारा लगातार लगते रक्तदान शिविर इसी कड़ी में जैन कान्वेंट स्कूल डबुआ कॉलोनी में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश संगठन मंत्री केदारनाथ अग्रवाल, नंदकिशोर मित्तल व डॉ अमित जैन के संयोजन में लगाए गए इस रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना व विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ राकेश गोयल उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने समाज की गतिविधियों को सराहा। केदारनाथ अग्रवाल ने शिविर में सहयोग करने के लिए सुरेंद्र गोयल, सारिका जैन, रेखा गर्ग, छत्रपाल गुप्ता, अमित गर्ग, मनीष गोयल, व सीमा अग्रवाल आदि लोगों का आभार प्रकट किया। शिविर में 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

## अवैध रूप से गर्भपात करने के सेंटर का भंडाफोड़


गर्भपात किट और आरोपी विनोद, बाद में टीम के कब्जे से छूटकर भागते हुए

**फरीदाबाद।** जिले में अवैध रूप से चल रहे गर्भपात करने के सेंटर का भंडाफोड़ किया गया है। सिविल सर्जन गुरुग्राम की टीम ने झोलाछाप डॉक्टर की दुकान पर रविवार को छापा मारा है। यह अवैध सेंटर कच्चा रोड, भारत कॉलोनी फरीदाबाद में झोला छाप डॉक्टर द्वारा चलाया जा रहा था। इस सेंटर पर डॉ विनोद अवैध रूप से गर्भपात करने की दवाइयां उपलब्ध कराकर गर्भवती महिलाओं की जान से खिलवाड़ कर रहा था। गुरूग्राम के सिविल सर्जन को इसके खिलाफ काफी समय से शिकायतें मिल रही थी। इन शिकायतों के आधार पर गुरुग्राम और जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है। लेकिन आरोपी टीम के सदस्यों के कब्जे से किसी तरह से छुटकर भाग निकला। अभी दो दिन पहले ही गुरुग्राम की टीम ने फरीदाबाद में आकर इसी प्रकार गर्भपात करने वाले लोगों को पकड़ा था। फरीदाबाद में अवैध गर्भपात कराने का गौरखधंधा लगातार चल रहा है। जिन्हें बाहर से आने वाली टीमें पकड़ रही हैं परंतु फरीदाबाद स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद सोया हुआ है।

## डंपिंग यार्ड के विरोध में गांव चंदावली में पंचायत


बल्लभगढ़ के गांव चंदावली स्थित पंचायत वाटिका में आयोजित पंचायत में गांव सोतई में बनने जा रहे डंपिंग यार्ड का विरोध में करते लोग

**फरीदाबाद।** बंधवाड़ी में बना कूड़ा निस्तारण प्लांट अब आईएमटी एरिया के गांव सोतई में बनने जा रहा है इसको लेकर आज गांव चंदावली के ग्रामीणों ने पंचायत वाटिका में एक पंचायत का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता रतन चौधरी ने की। जैसे ही सोतई गांव के आसपास के ग्रामीणों और गांववासियों को डंपिंग यार्ड के बारे में पता चला तो चारों और सरकार के इस फैसले के खिलाफ इलाके में भारी रोष है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने चंदावली पंचायत वाटिका में पंचायत बुलाकर डंपिंग यार्ड के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया है।चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष समिति के अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने बताया कि फरीदाबाद का प्रतिदिन लगभग 850 टन कूड़ा बंधवाडी में फेंका जाता है। लेकिन अब बंधबाड़ी प्लांट बंद होने वाला है। इस प्लांट को अब आईएमटी एरिया में बनाने की योजना है। जिससे कि आईएमटी के चारों तरफ पोल्युशन व बदबू फैलने की आशंका है आईएमटी में बाहर से आई सैकड़ों कंपनियां है व डंपिंग यार्ड बनने से इन कंपनियों के अंदर भय का माहौल है। आईएमटी में इसको बनने से उद्योग कंपनियों को भारी नुकसान और उद्योग धंधे ठप होने की आशंका है। जिसके कारण आईएमटी एसोसिएशन और सभी कंपनियां इस डंपिंग यार्ड के विरोध में उतर गए हैं और सभी उद्योगपतियों ने कहा है कि इस डंपिंग यार्ड के आईएमटी में बनने से उद्योग धंधे बिल्कुल ठप हो जाएंगे। जिसका असर पूरे फरीदाबाद के उद्योग धंधों पर पड़ेगा।पंचायत में ईश्वर लांबा ने कहा कि डंपिंग यार्ड बनने से आसपास के स्कूल, कॉलेज, मकान और पर्यावरण पर बहुत बुरा असर पड़ेगा इसलिए सरकार को यह डंपिंग यार्ड आबादी से बहुत दूर बनाना चाहिए जिससे कि गांवों में सुख शांति बनी रहे। संघर्ष समिति के प्रवक्ता जसवंत पवार ने बताया कि पंचायत में यह फैसला लिया गया कि अगर सरकार हमारी बात नहीं सुनती है तो आने वाले दिनों में एक बहुत बड़ी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। लेकिन किसी भी कीमत पर यहां पर डंपिंग यार्ड नहीं बनने देंगे।पंचायत के बाद गांववासी पृथला विधायक नयनपाल रावत से मिलने गए और समस्या से अवगत कराया। जिस पर विधायक ने आश्वासन दिया कि मेरी मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और फरीदाबाद प्रशासन से बात हो गई है आईएमटी में डंपिंग यार्ड नहीं बनेगा।इस मौके पर मूलचंद यादव, बलजीत चौधरी, किशन चहल, कमल फौजदार, राजकुमार सैनी, रोहित शर्मा, संजय सैनी, संजू चहल, राजेश यादव, डॉ दुर्गेश, संजय, समयवीर, मोहन डागर, दीपचंद, कैप्टन दयाचंद, प्रकाश नागर, डब्बू चहल, जगन आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म पीड़िता बच्ची को न्याय दिलाएगा अभियान



**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद ने बताया कि डेरा विस्तार कालोनी फरीदाबाद-गुडगांव टोल के पास में तीन फरवरी को तीन वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। मेडिकल में उस बच्ची से रेप की पुष्टी एम्स के डाक्टरों ने कर दी है। मौके का मुआयना करके पुलिस ने दो लोगों को शक की बिनाह पर गिरफ्तार किया है। इस बच्ची को न्याय दिलवाने के लिए उनकी टीम घटनास्थल का रविवार को दौरा किया।आजाद ने बताया कि उनकी टीम में शामिल जगजीत कौर, वासुदेव अरोड़ा, यशपाल भल्ला ने मौके पर पहुंचकर बंधवारी प्लांट के मेनेजर अभिजीत रायकर से बातचीत की कि क्या वह यहां काम करने वालों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाते हैं या नहीं। जानकारी मिली कि वह उनका आधार कार्ड तो लेते हैं लेकिन पुलिस वेरिफिकेशन नहीं करवाते। हरीश आज़ाद ने बताया कि टीम उस बच्ची के घर गई, पिता से मिलकर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

## अडाणी प्रकरण

### चर्चा की मांग

**संसद** में अडाणी प्रकरण पर चर्चा की लगातार मांग हो रही है। वैसे पूरे मामले पर चर्चा से विपक्ष के बजाय सरकार को ही अधिक लाभ मिलेगा। अमेरिकी शार्ट सेलर हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पिछले सप्ताह आने के बाद से अडाणी समूह के शेयरों में तेज गिरावट का दौर है जो शुक्रवार को भी जारी रहा। समूह के लिए बुरी खबरें लगातार आ रही हैं। गुरुवार को एसएंडपी डाउ जोन्स संकेतकों ने अडाणी उद्यमों के शेयरों को डाउ जोन्स टिकाऊ सूचकांकों की सूची से हटा दिया। एसपीएंड डाउ जोन्स के अनुसार, 'स्टाक में हेरफेर तथा खातों में धोखाधड़ी के आरोपों के कारण ऐसा किया गया है।' दलाल स्ट्रीट पर मची अफरातफरी की गूंज संसद में भी सुनाई पड़ी। विपक्षी पार्टियों द्वारा अडाणी समूह के मुद्दे पर चर्चा की मांग की जिससे शुक्रवार को चौथे दिन बजट सत्र के कामकाज में बाधा आई। जहां राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया, वहीं लोकसभा को भी अपनी कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित रखनी पड़ी। गुरुवार को दोनों सदनों में पूरे दिन विपक्षी सदस्य शोर-शराबा मचाते रहे। वे अडाणी समूह द्वारा की गई कथित धोखाधड़ी पर चर्चा की मांग कर रहे थे। संभवतः इस मुद्दे ने विपक्ष को एकजुट कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे ने संयुक्त संसदीय समिति या सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश द्वारा गठित समिति से मामले की जांच कराने की मांग की है। लेकिन दोनों सदनों के पीठासीन अध्यक्ष या सरकार चर्चा के पक्ष में नहीं लगती है। बताया जाता है कि खड़गे ने अपने





कक्ष में शुक्रवार को विपक्षी दलों के नेताओं से भेंट की। लगता है कि भारतीय जनता पार्टी के विरोधी दलों को यह प्रकरण सरकार पर गंभीर हमले के अवसर की तरह लगता है। अब तक विपक्ष केन्द्रीय सरकार या भाजपा को परेशान करने या उसे बुरी तरह घेरने में विफल रहा है। भाजपा-विरोधी नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सत्तारूढ़ दल तथा सरकार के निकट समझे जाने वाले हिंदूवादी संस्थानों पर अनेक आरोप लगाए। उन्होंने पिछले साल सरकार पर रोजगार सृजन में कथित रूप से विफल रहने, तेल की ऊंची कीमतों व बढ़ती मुद्रास्फीति के आरोप लगाए जिन पर सरकार की काफी आलोचना भी हुई। सरकार पर 'पक्षपात' के आरोप भी आमतौर से लगते रहे हैं। लेकिन ये सारी आलोचनायें सरकार को घेरने में विफल रहीं तथा हंस की पीठ पर पड़ी पानी की बूंदों की तरह फिसल गईं। लेकिन विपक्ष को लगता है कि इस बार मामला कुछ अलग है और इसी कारण वह एकजुट हो रहा है। हालांकि, वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण, वित्त सचिव तथा आरबीआई, एलआईसी व स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के समुचित जवाब दिए हैं, पर विपक्ष चर्चा की मांग पर अड़ा हुआ है। वैसे यदि सरकार चर्चा कराने पर तैयार हो जाए तो इससे वह 'पक्षपात' के आरोपों को आसानी से खारिज कर सकती है। इससे विपक्ष को सरकार को घेरने का मौका नहीं मिलेगा जो यह अवधारणा बना रहा है कि सरकार एक 'विवादास्पद' पूंजीपति पर चर्चा से डर रही है। इससे जनता, निवेशकों तथा कार्पोरेट क्षेत्र में अच्छे संकेत जाएंगे कि सरकार को पूंजी बाजार की चिन्ता है। संसद में चर्चा होने से शेयर बाजार का कामकाज मजबूत करने के तरीके भी सामने आ सकते हैं। इससे हमारी व्यवस्था मजबूत होगी। संसद में अच्छी चर्चा लोकतंत्र की जान है और जब लोकतंत्र मजबूत होगा तो यह स्थिति सभी दलों के लिए अच्छी रहेगी। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री, वित्त सचिव तथा आरबीआई के बयानों को शेयर बाजार ने सकारात्मक रूप से लिया है और उसमें तेजी आई है। उम्मीद करनी चाहिए कि सरकार व नियामक संस्थायें जल्द ही इस विवाद को शांत करने में सफल होंगी।

# पाक व बांग्लादेश के अलग-अलग मार्ग

पाकिस्तान व बांग्लादेश के रास्ते अलग-अलग हैं। जहां पाक 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' में फंसा रहा, वहीं बांग्लादेश ने उदारवादी दृष्टिकोण अपनाया।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, पूर्व सैन्य अधिकारी हैं)



**वर्ष** 1971 में दो देश एक देश के अलग-अलग क्षेत्रों से पैदा हुए। बांग्लादेश ने धर्माधारित 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' को खारिज कर दिया जबकि पाकिस्तान इस सिद्धान्त में फंसा रहा तथा इसे 'पाकिस्तान का आधार' कहता रहा। पाकिस्तान से अलग होकर बने बांग्लादेश ने पाकिस्तान का आधार बनी विचारधारा को लगभग खारिज कर दिया था। तब से पचास साल से अधिक समय बीत गया है। इस बीच दोनों देशों ने एकदम अलग-अलग रास्ते अपनाए। न केवल इनके रास्ते अलग-अलग हुए, बल्कि इनमें संस्थाओं का निर्माण तथा विकास का मार्ग अलग-अलग रहा जिसके अपरिहार्य रूप से सामाजिक-आर्थिक विमर्श व नतीजे सामने आए हैं।

बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश ने विरासत में नरसंहार व लूट के परिणामस्वरूप जर्जर देश प्राप्त किया। वह अपने ही देश के पश्चिमी भूभाग, यानी पश्चिमी पाकिस्तान की व्यवस्थित लूट और हर महत्वपूर्ण चीज वहां से ले जाने का गवाह बना। इसका नतीजा यह निकला कि पश्चिमी पाकिस्तान जल्द ही केवल 'पाकिस्तान' रह गया। लेकिन 1971 में अपमानजनक पराजय के बावजूद पाकिस्तानी नेतृत्व ने अविश्वसनीय घृणा और जिद का परिचय दिया। जहां नव-स्वतंत्र बांग्लादेश ने अपने जर्जर देश की व्यवस्था सुधारने का लगातार प्रयास किया और उसे इसमें उल्लेखनीय सफलता भी मिली, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कोई भी सबक सीखने से इनकार कर दिया।

पाकिस्तानी अवस्थापना ने पराजित तानाशाह जनरल याहिया खान से सत्ता छीन कर समान रूप से आधारहीन, घमंडी व नैतिक रूप से पतित जुल्फिकार अली भुट्टो को सत्ता सौंपी। लेकिन 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' के प्रतिगामी प्रभावों को छोड़ने के बजाय जुल्फिकार अली भुट्टो के सिविलियन नेतृत्व में पाकिस्तान में 'धार्मिक लोकरंजकता' तथा शुद्धतावादी मूल्यों को बढ़ावा मिला। उन्होंने खतरनाक धर्मगुरुओं का तुष्टीकरण किया, अहमदियों को 'धर्म बहिष्कृत' घोषित किया, 'इस्लामी बम' के लिए क्रूरता से पैसा जुटाया तथा शराब पर प्रतिबंध लगा दिया, जबकि वे स्वयं शराब पीते थे। इसके एकदम उलट शेख मुजीबुर रहमान ने भूमि सुधार व राष्ट्रीयकरण का रास्ता अपनाया। उनका संभवतः सबसे क्रांतिकारी कदम नव स्वीकृत संविधान में 'सेक्युलरवाद' शब्द शामिल करना था। इस प्रकार वे स्वयं को अनजाने ही एक और मुस्लिम बहुल देश तुर्की के शासक कमाल अतातुर्क की तरह स्थापित कर रहे थे जो देश के वर्तमान शासक एर्दोगान के उलट पूर्णतः सेक्युलर थे।

इसके एकदम उलट जुल्फिकार अली भुट्टो तथा जनरल जियाउल हक के शासनकाल के बाद पाकिस्तान लगातार कट्टरता की ढलान पर फिसलता गया और अंततः जैसे भूलभुलैया में खो गया। हालांकि, बांग्लादेश की यात्रा भी सरल रेखा में या सहज नहीं रही है। उसे अनेक प्रकार के प्रतिगामी भटकावों, प्राकृतिक विभीषिकाओं तथा अक्सर लोकतंत्र में आने वाली बाधाओं का सामना करना पड़ा है। मुजीबुर रहमान ने स्वयं एक-पार्टी शासन वाले राज्य की कल्पना की तथा ऐसे समय सेंसरशिप लागू की जब चीजें उनके पक्ष में नहीं चल रही थीं।

एक सैनिक विद्रोह में शेख मुजीबुर रहमान की हत्या कर दी गई। बांग्लादेश की सेना ने जल्द ही संविधान को पुनः लिखा और उसमें से 'सेक्युलरवाद' शब्द हटा दिया। लेकिन बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने 2010 में फैसला दिया कि यह शब्द हटाना अवैध था और इसके बाद इसे बहाल किया गया। इस प्रकार वर्तमान समय में बांग्लादेश का एक राज्य धर्म है और 'सेक्युलरवाद' के सिद्धान्त के साथ इसका सह-अस्तित्व बना हुआ है। एक प्रकार से इसे धर्म के प्रति 'तटस्थता' वाली स्थिति कहा जा सकता है। इसके साथ ही 'सर्वव्यापक इस्लामवाद' व 'राजनीतिक इस्लाम' की अवधारणाओं ने बांग्लादेश को भी समेट लिया है। लेकिन इसके बावजूद तुलनात्मक रूप से वर्तमान अवामी लीग सरकार के नेतृत्व में बांग्लादेश धार्मिक शुद्धता के पाकिस्तानी रास्ते पर नहीं चल रहा है।

अत्यन्त महत्वपूर्ण रूप से शेख हसीना ने एक प्रकार से राज्य और धर्म को यथासंभव अलग-अलग रखा है। उनका यह कथन बहुत लोकप्रिय है, 'आपके समान अधिकार हैं। आप अपने धर्म व त्योहारों को समान अधिकारों के साथ मना सकते हैं। यह बांग्लादेश की असली नीति और हमारा आदर्श है। मेरी आपसे अपील है क स्वयं को अल्पसंख्यक न मानें।' हालांकि, बांग्लादेश में अनेक सांप्रदायिक मुद्दे व उकसावे सामने आए, पर कमसे कम नेतृत्व ने धर्मिक बहुलता के पक्ष में अपनी बात रखी है। इसके एकदम उलट वर्तमान समय में पाकिस्तान कट्टरता के रास्ते पर चल रहा है। कुछ महीनों पहले तालिबान खान के नाम से लोकप्रिय पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने पाकिस्तान को 'रियासते मदीना' बनाने का वादा किया था। यहां तक कि वर्तमान गठबंधन सरकार में मौलाना फजलुर रहमान भी शामिल हैं जो जमीयत उलेमाए इस्लाम के अमीर या उसके 'राष्ट्रपति' हैं।

इन राजनीतिक-सामाजिक संबंधों के अपरिहार्य रूप से सामाजिक-आर्थिक नतीजे सामने अते हैं। इनका प्रशासन के ढांचों तथा उनकी पसंदों पर प्रभाव पड़ता है। इसी कारण वर्तमान पाकिस्तान और बांग्लादेश की यात्रा में आने वाला अंतर स्वाभाविक है। यह अंतर दोनों देशों में मीडिया की सुर्खियों से स्पष्ट होता है। इस सप्ताह बांग्लादेशी अखबारों की सुर्खियां थीं, 'शुरू होने के बाद मेट्रो रेल ने 3.35 लाख यात्रियों को यात्रा कराई', 'पाठ्यपुस्तकों में कमियों व गलतियों का पता लगाने के लिए दो समितियों का गठन', 'जमात का पंजीकरण रद्द', 'बांग्लादेश को आईएमएफ से मिलेगा 4.7 डालर का पैकेज', आदि। इसके एकदम उलट नियंत्रण रेखा-एलओसी पार पाकिस्तानी अखबारों की सुर्खियां थीं, 'मस्जिद में हमले में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 92', 'पेट्रोल मूल्यों में 35 रुपये बढ़े', 'आतंकी समूहों को शांति के लिए मनाने की नीति विफल', 'आईएमएफ का कर्ज नहीं, नवीं समीक्षा के लिए वार्ता हेतु मिशन आएगा पाकिस्तान', आदि।

इस प्रकार स्पष्ट है कि आग में जल रहा पाकिस्तान राजनीतिक, वित्तीय, राजनयिक, सुरक्षा व सामाजिक मुद्दों प गंभीर विफलता का शिकार हो गया है। आईएमएफ का कर्ज आसानी से प्राप्त करने के मामले में पाकिस्तान के एकदम उलट बांग्लादेश के वित्त मंत्री ने कहा, 'कर्ज की इस स्वीकृति से सिद्ध होता है कि हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत आधार पर खड़ी है तथा हमारे मूलाधार अनेक अन्य देशों से बेहतर हैं।' लेकिन विडंबना है कि पाकिस्तानी वित्त मंत्री 2023 में ईश्वरीय सहायता पर निर्भर हैं। उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के कहा, 'अगर अल्लाह पाकिस्तान को बना सकता है तो वह इसे सुरक्षित व विकसित बना कर समृद्ध भी बना सकता है।' पाकिस्तान के अपने संस्थापना आधार 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' के प्रति मोह तथा उसके अपरिहार्य परिणामों के कारण पड़ोसी देशों से उसके संबंध लगातार खराब हो रहे हैं। अफगानिस्तान व ईरान से उसके संबंध लगातार जटिल बने हुए हैं। पाकिस्तान अपने इतिहास की गलतियां स्वीकारने को तैयार नहीं है, जबकि भारतीय स्वतंत्रता के संस्थापकों ने इनको बुद्धिमानीपूर्वक किनारे छोड़ दिया था। इसके चलते भारत ने संवैधानिक रूप से एक समावेशी, उदार व प्रगतिशील एजेंडे का चयन किया था।


प्रति व्यक्ति आय के मामले में बांग्लादेश ने 2021-22 में भारत को भी पीछे छोड़ दिया था। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि 15 साल पहले 2007 में भारत की प्रति व्यक्ति आय 1028 डालर थी जो बांग्लादेश की 558 डालर प्रति व्यक्ति आय की लगभग दूनी थी। अनेक संरा. टिकाऊ विकास लक्ष्यों के मामले में भी यही स्थिति है। पाकिस्तान की कूपमंडूकता और कोई सबक न सीखने से भारत के लिए भी सबक है कि वह अपनी अर्थव्यवस्था और प्रगतिशील एजेंडों को छुद्र धार्मिक 'विभाजनों' से ऊपर रखे तथा इतिहास के कथित पुनर्लेखन से बचे।

इतिहास से विभिन्न सबक सीखने और उनके समुचित क्रियान्वयन से हमारी राजनीति प्रगति या पतन की ओर जा सकती है।

# परिवर्तनकारी है इंटेलीजेंट आटोमेशन

> संगठनों को यह विचार करने की आवश्यकता है कि वे मौजूदा परिचालनों में नई तकनीकों को पेश करने के कारण होने वाले किसी भी संभावित व्यवधान का प्रबंधन कैसे करेंगे।

**श्रीविद्या कन्नन**
(लेखिका अवाली साल्यूशंस की संस्थापक/निदेशक हैं)



**हाल** के वर्षों में, व्यापार जगत ने नाटकीय परिवर्तनों का अपना हिस्सा देखा है, जिसमें मुद्रास्फीति के दबाव से लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और प्रतिभा की कमी शामिल है। इन कारकों ने व्यवसायों को अधिक चुस्त बनने और दक्षता में सुधार के नए तरीके खोजने के लिए प्रेरित किया है। ऐसा ही एक तरीका है इंटेलिजेंट ऑटोमेशन (एआई)-एक अवधारणा जो प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और उन्हें अधिक कुशल बनाने के लिए मानव-केंद्रित डिजाइन सिद्धांतों के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आईए) और मशीन लर्निंग को जोड़ती है।

एआई व्यवसायों को सांसारिक कार्यों को स्वचालित करके, उच्च-स्तरीय नौकरियों के लिए मूल्यवान संसाधनों को मुक्त करके, लाभप्रदता में वृद्धि, और तेजी से निर्णय लेने में सक्षम बनाकर प्रतिस्पर्धा में आगे रहने में मदद कर सकता है।

एआई समाधानों की मदद से, संगठन अधिक संरचित और डेटा-संचालित तरीके से बेहतर निर्णय लेते हुए अपनी परिचालन दक्षता और लागत प्रभावशीलता बढ़ा सकते हैं। उदाहरण के लिए, एआई का उपयोग ग्राहक डेटा या फीडबैक में पैटर्न का पता लगानेके लिए किया जा सकता है ताकि ग्राहकों की ज़रूरतें कैसे विकसित हो रही हैं, इस बारे में छिपी हुई अंतर्दृष्टि को उजागर किया जा सके। इसके अतिरिक्त, एआई एल्गोरिदम थकाऊ कार्यों जैसे चालान प्रसंस्करण या वर्कफ्लो प्रबंधन को स्वचालित कर सकता है। इसके अलावा, यह व्यवसायों को मानवीय त्रुटियों और विसंगतियों को कम करते हुए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए स्वचालन के माध्यम से अपनी प्रक्रियाओं और संचालन को अनुकूलित करने में भी सक्षम करेगा। 2023 तक, एआई समाधानों के व्यवसाय संचालन का एक अभिन्न अंग बनने की उम्मीद है, जिससे कंपनियां गुणवत्ता या ग्राहक संतुष्टि का त्याग किए बिना संचालन का अनुकूलन करने और दक्षता बढ़ाने में सक्षम होंगी। एआई उन्नत तकनीकों का एक समूह है जो कंप्यूटरों को ऐसे कार्य करने की अनुमति देता है जिनमें मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। इसमें मशीन लर्निंग एल्गोरिदम शामिल हैं जो निर्णय लेने की प्रक्रियाओं को स्वचालित कर सकते हैं, बुद्धिमान कैप्चर समाधान, वर्कफ्लो ऑटोमेशन, लो-कोड/नो-कोड समाधान, और रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन, जो डेटा प्रविष्टि या जैसे दोहराए जाने वाले और नियम-संचालित कार्यों को स्वचालित करता है। बीजक संसाधित करना। आईए का उपयोग करने का मुख्य लाभ यह है कि यह सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखते हुए प्रक्रियाओं को गति दे सकता है। इसके अलावा, एआई समाधान शारीरिक श्रम से जुड़ी लागत को कम करने में मदद कर सकते हैं, इस प्रकार समग्र लाभप्रदता में सुधार कर सकते हैं। एआई समाधान ग्राहक सेवा, वित्तीय प्रबंधन, विपणन अभियान और उत्पाद वितरण सहित कई गतिविधियों को स्वचालित करने में मदद कर सकते हैं। एआई-सक्षम रोबोट बड़ी मात्रा में डेटा को जल्दी और सटीक रूप से प्रोसेस कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, एआई-पावर्ड सॉल्यूशंस का उपयोग भविष्य कहने वाला विश्लेषण के लिए किया जा सकता है, जो संगठनों को पिछले प्रदर्शन डेटा के आधार पर भविष्य के रुझानोंके बारे में सूचित निर्णय लेने में मदद करता है। एआई समाधानों का एक और महत्वपूर्ण लाभ बेहतर प्रशासन है। स्वचालन सटीक रिकॉर्ड और दस्तावेज़ीकरण प्रदान करके विनियमोंके अनुपालन को सुनिश्चित करने में मदद करता है जिसे आवश्यकता पड़ने पर आसानी से ऑडिट किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करता है कि संगठन की गतिविधियां स्वीकार्य कानूनी मापदंडों के भीतर आयोजित की जाती हैं।

अंत में, एआई समाधान टिकाऊ प्रथाओं को अपनाने वाली कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे अपने लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त करते हुए अपने कार्बन पदचिह्न को कम कर सकते हैं। आईए का उपयोग ऊर्जा खपत पैटर्न की अधिक बारीकी से निगरानी करने के लिए किया जा सकता है ताकि अनावश्यक उपयोग से बचा जा सके या कम से कम किया जा सके, यह समय के साथ अपव्यय और लागत दोनों को कम करता है। संगठन की आपूर्ति श्रृंखला के भीतर आरपीए की शुरूआत अक्षम मैनुअल प्रक्रियाओं के कारण उत्पन्न कचरे को कम कर सकती है, जबकि उन्हें जीडीपीआर या उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित अन्य नैतिक नियमों जैसे विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा निर्धारित सख्त नियमों का पालन करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, स्वचालित प्रणालियां संसाधन उपयोग को अधिक कुशलता से अनुकूलित कर सकती हैं, जो मानव मैन्युअल रूप से कर सकता है, इस प्रकार गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए अपशिष्ट उत्पादन को कम करता है। एआई में वृद्धि आने वाले वर्षों में अपने संचालन में सुधार करने के इच्छुक व्यवसायों के लिए एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करती है, हालांकि, इस तकनीक को मौजूदा सिस्टम में पेश करते समय कुछ चुनौतियों पर विचार किया जाना चाहिए। सबसे पहले, स्वचालित सिस्टमके साथ काम करते समय हमेशा सुरक्षा का सवाल होता है, किसी भी स्वचालित प्रणाली को लागू करते समय यह सुनिश्चित करना सर्वोपरि है कि संवेदनशील डेटा अनधिकृत पार्टियों द्वारा सुरक्षित और दुर्गम बना रहे। दूसरे, संगठनों को यह विचार करने की आवश्यकता है कि वे मौजूदा परिचालनों में नई तकनीकों को पेश करने के कारण होने वाले किसी भी संभावित व्यवधान का प्रबंधन कैसे करेंगे-यह सुनिश्चित करना कि कर्मचारियों को पोस्ट-ऑटोमेशन प्रक्रियाके साथ संरेखित किया जाए, इन समाधानों को लंबी अवधि में सफलतापूर्वक अपनाने के लिए आवश्यक है। अंत में, एआई 2023 और उसके बाद व्यवसाय परिवर्तन के लिए एक रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है; इन समाधानों का सही ढंग से लाभ उठाकर, उद्यम अधिक लाभप्रद रूप से चलाने में सक्षम होंगे, जबकि अभी भी ध्वनि शासन सिद्धांतों और सर्वोत्तम-इन-क्लास टिकाऊ प्रथाओं का पालन करेंगे जो उनके आसपास के पर्यावरण और समाज दोनों का सम्मान करते हैं। एआई संगठनों को प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, लागत कम करने, अनुपालन में सुधार करने, प्रदर्शन को मापने और संसाधन उपयोग का अनुकूलन करने में सक्षम करेगा - उद्योग या क्षेत्र की परवाह किए बिना प्रतिस्पर्धा में बढ़त बनाए रखने में उनकी मदद करेगा।

## आप की बात

### संत रविदास

**महान** संत, दर्शनशास्त्री, कवि व समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन वाराणसी के निकट सीर गोवर्धनगांव में हुआ था। वे 15 वीं शताब्दी की संत परंपरा में उल्लेखनीय हैं। उनके भक्ति छंद गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल हैं। उनका मानना था कि कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा अपने जन्म के कारण नहीं बल्कि अपने कर्म के कारण होता है। रविदास की मशहूर कहावत, मन चंगा तो कठौती में गंगा, का अर्थ है अगर व्यक्ति का मन शुद्ध है तो उसका हर कार्य गंगा के समान पवित्र है। संत रविदास ने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। और पूरे जीवन इनके खिलाफ ही काम करते रहे। उन्होंने लोगों को वैश्विक भाईचारा और सहिष्णुता का ज्ञान दिया। गुरुजी की शिक्षाओं से प्रभावित होकर चितौड़ साम्राज्य के राजा-रानी और अनेकानेक सामान्य जन उनके अनुयायी बनकर भक्ति मार्ग के साधक बन गए। खुशी की बात है कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संत रविदास की प्रासांगिकता को समझते हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को ऐसे संत-महापुरुषों के अनुयाइयों से संपर्क बनाने तथा उनकी स्मृति को स्थाई रूप से महत्व देने का अनुरोध किया है।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर,** बालाघाट

### नकल की तकनीकें

**जैसे-जैसे** विज्ञान नई नई तकनीक पेश कर रहा है और घड़ी जैसे छोटे उपकरण से भी इंटरनेट के जरिए व्यक्ति पूरी दुनिया से जुड़ा रह सकता है, वैसे-वैसे नकल के नए-नए फार्मूले तैयार हो रहे हैं। यहां तक कि चश्मे के जरिए से भी दूर बैठा व्यक्ति छात्रों को नकल में सहायता कर सकता है। उधर नकल माफिया के सूत्र प्रशासन व सत्ता तक जुड़े हुए होने से उनमें किसी तरह का कानूनी खौफनहीं है। एक छात्र अट्ठारह घंटे पढ़ कर अपनी तैयारी करता है। वही दसरा छात्र लाखों रुपए खर्च करके बिना पढ़े ही उससे अच्छे अंक ले आता है। और अब तो पढ़ने व नकल करने जैसी बातें भी पुरानी हो गई है। सीधे-सीधे भरपूर धन दीजिए और किसी भी विषय की फर्स्ट क्लास मार्कशीट और डिग्री प्राप्त कीजिए। अब जरूरी है कि हमारे विश्वविद्यालय परीक्षा तकनीक बदलें। प्रश्न पत्र पहले से तैयार करने के बजाए ऐन परीक्षा के वक्त ही ऑनलाइन बनाकर छात्रों को उपलब्ध करवाए जाए और परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच भी आगामी कुछ घंटों में करके उसके रिजल्ट तत्काल छात्रों को सौंप दिए जाएं तो सभी प्रकार की धांधलियां खत्म हो सकती हैं।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रशंसनीय बजट

**केन्द्रीय** बजट में समग्र विकास को प्राथमिकता दी गई है। इसकी घोषणाओं में अर्थव्यवस्था की जरूरतों का ध्यान रखा गया है और वित्तीय घाटे को कम करने के उपाय किए गए हैं। इससे अर्थव्यवस्था की साख मजबूत होगी। सार्वजनिक खर्च में की गई ऐतिहासिक वृद्धि से विभिन्न क्षेत्रों में तेजी आएगी और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। विकास दर को बनाए रखने के लिए निवेश और खपत को बढ़ाने की जरूरत थी। सरकार ने ढांचागत विकास पर होने वाले खर्च में 33 फ़ीसदी की वृद्धि की घोषणा की है जो जीडीपी का 3.3 फीसदी है। मध्यवर्ग को आयकर में छूट देने के फैसले से खपत बढ़ने की संभावना है। वित्तीय घाटे से समझौता किए बिना विकास प्राथमिकता है। वैश्विक स्तर पर विकास दर में आई कमी को देखते हुए सरकार का भारत को निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनाने का वादा स्वागत योग्य है। बजट में छोटे एवं लघु उद्योग उद्योगों के लिए की गई घोषणा काफी अहम है। देखना होगा कि इसका जमीनी क्रियान्वयन कितना सटीक व समयबद्ध तरीके से होता है।

**भूपेंद्र सिंह,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**यह** केवल किसी खास कंपनी पर अनावश्यक हमला नहीं, बल्कि भारत पर सुनियोजित हमला है।

**- गौतम अडाणी**
उद्योगपति



**यह** चिन्ता का विषय है कि गंभीर आरोपों का सामना कर रहा एक समूह भारतीय झंडे के पीछे छिप कर इसे भारत पर हमला बता रहा है।

**- मनोज झा**
राजद नेता



**यह** एक कंपनी का मामला है। नियामक देखेंगे कि बाजार मानकों का पालन हुआ या नहीं।

**- अजय सेठ**
वित्त सचिव

# मुख्यमंत्री ने डिजिटल वैन को झण्डी दिखाकर रवाना किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर डीजी वैन को झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने डीजी वैन में प्रदर्शित की जा रही देश की महत्वपूर्ण डिजिटल नव पहलों तथा वीआर सेटअप के माध्यम से विभिन्न डिजिटल एप्लीकेशन के प्रयोगों का अवलोकन किया। जी 20 कार्यक्रम के अन्तर्गत इस मोबाइल डीजी वैन का उद्देश्य जनता को डिजिटल इण्डिया के बारे में जानकारी प्रदान करना है। यह डीजी वैन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संचालित डिजिटल इण्डिया अभियान की महत्वपूर्ण डिजिटल नव पहलों माई गॉव, डिजी लॉकर, ई हॉस्पिटल, ई नाम, जेम पोर्टल,

यूपीआई, उमंग, जीएसटीएन, साइबर सुरक्षित भारत, आरोग्य सेतु आदि को दिखायेगी। इस वैन में वीआर सेटअप भी है जिसके माध्यम से लोग विभिन्न प्रकार के डिजिटल एप्लीकेशन का वर्चुअल डेमो देख सकेंगे। इस वैन में 2 स्क्रीन, इन्ट्रैक्टिव क्विज के लिए हैं जिस पर डिजिटल इण्डिया व जी20 के बारे में व्यक्ति अपने ज्ञान को प्रदर्शित कर सकते हैं।

**● वीआर सेटअप के माध्यम से विभिन्न डिजिटल एप्लीकेशन के प्रयोगों का सीएम ने किया अवलोकन**

इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, सचिव नगर विकास रंजन कुमार, मण्डलायुक्त लखनऊ रोशन जैकबए सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री का मिनिमम गवर्नमेण्ट, मैक्सिमम गवर्नेन्स संकल्प है। उनके इस सपने को पूरा करने में डिजिटल इण्डिया अभियान की बड़ी भूमिका है।

डिजिटल इण्डिया अभियान नए भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस अभियान ने ई.गवर्नेन्स के माध्यम से शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाया है। उत्तर प्रदेश ई गवर्नेन्स के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए तकनीक का भरपूर उपयोग किया जा रहा हैए जिसका पूरा लाभ जनता को मिल रहा है।

**● यह मोबाइल वैन जनता को डिजिटल इण्डिया के बारे में देगी जानकारी**

डिजिटल इण्डिया मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अन्तर्गत राशन की दुकानों में ई पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। इससे खाद्यान्न वितरण में पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित हुई है। आज प्रदेश के सभी पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को बिना भेदभाव के राशन प्राप्त हो रहा है। भू.तत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के तहत खनन प्रबन्धन के लिए माइन मित्रा एवं अन्य तकनीकी अवसंरचनाओं का सृजन किया गया है। इसी क्रम में प्रदेश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त और सक्षम बनाने के लिएए राज्य सरकार द्वारा स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत डिजीशक्ति पोर्टल के माध्यम से छात्र छात्राओं को टैबलेट, स्मार्टफोन नि:शुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। आगामी 5 वर्षों में कुल 2 करोड़ टैबलेट, स्मार्टफोन वितरित किए जाने का लक्ष्य है।

अब तक 20 लाख युवाओं को नि:शुल्क टैबलेट, स्मार्टफोन प्रदा किये जा चुके हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए प्रेरणा पोर्टल विकसित किया गया है। राज्य सरकार प्रधानमंत्री के डिजिटल इण्डिया के सपने को साकार करते हुए सभी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। नगर विकास विभाग के अन्तर्गत जीआईएस सर्वे के माध्यम से करों का निर्धारण तथा ई वेतन के माध्यम से मानव संसाधन का प्रबन्धन किया जा रहा है।

# सपा मुख्यालय में मनाई गई रविदास जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी कार्यालय में रविवार को संत रविदास की जयंती सादगी से मनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मानना रहा है कि संत रविदास महान संत थे कबीरदास ने उन्हें अपने से वरिष्ठ तथा संतों में महान की संज्ञा दी थी। अनेक राजा.महाराजा उनके शिष्य बने, संत रविदास ने सर्वसमाज को दिशा दी थी।

अखिलेश यादव ने संत रविदास को श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि संत रविदास ने सामाजिक कुरीतियों और आडंबरों का विरोध किया था। वे संत के साथ समाज सुधारक भी थे। उन्होंने देश को एक ईश्वर का उपदेश दिया था। वे ऊंच नीचए जात पात के विरोधी थे।

संत रविदास को पुष्पांजलि देने वालों में मुख्य रूप से अरविन्द कुमार सिंह, रामवृक्ष यादव, एसके राय, पासी जयवीर सिंह सहित डा. लल्लन सिंह, डा. हरीश्चन्द, राधेश्याम, अखिलेश कुमार, रजीत कुमार, इंद्रजीत, जितेन्द्र प्रसाद, सूरज, कपिल भार्गव, बृजेश भार्गव, सविंद कुमार आरके सोनकर, अजय अर्कवंशी, राजेश यादव तथा आनंद लाल आदि।

# सरकार सभी वर्गों के हित के लिए कर रही काम

**● उप मुख्यमंत्री ने लांच की वेबसाइट**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में वेबसाइट लांच किया यही नहीं उन्होंने मोबाइल ऐप का भी किया लोकार्पण। इस वेबसाईट और ऐप पर घर बैठे कोई भी व्यक्ति अपनी या सार्वजनिक शिकायत, अनुरोध पत्र या सुझाव इस ऐप और वेबसाइट पर दे सकता है और सुझाव या शिकायती पत्र पर हुई कार्यवाही का विवरण भी वह घर बैठे देख सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे लोगों की समस्याओं का त्वरित गति से समाधान होगा। जन आकांक्षाओं और अपेक्षाओं में को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गयी है। सुदूर ग्रामीण अंचलों में अपने घर से भी कोई भी व्यक्ति अपनी या सार्वजनिक शिकायतए अनुरोध पत्र या सुझाव इस ऐप और वेबसाइट पर दे सकता है और उनके पत्र पर हुई कार्यवाही का विवरण भी वह व्यक्ति घर बैठे देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन या उप मुख्यमंत्री कार्यालय में या जनसुनवाई में दिए गए शिकायतकर्ता, प्रार्थना पत्र की प्रगतिए वेबसाइट के लिंक पर क्लिक करके जान सकते हैं और कोई भी आगंतुक उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मिलने के बाद अपने फोटो को लाइब्रेरी से प्राप्त कर सकता है।

उन्होंने कहा यूं तो जनता के द्वारा बनाई गई सरकार गांव चौपालों के माध्यम से जनता के द्वार पर जाकर उनकी समस्या का निदान करने का एक प्रदेश व्यापी अभियान चल रहा है लेकिन जो लोग चौपालों में किन्ही कारणों से नहीं आ सकते या लखनऊ नहीं आ सकतेए वह इस वेबसाइट और ऐप पर ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं।

डबल इंजन की सरकार सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र के साथ गरीब कल्याण योजनाओं का संचालन कर रही है। डबल इंजन सरकार भ्रष्टाचारमुक्त .अपराधमुक्त समाज का निर्माण कर रही है।

योजनाओं के क्रियान्वयन में कहीं लीकेज न हो इसके लिए भी सरकार प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में गांवों में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

# सरकार किसानों के साथ सूट-बूट वालों को भी दे रही धोखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के साथ ही सूट बूट वालों को भी धोखा दे रही है। जी.20 बहाना है। पुराने इन्वेस्टमेंट में कितना पैसा आया, यह भाजपा सरकार क्यों नहीं बताती है। उन्होने कहा कि नाम बदलने से विकास नहीं होता है। भाजपा सरकार ने किसानो, नौजवानों को धोखा दिया हैए अब सबको धोखा दे रही है। ये तमाम सवाल हम लोग उठाते रहे हैंए इसके लिए संघर्ष करेगें।

अखिलेश यादव रविवार को आगरा में मीडिया से वार्ता कर रहे थे। उन्होने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और जी.20 के नाम पर भी भाजपा सरकार जनता को धोखा दे रही है। अगर इस सरकार ने समाजवादी सरकार द्वारा कराए गये विकास कार्यो को आगे बढ़ाया होता तो जी.20 की तैयारी के लिए इतनी मेहनत नहीं करनी पड़ती। इसी तरह से सरकार ने कोई औद्योगिक नीति बनायी होती तो लोग निवेश करने आते।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बताए कि पिछले निवेशक सम्मेलन में कितना निवेश आयाघ् कितना निवेश जमीन पर उतराए और कितने लोगों को रोजगार मिला। मुख्यमंत्री जी इन्वेस्टर्स समिट को लेकर झूठ बोल रहे हैं। एक तरफ बजट न देकर उद्योगपतियों को भगाया जा रहा है। दूसरी तरफ इन्वेस्टर्स मीट कर बुलाया जा रहा है।



समाजवादियों ने कभी किसी को अपमानित नहीं किया है, सबको स्वीकार किया। हम लोग भगवान विष्णु से लेकर उनके जितने अवतार हैए सबका सम्मान करते हैं। यादव ने कहा कि संविधान हमारा धर्म है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकरए डा राम मनोहर लोहिया ने कोशिश किया कि जातियां खत्म हो जायें। नेताजी कोशिश करते रहे जातीय भेदभाव खत्म होए लेकिन कुछ चीजें सच्चाई हैए उसे स्वीकार करनी पड़ेगी। श्री यादव ने लोगों को बीजेपी से बचने की सलाह देते हुए कहा कि वह मायावी पार्टी है कब क्या मुद्दा उठा दे पता नहीं चलेगा। भाजपा चमत्कार करती रहती है।

यादव ने कहा कि मुगल म्यूजियम नाम बदलने से विकास नहीं है। ये देश का बड़ा सवाल हैए एक दिन में समझने से नहीं होगा। अगर आप महाभारत पढ़ोगे तो दानवीर कर्ण के साथ क्या हुआघ् कर्ण को कितना अपमानित होना पड़ा। यादव ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि जातीय जनगणना नही हो सकती सरकार से हट जाएं।

# अन्तरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के 1 तस्कार को 90 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गॉजा अनुमानित मूल्य लगभग 45 लाख रूपए के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त राज किशोर मिश्रा उर्फ बब्बू भारत गैस एजेन्सी के पास नारी बारी थाना क्षेत्र शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ को विगत काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। अभिसूचना के दौरान ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की व्यापक तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य अपने सहयोगियों के साथ छत्तीसगढ़ से अवैध मादक पदार्थों की खेप लेकर डिजायर कार से मध्य प्रदेष के रास्ते प्रयागराज आने वाले है। इस सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए एसटीएफ मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर उक्त डिजायर कार आती हुई दिखाई दी जिसे एसटीएफ टीम ने घेरकर रोक लिया



गया तथा उक्त डिजायर कार की डिग्गी से 90 किग्रा अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूँछताछ में बताया कि यह अवैध गॉजा रोहित त्रिपाठी ग्राम कनैली पोस्ट कनैली प्रयागराज का है। मेरे ही गॉव के रहने वाले सचिन उपाध्याय पुत्र बड़का निवासी रक्सराई थाना सराय अकिल कौशाम्बी ने दो तीन दिन पहले मेरे मोबाइल नम्बर पर फोन किया तथा जगदलपुर छत्तीसगढ़ पहुँचकर मुझसे बताया कि डिजायर कार में गॉजा लेकर गॉव चलना है जिसके बदले में मुझे 50 हजार रूपये देने को कहा। इस पर मै 50 हजार रूपये के लालच में तैयार हो गया। सचिन ने सफेद अपाचे मोटर साइकिल से गॉजा के पैकेट लाकर डिजायर कार की डिग्गी में लाद दिया तथा सचिन सफेद अपाचे मोटर साइकिल से ही कार के आगे.आगे चलकर पुलिस से बचने के लिए पायलटिंग करने लगा लेकिन नारी बारी में आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया जिस समय आप लोगो ने मुझे पकड़ा उस समय सचिन कार के थोड़ा आगे अपाचे मोटर साइकिल से ही खड़ा था जो आप लोगों को देखकर मौके से फरार हो गया। सचिन उपाध्याय उपरोक्त ग्राम कनैली के रोहित त्रिपाठी उर्फ पट्टर के साथ मिलकर गॉजें की तस्करी का काम पिछले कई वर्षो से कर रहे है। सचिन उपाध्याय एवं रोहित त्रिपाठी उर्फ पटट्र की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की शिकायत पर पकड़ी गई बिजली चोरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा चलाये जा रहे केवाईसी अभियान का जमीनी स्तर पर अब व्यापक असर दिखने लगा है। जहां एक ओर नए उपभोक्ताओं में बढ़ोतरी हो रही है वहीं दूसरी ओर अवैध कनेक्शन धारकों पर भी जमकर कार्रवाई हो रही है।

मथुरा में केवाईसी अभियान के तहत शाही ईदगाह परिसर में उपखंड अधिकारी मसानी के नेतृत्व में सुबह से ही जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं विद्युत परिवर्तन दल मथुरा ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत शाही ईदगाह परिसर में अवैध कनेक्शन से विद्युत का उपयोग पाया गया। संयुक्त टीम में त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध कनेक्शन काट दिया और अवैध विद्युत प्रयोग के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत एंटी थेफ्ट में थाना कृष्णा नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं नियमानुसार राजस्व निर्धारण किया गया। उसके उपरांत निर्धारित किए गए राजस्व का भुगतान शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी के सचिव तवनीर अहमद से वसूला गया है। विद्युत विभाग ने यह कार्रवाई श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट द्वारा प्राप्त शिकायत के उपरांत की गई है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंध समिति में अनाधिकृत रूप से बिजली चोरी की जा रही है। सचिव तनवीर के नेतृत्व में दर्जनों से अधिक लोग बिजली की मुख्य आपूर्ति के लिए तार डालकर बिजली चोरी कर रहे हैं। यह कृत्य

**● ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर विद्युत विभाग के केवाईसी अभियान का जमीनी स्तर पर दिख रहा असर**

काफी वर्ष से चल रहा है। पत्र में यह भी लिखा गया है कि ईदगाह में न तो मीटर है, न ही बिल और न ही बिजली का कोई रजिस्टर्ड कनेक्शन है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट द्वारा यह भी मांग की गई कि शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंध समिति के विरोध सख्त कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा गलत तरीके से उपयोग की गई बिजली की गणना कर उनसे नुकसान की भरपाई कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए कनेक्शन काटकर जुर्माना भी वसूला है। विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से जहां एक ओर वैध विद्युत कनेक्शन धारकों में हर्ष का माहौल हैए तो वहीं अवैध धारकों में भय भी व्याप्त है। विद्युत विभाग द्वारा 1 फरवरी से केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विद्युत उपभोक्ता बढ़ाने के लिये भी व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं।

अवैध विद्युत कनेक्शन पर जहां एक ओर कार्रवाई हो रही है वहीं लोगों को विद्युत कनेक्शन लेने के लिये प्रेरित भी किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत लाइन लास वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां नियमित संयोजन देने हेतु विशेष प्रयास भी किये जा रहे हैं। वहीं कटिया संयोजन नियमितीकरण अभियान भी चलाये जा रहे हैं। बिना संयोजन लिए बिजली का उपयोग करने वालो को विद्युत संयोजन लिये जाने के लिए प्रेरित कर और उन्हें हर हाल में संयोजन उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित किया जा रहा है। ऐसे आवेदक जिनके विरुद्ध विद्युत चोरी के प्रकरणों, लम्बित बकाया अथवा एफआईआर दर्ज है उनसे सादा पेपर पर एक घोषणा पत्र लिया जा रहा है जिसमें ऐसे प्रकरणों पर भविष्य में जो भी नीतिगत निर्णय होगा, वह उन्हें मान्य होगा और उन्हें संयोजन दे दिया जायेगा।

## निर्दोष जानवरों को मारने का कोई प्राविधान नहीं:हाईकोर्ट

विधि संवाददाता। लखनऊ

**आवारा** कुत्तों व समस्या पैदा करने वाले पक्षियों तथा जंतुओं को मारने का आदेश देने की मांग वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा है कि ऐसा कोई प्राविधान नहीं है, जो बेगुनाह जानवरों को मारने का आदेश देता हो।

जस्टिस रमेश सिन्हा एवम् जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने यह आदेश मनोज कुमार दूबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका को खारिज करते हुए दिया है। याचिका में आवारा कुत्तों समेत समस्या पैदा करने वाले तथा खतरनाक हो चुके पक्षियों व जानवरों को समाप्त करने की मांग की गई थी। इसके लिए नगर निगम को आदेश देने की मांग याचिका में की गई थी।

पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई प्राविधान नहीं हैए जो नगर निगम को निर्दोष पशुए पक्षियों व जंतुओं को मारने का आदेश देता हो।

## सामाजिक समरसता व समानता के पोषक थे रविदास

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने विचारों से सम्पूर्ण जगत में सामाजिक एकता व समरसता का सन्देश देने वालेए सामाजिक परिवर्तन के महानायक, परमज्ञानी संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती पर देश और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# देश की हालत काफी चिन्ताजनक : मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने रविवार को संत रविदास जयंती के मौके पर सत्तारूढ़ दलों से कहा कि वे राजनीतिक हितों के लिए सिर्फ संत रविदास के समक्ष नतमस्तक ही न हों, बल्कि उनके बताए मार्ग पर भी चलें।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के सन्तों की परम्परा में जाने-माने सन्तगुरु रविदास ने अपना सारा जीवन लोगों को इन्सानियत का जीवन अपनाने का संदेश देने में गुज़ारा और इस क्रम में ख़ासकर जाति भेद के ख़िलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष करते रहे। ऐसे महान् सन्तगुरू के जीवन सत्य को जीवन में उतार कर लोगों का जीवन धन्य करने के बजाय राजनीतिक स्वार्थ की ख़ातिर उनके आगे केवल माथा टेकते रहना कितना उचित। अगर उनके उपदेशों पर यहाँ सही से अमल किया जा रहा होता तो देश की हालत काफी



चिन्ताजनक कभी भी नही होती। ऐसे महान सन्तगुरू रविदास के आदर-सम्मान में व उनकी स्मृति को बनाये रखने के लिये बीएसपी की सरकार ने अनेकों अविस्मरणीय कार्य किये गए हैं उनमें सन्त रविदास जी के नाम पर भदोही को ज़िला मुख्यालय का दर्जा सुरक्षित रखते हुए नया संत रविदास ज़िला बनाया गया। जिसे बाद की समाजवादी पार्टी की सरकार ने अपनी जातिवादी सोच व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, किन्तु भाजपा सरकार ने भी उसी संकीर्ण सोच पर काम करते हुए इसका नाम अब तक बहाल नहीं किया है, किन्तु यूपी में जब भी बीएसपी. की सरकार बनेगी सन्त रविदास जिले को बहाल किया जाएगा। मायावती ने कहा कि दुनिया में अपनी रैंकिंग जमाने वाले देश के एक व्यवसायी के कारण भारत का आर्थिक जगत हताश, निराश व उदास है तथा देश की अर्थव्यवस्था व आम जनजीवन पर भी इसका दीर्घकालीन प्रभाव पड़ने वाला है, फिर भी अन्य मामलों की तरह ही अदाणी प्रकरण में भी सरकार द्वारा सदन के माध्यम से देश की जनता को विश्वास में नहीं लेना अति दु:खद। जबकि सरकार को जनता के विश्वास से इस प्रकार का खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

# सरकार की चुप्पी जनता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण : कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आने के बाद भारत के मशहूर उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनियों के शेयर में गिरावट का दौर जारी है।नियामक संस्थाओं और सरकार का चुप्पी साध लेना देश की जनता के लिए सबसे दुर्भाग्यपूर्ण समय है।वह भी जब देश की वैश्विक स्तर पर आर्थिक छवि को लेकर पूरे विश्व में चिंता का विषय बना हुआ है।आज देशवासियों में इस आर्थिक अव्यवस्था की ख़बर से भ्रम और असमंजस की स्थिति पैदा हो चुकी है। सरकार को जनमानस के बीच स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि सरकार की इस मामले में बेरुखी को देखते हुए आगामी 6 जनवरी एसोमवार को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के निर्देश पर समूचे देश में कांग्रेसजन एसबीआई और एलआईसी मुख्यालयों संस्थानों पर अपना धरना विरोध प्रदर्शन दर्ज कराके सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग करेंगे।कांग्रेस ने इस पूरे आर्थिक मामले और घटनाक्रम की विस्तृत जांच हेतु संसद में जेपीसी की मांग किया है। श्रीवास्तव ने बताया कि इसी क्रम में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में भी एसबीआई और एलआईसी के वित्तीय संस्थानों पर सांकेतिक धरना प्रदर्शन देकर कांग्रेस कार्यकर्ता अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि कि इस आर्थिक संकट को लेकर और केंद्र सरकार के रुख हमेशा से अस्पष्ट रहा है। इस पूरे आर्थिक घटनाक्रम को देखते हुए देश के प्रमुख बैंकोंए आरबीआई और सरकार ने किसी सरकारी बैंक के इस ऋण दान के विशेष ऑडिट कराने का निर्देश नहीं दिया हैए जो अडानी समूह को दिए गए ऋण के नियमों और शर्तों को जांच के दायरे में लेकर जांच और ऑडिट करता हो। क्या वित्त मंत्री सेए संसद मेंए इस मसले पर जवाब नहीं मांगा जाना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि आर्थिक विशेषज्ञों की रिपोर्ट और तथ्यों अभिलेखों के अध्ययन से स्पष्ट है कि लगभग 4 लाख करोड़ रुपये के ऋण का एक बड़ा हिस्सा बहुत कम अथवा बिना किसी संपत्ति के आधार पर दिया गया है। यह आर्थिक निर्णय समूह की संपत्ति का मूल्यांकनए मात्र एक कल्पना है। आज जब अडानी के शेयरों ने ?46000 करोड़ का नुकसान हुआ। तो शेयर मार्केट लिस्टेड गौतम अडानी की 7 कंपनियों के मार्केट कैप में 2ण्83 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। शेयर मार्केट में आई गिरावट से गौतम अडानी की नेटवर्थ भी कम हुई है।

# कानून का राज स्थापित होने से विकास व निवेश बना यूपी की पहचान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** मंत्री भूपेंद्र यादव ने रविवार को लखनऊ में भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विकास व निवेश यूपी की पहचान बन चुकी है। भाजपा के नेतृत्व में कानून का शासन स्थापित होने से ऐसा संभव हो सका है। यूपी का सौभाग्य है कि यहां पर एक बड़ा ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास को पूरा करने वाला है। प्रगतिशील बजट है जिसमें एससीएसट, ओबीसी, महिला व कमजोर वर्ग का कल्याण होगा।

भूपेंद्र यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के साथ देश की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। जो आर्थिक सर्वे आया है वह इस बात को दर्शाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था कोविड महामारी के बाद




तेजी से आगे बढ़ी है। यह सर्वे यह भी बता रहा है कि देश का एमएसएमई सेक्टर पिछले वर्ष के मुकाबले 30 फीसदी बढ़ा है। पिछले नौ वर्ष में ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की सारी प्रक्रिया को केंद्र सरकार ने अपनाया। जिससे यह सुखद स्थिति नजर आ रही है।बजट लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि इस बजट में ग्रीन क्रेडिट का विषय आया है। पीएम आवास योजना और इस जैसे अन्य कामों को सरकार ने तवज्जो दी है। केंद्र सरकार गरीब कल्याण के साथ ही युवाओं व महिलाओं की ताकत को बढ़ा रही है। अनेकता में एकता की परिकल्पना को मजबूत करने की दिशा में सरकार काम कर रही है। यह बजट स्वास्थ्य, सुशासन, एससीएसटी व पिछड़ों का विकास, महिलाओं का सशक्तीकरण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाला है। बजट लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। भूपेंद्र यादव ने कहा कि यह बजट पूरे देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा। क्लीन व ग्रीन रोड के लिए सीएनजी को सस्ता करने के लिए अच्छे कदम उठाए गए हैं। पीएम गतिशक्ति के तहत पोर्ट, रेल, डिजिटल कनेक्शन, ट्रांसपोर्ट, इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए और 10 लाख करोड़ रुपये पूंजी का प्राविधान किया गया है। शहरों के विकास का प्राविधान है।

## सीतापुरवासियों को मिली सौगात

# खैराबाद की अवधपुरी कालोनी में हुआ सिटी हॉस्पिटल का शुभारम्भ

**संवाददाता।** सीतापुर

● सांसद राजेश वर्मा ने किया उद्घाटन

**सीतापुर** वासियों के लिए रविवार का दिन एक नए हॉस्पिटल की सौगात लेकर आया क्योंकि अब उन्हें उच्च स्तरीय इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर भागदौड़ नही करनी पड़ेगी। खैराबाद कस्बे की अवध कालोनी में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले सिटी हॉस्पिटल का शुभारम्भ सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया। हॉस्पिटल शुभारम्भ अवसर पर सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि खैराबाद में अस्पताल खुलने से ग्रामीण इलाके के मरीजों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। अपने पिता खैराबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय प्रकाश त्रिपाठी प्रेम से जनसेवा की प्रेरणा लेकर डॉ. अविजित त्रिपाठी ने क्षेत्र की जनता को कम पैसे में मेडिकल सुविधाएं देने के उद्देश्य से सिटी हॉस्पिटल का शुभारम्भ किया। शुभारम्भ अवसर पर आए हुए अतिथियों का स्वागत डॉ. अविजित त्रिपाठी और उनकी धर्म पत्नी डॉ. पूजा त्रिपाठी ने उपहार व बुके देकर किया। यह जानकारी देते हुए अस्पताल मालिक डॉ. अविजित त्रिपाठी ने बताया कि हॉस्पिटल में एक ही छत के नीचें मरीजों का उपचार, जांच, इलाज व दवाओं की सुविधा रहेगी। हॉस्पिटल में कुशल चिकित्सों की टीम द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा। एक दर्जन से अधिक चिकित्सकों द्वारा जरनल सर्जरी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक, कान, गला रोग, दांत, त्वचा, बालों से सम्बन्धित समस्त बीमारियां, नेत्र रोग, बाल रोग सहित अन्य बीमारियों का इलाज किया जाएगा। यही नहीं सभी प्रकार की जांचे, फिजियोथेरेपी, पैथालॉजी, एक्स-रे व दूरबीन विधि द्वारा पथरी की सर्जरी की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा प्लास्टिक सर्जरी की भी सुविधा अस्पताल में उपलब्ध रहेगी। हॉस्पिटल में डेंटल सर्जन डॉ. अविजित त्रिपाठी, डॉ. पूजा त्रिपाठी, डॉ. नवीन कुमार शुक्ला, डॉ. हर्षिता, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. आर गुप्ता, डॉ. के.एल. वर्मा,द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा।

# हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बीडीओ खैराबाद को फटकारा

**संवाददाता।** सीतापुर

● इलसिया ग्रंट में हिंदू ग्रामीणों ने आवास एवं शौचालय न देने का लगाया आरोप

● बीडीओ ने दी सफाई कहा सभी पात्रों को मिल रहा है योजनाओं का लाभ

**भारत** देश को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए समर्थन जुटाने की गरज से राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना द्वारा निकाली जा रही, जनजागरण यात्रा में पांचवे दिन उस समय माहौल गरमा गया, जब राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू के नेतृत्व में यात्रा सीतापुर के खैराबाद ब्लाक अंतर्गत ग्राम इलसिया ग्रंट पहुंची।

यहां के हिंदू निवासिनियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने आरोप लगाया कि प्रधान द्वारा मजहबी भेदभाव के चलते हिंदूओं को न तो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है और न ही शौचालय बनवाए गए है। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि उनके बीडीसी ने शौचालय बनवाने के नाम पर उन सभी से 2-2 हजार रूपए तो वसूल लिए, लेकिन शौचालय नहीं बनवाए। ग्रामीणों के आरोपों से खिन्न राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने इसे लेकर एसडीएम सदर को फोन मिलाया तो उन्होंने मामला सुनते हुए इस बारे में बीडीओ खैराबाद चंद्रभान सिंह से बात करने के लिए कहा।

इलसिया ग्रंट के ग्रामीणों का आरोप है कि पहले से उनके यहां शराफत प्रधान थे, सीट आरक्षण के बाद उन्होंने अपने एक करीबी रमेश को प्रधान बनवा दिया है, जो उनके इशारों पर काम करता है।

# यहां एक्स-रे ही नहीं दवा भी लानी पड़ती है बाहर से

**संवाददाता।** सीतापुर

● सांड के हमले से जख्मी महिला ने इलाज में 1800 रूपए खर्च कराने का लगाया आरोप

● डाक्टर ने जबरदस्ती बाहर से मंगाई दवाएं, सीएचसी अधीक्षक ने कहा जानकारी मिली है करेंगे जवाब तलब

**अस्पताल** सरकारी इलाज निजी खर्च पर। जी हां यह कोई कहावत नहीं बल्कि हकीकत है, जो सीतापुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा से सामने आ रही है। सभी जानते है कि साधन संपन्न लोग तो महंगे-महंगे निजी अस्पतालों में भी इलाज करा लेते है, लेकिन गरीब सरकारी अस्पतालों की तरफ ही दौड़ता है, सरकार भी अपने अस्पतालों को तमाम धन उपलब्ध कराती है, ताकि वहां आने वालों को बेहतर इलाज मिल सके, लेकिन अगर कोई डाक्टर मरीजों का शोषण करने पर उतर आए तो इसे शर्मनाक नहीं तो और क्या कह सकते है, बता दें कि रेउसा क्षेत्र के नेवादा निवासी रसूले की 45 वर्षीया पत्नी नूरजहां शनिवार शाम को जब अपने घर के सामने बैठी थी, तभी वह दो आवारा सांडों के बीच चल रही मुठभेड़ की चपेट में आ गई थी, इसके चलते उसके दोनों पैरों की हड्डी टूट गई थी, आरोप है कि घायल महिला को रेउसा सीएचसी लाया गया, जहां पर तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने उसका उपचार किया। घायल मां को अस्पताल लेकर आए बेटे मोहम्मद सूफ्यिान ने बताया की प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा बाहर से दवाइयां लिखी गई और एक्स-रे भी करवाया गया। पीड़ित का कहना था की यदि वह महंगा उपचार कराने में सक्षम होता तो सरकारी अस्पताल क्यों आता। मोहम्मद सुफ्यिान के आरोप कितने सही है, और कितने गलत है, यह तो जांच का विषय है, तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा, लेकिन यहां पर अवैध वसूली और बाहर से दवाएं खरीदने पर मजबूर करने के आरोप तो आए दिन हवा में तैरते रहते है। बहरहाल आई इंडिया द्वारा प्रकरण की जानकारी दिए जाने पर सीएचसी अधीक्षक डा. विकास मिश्रा ने कहा कि आरोप के संबंध में संबंधित डाक्टर से लिखित में जवाब तलब करेंगे और आरोप सच निकला तो उचित कार्रवाई की जाएगी। वैसे डाक्टर शैलेंद्र कुमार वर्मा का रेउसा सीएचसी से रिश्ता पुराना है, यहां पर यह उनकी दूसरी तैनाती है। चर्चा है कि उन्होंने महमूदाबाद में कोई निजी अस्पताल भी खोल रखा है, जहां पर जाना आना आसान रहे इसलिए उन्होंने काफी जोर लगाकर दूसरी बार रेउसा के लिए तबादला कराया है।

# अवैध राइफल और दो बंदूकों के साथ पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**संवाददाता।** निघासन-खीरी




**निघासन** पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए शस्त्र अधिनियम के तहत पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी निघासन संजयनाथ तिवारी के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली निघासन इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में निघासन पुलिस बल द्वारा अभियुक्त गण कमाल उर्फ ढिल्लन पुत्र लाल मोहम्मद ए निहाल उर्फ बिजली पुत्र लाल मोहम्मद ए सुलेमान पुत्र अनवार अली उर्फ प्रधान, सुल्तान पुत्र अनवार अली उर्फ प्रधान निवासी गण ग्राम सिसवारा गदियाना मजरा छेदुई पतिया को ग्राम मुर्गहा से आगे नहर के पास गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त निहाल उर्फ बिजली की जामा तलाशी से एक अदद अवैध नाजायज देशी बंदूक 12 बोर मय दो जिंदा कारतूस, अभियुक्त निहाल उर्फ बिजली की जामा तलाशी से एक नाजायज देशी रायफल 315 बोर मय दो जिंदा कारतूस, अभियुक्त सुलेमान की तलाशी लेने पर एक लपलपाती हुई तेज धार वाली तलवार बरामदगी हुई। इसी प्रकार अभियुक्त छबीले पुत्र जमालुद्दीन निवासी ग्राम ढकवा को ग्राम पतिया . बल्लीपुर मार्ग पर खड़ंजा मोड़ के पास दबोचा गया। अभियुक्त छबीले की जामा तलाशी के दौरान एक नाजायज देशी बंदूक 12 बोर व दो जिंदा कारतूस की बरामदगी हुई। सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि जबसे पुलिस अधीक्षक गणेश साहा ने इस जनपद का कार्यभार संभाला है तबसे यहां की पुलिस में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सिंह की कुशल रणनीति के चलते बड़े बड़े रसूखदार अपराधियों को जेल की हवा खानी पड़ रही है। पुलिस की ताबड़तोड़ निरोधात्मक कार्रवाई के चलते अपराधियों में भय व्याप्त हो गया है जबकि क्षेत्रीय जनता अब रात में चैन की नींद सोती है। इस गिरफ्तारी अभियान को सफल बनाने में इंस्पेक्टर क्राइम पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी , उपनिरीक्षक अनिल कुमार राजपूत , हेड कांस्टेबल विकास पवार , जयप्रकाश यादव , कांस्टेबल माधव तथा भूपेंद्र कुमार कुमार की भूमिका काबिले तारीफ रही ।

## जंगल में रोड के किनारे विशालकाय अजगर निकलने से मचा हड़कंप

**मैलानी-खीरी।** मैलानी बफरजोन की गदनिया बीट मे आज दिनांक 05/02/23 को सुबह जंगल मे रोड के किनारे विशालकाय अजगर राहगीरों मे



हडकम्प मच गया। देखते ही देखते काफी मात्रा में लोगों की भीड एकत्र हो गयी। घटना की सूचना पाकर पाकर वन विभाग के फारेस्टर अरूण कुमार सिह भारत बब्लू सहित तमाम वन कर्मी मौके पर पहुंचे तथा कडी मशक्कत के बाद विशालकाय अजगर को पकड़कर बोरी मे बंद करके जंगल मे वन विभाग की टीम अन्यन्त्र स्थान पर छोडने चली गयी थी। इससे पूर्व भी कयी बार इसी तरह अजगर सांप निकल चुके है जिसे वन विभाग की टीम द्वारा पकड कर जंगलों मे छोडा जा चुका है।

# पीएम किसान सम्मान निधि के लिए डाकघर में खुलवाएं खाता

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जनपद** लखीमपुर खीरी में भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की तेरहवीं किस्त जारी होने वाली है परंतु पूरे देश में लाखों किसानों के बैंक खातों में आधार सीडिंग और ईकेवाईसी ना होने के कारण कई किस्तों की राशि उनके खाते में नहीं आ पा रही है। इस दिक्कत को दूर करने हेतु कृषि मंत्रालय एवं संचार मंत्रालय के डाक विभाग के बीच समझौता हुआ है उनकी डाक विभाग अब बचत खाता और डाक विभाग के द्वारा संचालित भारतीय डाक भुगतान बैंक का पीएम किसान सम्मान प्रीमियम खाता आधार और अंगूठे से खुलता है अत: ऐसी समस्या डाक विभाग एवं आईपीपीबी द्वारा खोले गए खातों में नहीं होगी पूरे खीरी जनपद में कुल 55000 किसान ऐसे हैं जिनके बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान राशि नहीं आ रही है। ऐसे में निर्देशानुसार समस्या को दूर करने एवं पीएम किसान सम्मान योजना हेतु खाता खुलवाने के संबंध में कृषि विभाग से कोऑर्डिनेटर कर जनपद में अभियान चलाया गया है। इस संबंध में किसानों की बीएलओ वार लिस्ट तो प्राप्त हो गया है परंतु कृषि विभाग से गांव वाइज डाटा भेजने हेतु डाक विभाग के द्वारा आग्रह किया गया है।

पूरे जनपद में एक अभियान चलाकर पीएम सम्मान खाता खोलने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए डाक अधीक्षक संजय गुप्ता के द्वारा किसानों से आग्रह किया गया है कि वह अपना खाता डाकघर और आईपीपीबी में खुलवाएं।

## कार की टक्कर से बच्चा घायल

**बरेली।** सड़क पार कर रहे एक बच्चे को तेजी से आ रही कार ने टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव शाहगढ़ निवासियों नसीम अहमद के 8 वर्षीय बेटे मोहम्मद शमी को इलाज के लिए आज शाम घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मोहम्मद शमी के घर वालों ने बताया कि वह आज गांव के बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से बाहर गया था लेकिन इसी दौरान गांव के पास से जब वह सड़क पार कर रहा था तेजी से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाली कार फरार हो गई साथ खेल रहे बच्चों ने घटना की जानकारी शमी के घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# खीरी में आज सीएचसी स्तर पर मनेगा कन्या जन्मोत्सव, तैयारियां हुईं पूरी

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी




**बेटी** बचाओ बेटी पढ़ाओ का सन्देश देते हुए महिला कल्याण विभाग के तत्वावधान में जनपद खीरी में एक अनोखे अंदाज में नव जन्मी कन्याओं जन्मोत्सव मनेगा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम ने बताया कि 06 फरवरी दिन सोमवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनाष् के तहत नवजन्मी कन्याओं का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। बताया कि सरकार और प्रशासन का मात्र एक लक्ष्य है कि बेटियों को बेटों की तरह मान.सम्मान दिया जाए और बेटी के जन्म होने पर भी बेटों जैसे रीति.रिवाज मनाए जाएं। केंद्र और राज्य सरकार के इस मिशन को लेकर प्रशासन की ओर से कन्या जन्म महोत्सव भव्यता से मनाया जाएगा।

कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रशासन नव जन्मी कन्याओं के अभिभावकों को बेबी किट बधाई पत्र देकर सम्मानित करेगा। वही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्लोगन पर तैयार केक काटकर जन्मदिन को धूमधाम से मनाया जाएगा। गतिविधि का आयोजन मुख्यता बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा आदि हेतु प्रोत्साहित करना है। बालिका जन्म को बढ़ावा देना है। डीपीओ ने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु महिला कल्याण विभाग के कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है।

# जेसीआई ने जिला महिला चिकित्सालय में बांटे फल



**लखीमपुर खीरी।** जेसीआई ने आज जिला महिला चिकित्सालय में ईच वन फीड वन कार्यक्रम के अंतर्गत फल वितरण का कार्यक्रम जेसी पूजा पुरी, जेसी आलोक शुक्ला के कुशल निर्देशन, अध्याय अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया।

महिला अस्पताल में भर्ती महिलाओं को संस्था की ओर से फल वितरण करने के लिए डॉ ज्योति सिंह जी सीएमए ने कहा कि जेसीआई लखीमपुर खीरी समय.समय पर ऐसे जन कल्याणकारी कार्य करती रहती है। इसके लिए उनका साधुवाद करती हुँ। अध्याय अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्ता जी ने कहा कि जेसीआई लखीमपुर खीरी प्रत्येक माह हम उन जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे कार्य करते रहेंगे जिससे समय.समय पर हम समाज को भी ऐसे कार्य करने के लिए प्रेरित करें।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ ज्योति सिंह सीएमएस ;जिला महिला चिकित्सालय डॉ राधिका सिंह, सचिव कुमार उत्कर्ष, उपाध्यक्ष राहुल माथुर, सचिन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष तुषार गर्ग, योगेश जोशी ज्योती, सुधीर, जेसी सदस्य एवं मरीज उपस्थित रहे!

# हवाईअड्डे पर अखिलेश का स्वागत

**संवाददाता।** बरेली



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का विभिन्न जगह स्वागत हुआ मासूमी फार्म हाउस के सामने स्वागत किया स्वागत करने वालो में संजीव कुमार सक्सेना, प्रमोद बिष्ट,संजीव यादव,अरविन्द यादव,हैदर अली, अनुराग सिंह नीटू, मोहित भारद्वाज,रिजवान बरकाती, शम्मू खान आदि प्रमुख थे रामपुर रोड जाते समय उसके बाद फतेहगंज पश्चिमी नेशनल हाईवे पर सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का स्वागत किया।

शनिवार को नेशनल हाईवे ठिरिया खेतल पर सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संविधान निर्माता की तस्वीर भेंट की। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव त्रिशूल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद कार द्वारा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक युसूफ अंसारी के यहां शादी में शिरकत करने के लिए मुरादाबाद जा रहे थे। कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया का काफिला पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। कुछ देर के लिए यहां रूककर स्वागत कर रहे लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान भूपेंद्र कुर्मी, एडवोकेट इमरान अंसारी, अमित सिंह, राधा सोमवंशी, महेंद्र शर्मा, कपिल यादव,गोपेश यादव, इरशाद अहमद, समीउद्दीन,मुहम्मद इस्लाम सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# पेज एक का शेष

## अडानी मुद्दे...

वाली बैठक में उपस्थिति की पुष्टि की है। इसी तरह की बैठक पिछले शुक्रवार को उसी कक्ष में आयोजित की गई थी, जहां विशेष रूप से अडानी और चीन संकट के मुद्दों पर मोदी सरकार को घेरने के लिए सामूहिक रणनीति बनाई गई थी। इन 16 दलों में कांग्रेस, डीएमके, सपा, आप, बीआरएस, शिवसेना, आरजेडी, जेडीयू, सीपीआईएम, सीपीआई, एनसीपी, नेशनल कांफ्रेंस, आईयूएमएल, केरल कांग्रेस (जोस मणि), केरल कांग्रेस (थॉमस) एवं आरएसपी शामिल रहे। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों में मोदी के रथ को रोकने के लिए विपक्षी एकता के आह्वान की पृष्ठभूमि में ऐसा पहली बार हुआ कि अधिकांश विपक्षी दल भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को घेरने के लिए संसद में एक छतरी के नीचे आए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अडानी समूह मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) या सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराने की मांग उठायी। कुछ नेताओं ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जांच का भी समर्थन किया। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) की नेता और राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने पायनियर को बताया कि अब तक विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से सवाल पूछे हैं। यदि मोदी सरकार अपना रवैया नहीं बदलती है और विपक्ष की लोकतांत्रिक मांगों की अनदेखी करती रही, तो बजट सत्र के शेष दिनों में भी वे चुप नहीं बैठेंगे और अपनी मांग दोहराते रहेंगे।

## कांग्रेस ने...

घरानों को दंडित करने के लिए वर्षों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया है, जो उनके साथियों के वित्तीय हितों के अनुरूप नहीं हैं। रमेश ने सवाल किया कि अडानी समूह के खिलाफ वर्षों से लगाए जा रहे गंभीर आरोपों की जांच के लिए क्या कभी कोई कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या प्रधानमंत्री के अधीन मामले में सही और निष्पक्ष जांच की कोई उम्मीद है। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी समूह पर लगे आरोपों के बीच मोदी सरकार ने गहरी चुप्पी बनाए रखी है, जिससे मिलीभगत की बू आती है। रमेश ने कहा कि चार अप्रैल 2016 को पनामा पेपर्स खुलासे के जवाब में वित्त मंत्रालय ने घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से एक बहु-एजेंसी जांच समूह को विदेशी टैक्स हेवन (कर चोरी के लिहाज से मुफीद देशों) से संबंधित वित्तीय प्रवाह की निगरानी करने का निर्देश दिया। इसके बाद, पांच सितंबर 2016 को चीन के हांगझाऊ में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी पीएम मोदी ने कहा था कि हमें आर्थिक अपराधियों के लिए सुरक्षित आश्रयों को खत्म करने, धनशोधन करने वालों का पता लगाकर बिना शर्त प्रत्यर्पित करने और जटिल अंतरराष्ट्रीय नियमों के जाल तथा अत्यधिक बैंकिंग गोपनीयता को तोड़ने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है, जो भ्रष्ट लोगों और उनके कार्यों को उजागर होने से रोकती है।

## पाकिस्तान के...

करगिल युद्ध की साजिश रची थी, जो महीनों तक चला था। इस युद्ध से कुछ महीने पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भारत के अपने समकक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के साथ लाहौर में ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। करगिल में मिली नाकामी के बाद मुशर्रफ ने 1999 में तख्तापलट कर तत्कालीन प्रधानमंत्री शरीफ को अपदस्थ कर दिया था और 1999 से 2008 तक विभिन्न पदों पर रहते हुए पाकिस्तान पर शासन किया था। दिल्ली में एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मे मुशर्रफ 1947 में विभाजन के बाद पाकिस्तान चले गए थे। उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात में स्व-निर्वासन के दौरान बीमारी से जूझते हुए अपने अंतिम वर्ष बिताए। जनरल मुशर्रफ उस वक्त पाकिस्तान के मुख्य कार्यकारी थे जब अमेरिका पर 9-11 हमला हुआ था और उन्होंने पड़ोसी अफगानिस्तान में सैन्य हस्तक्षेप के दौरान वाशिंगटन का साथ दिया था। नवाज शरीफ के छोटे भाई एवं प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुशर्रफ के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में उन्होंने कहा, खुदा उनके गुनाहों को माफ अता फरमाए और परिवार को संयम दें। सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी ने भी पूर्व राष्ट्रपति के निधन पर दुख जताया और शोकसंतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेता और पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने मुशर्रफ को महान व्यक्ति बताया और कहा कि उनकी विचारधारा हमेशा पाकिस्तान को आगे रखने की थी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री परवेज इलाही ने कहा कि पाकिस्तानी सेना और देश के प्रति मुशर्रफ की सेवाओं को भुलाया नहीं जा सकता।

## अमेरिका ने...

उठाने का अधिकार सुरक्षित रखते हुए प्रासंगिक कंपनी के वैध अधिकारों और हितों को दृढ़तापूर्वक बनाए रखेगा। चीन ने दावा किया कि यह गुब्बारा महज एक मौसम अनुसंधान हवाई जहाज था। बीजिंग के मुताबिक, उसने सत्यापन के बाद अमेरिका को बार-बार सूचित किया कि यह गुब्बारा असैन्य प्रकृति का है और अमेरिका में इसका प्रवेश अप्रत्याशित घटना के कारण हुआ। चीन के अनुसार, उसने अमेरिका से इस मामले से शांतिपूर्वक, पेशेवर और नियंत्रित तरीके से निपटने को कहा था। वहीं, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन के निर्देश पर एक लड़ाकू विमान ने चीन के निगरानी गुब्बारे को अमेरिकी वायु क्षेत्र में दक्षिण कैरोलाइना के तट पर समुद्र के ऊपर मार गिराया। ऑस्टिन ने कहा, अमेरिकी महाद्वीप में सामरिक स्थलों की निगरानी करने के प्रयास में चीन द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे गुब्बारे को अमेरिकी जल क्षेत्र के ऊपर मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि तीन बसों के आकार वाले इस गुब्बारे को मार गिराने की कार्रवाई कनाडाई सरकार के समन्वय और पूरे सहयोग के साथ की गई। रक्षा अधिकारियों ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि मलबा दक्षिण कैरोलाइना में मिरटल बीच के पास गिरा और सेना अब 11 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले मलबे को बरामद करने का प्रयास कर रही है। पेंटागन के एक अधिकारी ने कहा कि गुब्बारे को मार गिराए जाने के तुरंत बाद उन्होंने गुब्बारे द्वारा एकत्रित की गई संवेदनशील सूचना हासिल करने के लिए कदम उठाए, ताकि चीन के लिए इसका खुफिया महत्व खत्म हो जाए। अधिकारी के मुताबिक, घटनास्थल पर कई जहाज और गोताखोर मौजूद हैं। इसके अलावा, संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अधिकारी और अन्य खुफिया प्राधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अधिकारी ने कहा, गुब्बारे को मार गिराने से अमेरिका, चीन के संवेदनशील उपकरण बरामद कर सकता है। मैं ज्यादा जानकारियां नहीं दे सकता, लेकिन हम गुब्बारे और उसमें मौजूद उपकरणों का अध्ययन कर पाएंगे। एक अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने बताया, पेंटागन कुछ समय से ऊंचाई पर उड़ रहे गुब्बारे पर नजर रख रहा था। यह 28 जनवरी को अलास्का में घुसा था।

## पश्चिम बंगाल...

स्थानांतरित किया गया था। घटना में मारे गए व्यक्तियों के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि बम कांग्रेस के गुंडों द्वारा फेंका गया क्योंकि उक्त पार्टी इस साल होने वाले पंचायत चुनाव से पहले दोनों की क्षेत्र में बढ़ती लोकप्रियता से आशंकित थी। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि मारग्राम में पार्टी की सांगठनिक ताकत बहुत कम है और पार्टी किसी हमले में शामिल नहीं है। चौधरी ने दावा किया, हर कोई जानता है कि हमलावर और पीड़ित दोनों टीएमसी से ताल्लुक रखते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा, टीएमसी कार्यकर्ता खुद ही हमले कर रहे हैं और कट मनी को लेकर लूट की लड़ाई में मारे जा रहे हैं। इस सरकार को हटाने के बाद ही ए स्थिति समाप्त होगी।

## जम्मू में...

चाहते थे, क्योंकि दूरदराज के गांवों के बच्चे अपनी पढ़ाई और प्रशिक्षण के उद्देश्य से यहां थाथरी में डेरा डाले हुए हैं। जमीनी हालात का जिक्र करते हुए यावर खान ने द पायनियर को बताया कि मैं खुद अपनी प्रैक्टिस के सिलसिले में नई दिल्ली में था। जब मुझे इन दरारों के बारे में पता चला तो मैं घर लौट आया। उन्होंने कहा कि शनिवार सुबह जब मैंने क्लब का दौरा किया तो मैंने देखा कि मेरे स्पोर्ट्स क्लब के अंदर भी कई दरारें आ गई हैं। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए बिना समय गंवाए मैंने एस्ट्रोटर्फ, बॉलिंग मशीन और स्पीड गन को तुरंत हटा दिया और क्लब के सदस्यों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद से वे सभी परेशान हो गए। वर्ष 2017 से क्रिकेट खेल रहे यावर खान ने स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए स्पोर्ट्स क्लब की स्थापना की थी। इन नौजवानों का उत्साह बढ़ाने के लिए खान ने हॉल के अंदर क्रिकेट के नायकों के कई पोस्टर चिपकाए हैं। खान ने कहा कि लगभग 15 खिलाड़ी मुफ्त में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, क्योंकि उनके परिवार फीस नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि करीब 50 खिलाड़ी क्लब में नामांकित हैं और शाम को कई घंटे अभ्यास करते हैं। बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्लब को एक इनडोर और आउटडोर एस्ट्रोटर्फ, बॉलिंग मशीन, बॉक्स नेट और स्पीड गन सुविधाओं से सुसज्जित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल के बेटे और जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में खेल चुके यावर खान को इस प्रशिक्षण केंद्र को शुरू करने के लिए उनके परिवार और दोस्तों का समर्थन हासिल है। इन हालात में यावर खान ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के प्रशासकों से उनका समर्थन करने और उन्हें स्पोर्ट्स क्लब के लिए एक नई जमीन खोजने में मदद करने की भावुक अपील की, जहां वह प्रशिक्षण की सुविधा तैयार कर एक बार फिर से तैयारी शुरू कर सकते हैं।

## समान नागरिक...

है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीअत पर अमल करना है। बोर्ड ने अपने प्रस्ताव में यह भी कहा, देश के संविधान में बुनियादी अधिकारों में हर व्यक्ति को अपने धर्म पर अमल करने की आजादी दी गई है, इसमें पर्सनल लॉ शामिल है। इसलिए हुकूमत से अपील है कि वह आम नागरिकों की मजहबी आजादी का भी एहतराम करे, क्योंकि समान नागरिक संहिता लागू करना अलोकतांत्रिक होगा। उन्होंने सरकार से इस इरादे को छोड़ने की अपील की है। धर्मांतरण को लेकर बनाए गए विभिन्न राज्यों के कानूनों पर क्षोभ प्रकट करते हुए बोर्ड ने यह भी प्रस्ताव पारित किया है कि धर्म का संबंध उसके यकीन से है, इसलिए किसी भी धर्म को अपनाने का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है। उन्होंने बताया कि इसी बिना पर हमारे संविधान में इस अधिकार को स्वीकार्य किया गया है और हर नागरिक को किसी भी धर्म को अपनाने तथा धर्म का प्रचार करने की पूरी आजादी दी गई है, लेकिन वर्तमान में कुछ प्रदेशों में ऐसे कानून लाए गए हैं, जो नागरिकों को इस अधिकार से वंचित करने की कोशिश है जो कि निंदनीय है। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने यह भी प्रस्ताव पारित किया कि इबादतगाहों से संबंधित 1991 का कानून खुद हुकूमत का बनाया हुआ कानून है, जिसे संसद ने पारित किया है उसको कायम रखना सरकार का कर्तव्य है और इसमें देश का फायदा भी है। बोर्ड के महासचिव रहमानी ने 1991 के कानून की याद दिलाते हुए बताया कि यह उपासना स्थल अधिनियम-1991 को बरकरार रखने के लिए बोर्ड पैरवी कर रहा है। बोर्ड की बैठक में मुसलमानों से अधिक से अधिक संख्या में अपने शैक्षिक संस्थान कायम करने तथा आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सभ्यता और संस्कृति की सुरक्षा को भी यकीनी बनाने की दिशा में काम करने की अपील की गई है।

# डॉक्टर की लापरवाही से प्रसूता की मौत

## अस्पताल बालों ने परिजनों को पीटा व पुलिस पर धमकाने का आरोप



**संवाददाता।** कायमगंज फर्रुखाबाद कायमगंज नगर के पुल गालिब पर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में आज फिर डॉक्टर की लापरवाही से एक प्रसूता व उसके गर्भस्थ शिशु की जिंदगी समाप्त हो गई । इस कृष्णा हॉस्पिटल में इससे पहले भी दो प्रसूताओं की मौत हो चुकी है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग तथा प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह बदनाम अस्पताल पहले की तरह एक बार फिर संचालित है।इतना ही नहीं जब प्रसूता के परिजनों ने डॉक्टरों की लापरवाही से मौत होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया तो मौके पर पहुंची कस्बा चौकी पुलिस ने पीड़ित को ढांढस बधांने की बजाय उल्टे मृतका के परिजनों को बुरी तरीके से धमका कर वहां से चले जाने को मजबूर कर दिया। लापरवाही से प्रसूता की मौत पर नाराजगी जताए जाने पर परिजनों की पिटाई कर मोबाइल तोड़ा गया। यह अत्यंत मानवता विरोधी दुखद एवं सनसनीखेज घटना बीती रात कोतवाली कायमगंज के पुल गालिव पर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में हुई।

मिली जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के ग्राम हंसापुर गौराई निवासी इकबाल की 22 वर्षीय पत्नी राबिया को प्रसव पीड़ा हुई।आशा किरन प्रसूता राबिया को सीएससी कायमगंज ले गई। वहां दलाली करने वाली स्टाफ नर्सों ने किरन को सलाह दी कि के यहां ऑपरेशन नहीं हो पाएगा। मरीज की हालत गंभीर है। इसे कृष्णा हॉस्पिटल ले जाओ। ससुर इसरार ने बताया कि वह रात करीब 2.30 बजे प्रसूता को लेकर कृष्णा हॉस्पिटल पहुंचे। डॉक्टर ने पहले 36 हजार और बाद में 26 हजार रुपए जमा करने को कहा। तब इसरार ने डॉक्टर को बताया की डेढ़ वर्ष पूर्व बहू के ऑपरेशन में आपने 22 हजार लिए थे।अब 23 हजार ले लो। ना नुकुर करने के बाद डॉक्टर ने 23 हजार रुपए जमा करा करा लिए। प्रसूता का ऑपरेशन करने के लिए डॉक्टर ने स्वयं बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया। थोड़ी देर बाद डॉक्टर तेजी से ओटी से निकले और कोई सामान लेकर पुनः ओटी में चले गए। परिजनों ने मरीज के बारे में पूछा तो डॉक्टर ने कोई जवाब नहीं दिया। रात करीब 3.30 बजे डॉक्टर प्रसूता को स्ट्रेचर पर लिटा कर बाहर निकले।डॉक्टर ने परिजनों से कहा कि इसे तुरंत ही लोहिया अस्पताल ले जाओ। जब परिजनों ने कारण पूछा तो डॉक्टर ने बताया कि आप लोगों ने महिला को खाना बहुत खिला दिया है। जिसके कारण यह बेहोश हो गई है। इसरार व उनके भतीजे मुजम्मिल का कहना था कि जब उन्होंने राबिया को देखा तो उसकी सांस नहीं चल रही थी और ना ही नब्ज ढूंढे मिली।

# दहेज उत्पीड़न को लेकर मारपीट, जांच शुरू

पुखरायां। कानपुर देहात 05 फरवरी 2023

**भोगनीपुर।** थाना क्षेत्र के अहरौलीशेख गांव स्थित फकीराबाद मोहल्ले में दहेज उत्पीड़न को लेकर मायके और ससुराल पक्ष के बीच गाली गलौज मारपीट हो गई है। मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस से शिकायत की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के फिरोजपुर निवासी लुकमान ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री काजोल की शादी अहरौलीशेख गांव के फकीराबाद मोहल्ला निवासी इकराम के पुत्र सानू के साथ की थी। दहेज को लेकर शादी के बाद से ही पति-पत्नी में अनबन हो गई थी। आएदिन गालीगलौज होने लगी थी। गत शुक्रवार को पति-पत्नी की आपस में मारपीट हो गई थी। जिस पर मोहल्ले वालों ने मामला सुलझा कर दोनों पक्षों को शांत कर दिया था। लेकिन शनिवार देर शाम फिर से पति सानू ने पत्नी काजोल की पिटाई कर दी। पीड़ित काजोल ने मारपीट की खबर मायके फिरोजापुर पहुंचाई। फिरोजापुर से सहेरून, खुशनुमा, रूबी व रोली फकीराबाद पहुंचे और घर में घुसकर इकराम, सानू व उसकी पत्नी तथा बेटियों की पिटाई कर दी। काजोल ने आरोप लगा लगाते हुए थाने में तहरीर दी है कि ससुरालजन इकराम सानू व उसकी मां तथा तीनों बहनों ने मिलकर काजोल तथा उसकी मां व बहन की पिटाई कर दी है। भोगनीपुर थाने में जवाबी तहरीर दी गई है। जबकि काजोल ने दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाल अजयपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस को भेजकर जांच की जा रही है । जांच करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

## क्विक न्यूज

### विधायक ने किया क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**असोथर (फतेहपुर)।** केएसआईसी मैदान में आज विधायक विकास गुप्ता द्वारा स्वर्गीय कुंवर अरुण सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच ललौली व हथगाँव के मध्य खेला गया, जिसमें ललौली कैप्टन शहनवाज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी हथगांव कैप्टन अनिल क्रिकेट टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 6 विकेट खोकर 180 रन बनाए। वहीं हथगांव की तरफसे बल्लेबाज अज्जू द्वारा धुरंधर 69 रन की सर्वाधिक पारी खेली गयी। इस पारी में उन्होंने 5 छक्के और 7 चौके लगाए और उसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ललौली क्रिकेट टीम 16 ओवरों में 159 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ललौली की तरफसे सहेनवाज ने 36 रनों की सर्वाधिक पारी खेली। इस मैच के मैन ऑफद मैच अनिल को मिला, जिन्होंने 24 रन बनाएं और चार विकेट झटके।

### नगर उद्योग व्यापार मंडल का गठन, मनोज बने अध्यक्ष



**फतेहपुर।** उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा के नेतृत्व में नगर उद्योग व्यापार मंडल का गठन करते नगर अध्यक्ष पद पर मनोज साहू, नगर महामंत्री संदीप श्रीवास्तव, प्रवक्ता अंचल रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह लोधी, प्रशान्त सिंह चौहान, सोनू शुक्ला, मंत्री आफाक खान बब्लू, मो, इसराइल, रविशंकर बचोले, जय किशन, संगठन मंत्री सौरभ गुप्ता, मो. तौफीक, मीडिया प्रभारी मो. उस्मान खान, संरक्षक राजकुमार गुप्ता को पुष्पहार पहनाकर स्वागत अभिनन्दन करते मनोनीत किया। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि संगठन में सबसे महत्वपूर्ण सदस्य हैं जिसकी सेवा सर्वोपरि है। जिसे संगठन को मिलकर किया जाना तय है। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि मार्च माह से सदस्यता अभियान चलाकर नगर क्षेत्र के समस्त व्यापारियों को सदस्य बनाया जाएगा। साथ ही ट्रेड वार्ड व फ्रन्टल इकाइयों का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, प्रवक्ता आशीष सिंह, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष प्रेमदत्त उमराव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कोटेदार संघ के नगर अध्यक्ष बनें राजेश शिवहरे

**फतेहपुर।** ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी की संस्तुति पर कोटेदार संघ के जिला अध्यक्ष निर्मोही उमेश त्रिवेदी ने राजेश कुमार शिवहरे पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल शिवहरे निवासी राधा नगर (फतेहपुर) को नगर अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। राजेश कुमार शिवहरे ने कहा कि हमें जो संगठन ने दायित्व दिया है अब उस दायित्व को अपने लोगों के साथ रहकर उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर के हर समस्या के समाधान के लिए काम करेंगे जल्द से जल्द कार्यकारिणी का गठन कर उसकी सूचना प्रदेश की कार्यकारिणी को भेजकर एसोसिएशन द्वारा घोषित कार्यक्रम एवं नीतियों को उचित दर विक्रेताओं तक पहुंचा कर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग करेंगे।

### जंगल में एक युवक की गोली मारकर हत्या

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के मलूकपुर कछरा गांव में सुबह जंगल में एक व्यक्ति के गोली मार कर हत्या हो गयी। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गयी। और घटना की जानकारी होते ही एसपी, सीओं ने भी घटनास्थल का जायजा लिया तथा पुलिस ने मृतक के भाई फूलचंद्र की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफनामजद मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाहियां शुरू कर दिया। खागा तहसील क्षेत्र के किशनपुर थाना अंतर्गत मलूकबारी कछरा निवासी लालचंद्र उर्फ जयचन्द उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र रामलाल रैदास सुबह समय लगभग नौ बजे जंगल में ट्यूबवेल के समीप गोली लगने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि दिनांक 5 फरवरी 2023 को सुबह जंगल की ओर गये हुए थे। तभी गांव के लोग भी सुबह जंगल की ओर गये तो ट्यूबवेल के समीप देखा कि मृत अवस्था में लेटे हुए थे।उसी समय ग्रामीणों ने परिजनों को सूचित किया। आनन फानन में परिजनों ने आकर देखा कि गोली लगी थी।

### सीडीओ ने गौआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने रविवार को बहुआ विकास खंड के फतेहनगर करसूमा स्थित गौआश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं पाये जाने पर सचिव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत से स्पष्टीकरण मांगा है। सीडीओ ने कहा कि कार्य में हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने सबसे पहले गौआश्रय स्थल में मौजूद पशुओं की संख्या की जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होने गौशाला में गोपालक को साफसफाई करते हुए पाया। सीडीओ ने सभी गौवंशों को समय से चारा-पानी दिये जाने की हिदायत दी। जब उन्होने गौशाला का रजिस्टर देखा तो उसमें अद्यतन नहीं पाया। इतना ही नहीं पानी की चरही भी टूटी मिली। इस पर सीडीओं ने नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि इस तरह की हीलाहवाली कतई बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होने सचिव व सहायक विकास अधिकारी पंचायत से स्पष्टीकरण मांगा। सीडीओ ने कहा कि गौआश्रल स्थल शासन की प्राथमिकताओं में से एक है। इसलिए कार्य में लापरवाही न बरतें। गौवंशों को समय से चारा-पानी दें। इस मौके पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### न्यायालय के आदेश पर छह ससुरालियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड नंबर नौ में करीब 40 दिन पूर्व 42 वर्षीय महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पति सहित छह ससुरालियों पर मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी सुरेंद्र कुशवाहा उर्फपोखर कस्बा के वार्ड नंबर नौ में करिया के डेरा के पास मकान बनाकर विगत वर्षों से रह रहे थे। बीते 24 दिसंबर को उसकी पत्नी माया ने रात में छत के जाल में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जबकि मृतका के भाई रामखिलावन पुत्र मोतीलाल निवासी रोहारी थाना बिवांर ने ससुरालीजनों पर हत्याकर शव को फांसी के फंदे में लटकाने का आरोप लगा थाने में तहरीर दी थीए लेकिन पुलिस ने आत्महत्या मानकर मामला दर्ज नहीं किया था। जिस पर पीड़ित भाई ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर थाना पुलिस ने पति सुरेंद्र उर्फपोखरए जेठ दुलीचंद व मोहर सिंह व जेठानी विमलेशए रज्जोए भतीजा नरसिंह सहित छह के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिविर में 458 मरीजों के नेत्रों की हुई जांच, 182 रेफर



**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर

स्थानीय सुआबाबा मंदिर परिसर में रविवार को श्री ओमर वैश्य सेवा समिति पुखरायाँ की ओर से 93वां नेत्र शिविर आयोजित किया गया। इसमें 458 मरीजों की आखों की जांच की गई। जिनमें से 152 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया।

शंकरा आई हॉस्पिटल चौबेपुर कानपुर की टीम के चिकित्सकों ने नेत्र शिविर सम्पादित किया। डॉ.एनजल, शरद पांडेय, शीलन, मंजू, शिवानी प्रियांशी, शरद, संगप्रिय एवं एकलाख की टीम के सदस्यों ने 458 मरीजों के शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच के बाद 182 मरीजों को मोतियाबिंद आप्रेशन के लिए चौबेपुर कानपुर एक निजी बस द्वारा ले जाया गया। समाजसेवी हरीकृष्ण ओमर ने चाय, नाश्ता, भोजन में मरीजों की तहरी ब्यवस्था कराई। आयोजकों में बालकृष्ण, गौरीशंकर ,हरीकृष्ण ओमर मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि अगला नेत्र शिविर 05 मार्च रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक सुआ बाबा मन्दिर परिसर पुखरायाँ कानपुर देहात में फिर से आयोजित किया जाएगा।

## यूपी ग्लोबल इंवेस्टरर्स समिट के प्रशिक्षण में योजनाओं की दी जानकारी

**फतेहपुर।** यूपी ग्लोबल इन्वेस्टरर्स समिट के तहत रविवार को शहर के शान्तीनगर स्थित ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय के सभागार कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता नामित प्रोफेसर एवं राजमाता विजय राजे सिंधिया विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति एके सिंह ने की। सर्वप्रथम उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह ने इन्वेस्टरर्स समिट के अन्तर्गत कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि जनपद में लगभग 2200 करोड़ के इंटेन्ट प्राप्त हुए हैं। जिसमें 900 करोड़ के इंटेन्ट सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के हैं। इसी क्रम में प्रशिक्षण में उपस्थित विशेष सचिव अतिरिक्त ऊर्जा राहुल सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टरर्स समिट के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की और शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करने पर बल दिया। इसके पश्चात प्रोफेसर एके सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अवगत कराया ।

# माघ पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़ा सैलाब,लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

## यातायात व्यवस्था दुरस्त होने के बाद भी कई बार लगा जाम



**फर्रुखाबाद।** माघ की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगाघाटो पर पहुंचकर गंगा में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए मनौतियां मांगी। गंगाघाट पर श्रद्धालुओं ने बच्चों के मुंडन कराए। वहीं कुछ श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान भी किए।

रविवार सुबह से ही श्रद्धालु पांचाल घाट के गंगाघाटो पर लाखो श्रद्धालु स्नान करने पहुंचे । हर हर गंगे के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगा रहे थे। गंगास्नान कर श्रद्धालुओं ने मां गंगा का दूध से अभिषेक किया। गंगा मईया की पैरावनी की गई। तमाम श्रद्धालुओं ने भंडारे आयोजित कर लोगों को भोजन कराया। वहीं कई श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। साधु संतों को दान दक्षिणा भी दी। सुबह से लेकर शाम तक हर हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे । यातायात ब्यबस्था दुरस्त होने के बाद भी कई बार जाम लगा। कड़ी सुरक्षा के बाद भी उठाईगीरो नें श्रद्धालुओं का सामान, कपडे आदि गायब कर दिये ।माघ पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति पाप मुक्त होकर स्वर्ग लोक की प्राप्ति होती है माघ पूर्णिमा पर गंगा में डुबकी लगाने से व्यक्ति पाप मुक्त होकर स्वर्ग लोक की प्राप्ति होती है ऐसा कहा जाता हैएऐसी मान्यता है। माघ पूर्णिमा पर खुद भगवान विष्णु गंगाजल में वास करते हैं इसलिए इस दिन गंगा स्नान का खास महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन गंगाजल के स्पर्श मात्र से शरीर के सारे रोग दूर हो जाते हैं ।

**मेले में चाट पकौड़ी व जलेबी का उठाया लुत्फ** गंगास्नान के बाद श्रद्धालुओं ने रामनगरिया मेले में पहुंचे। मेले में पहुंचकर लोगों ने चाट पकौड़ी व जलेबी का लुत्फ लिया। महिलाओं ने श्रृंगार के सामान आदि की जमकर खरीदारी की।

आसमानी झूले को झूल कर मजा लिया।

### ग्राम समाज की जमीन में अवैध कब्जा रोकने का आदेश

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र के गुढ़ा गांव में महिला शिक्षा मित्र द्वारा ग्राम समाज की जमीन में अवैध कब्जा करने की शिकायत पूर्व प्रधान ने केविनेट मंत्री से करने पर मंत्री ने जिलाधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने को कहा है। गांव के पूर्व प्रधान लेखराम निषाद ने मत्स्य विभाग के केविनेट मंत्री संजय निषाद को बताया कि ग्राम समाज की बंजर भूमि में जिसमे एसडीएम मौदहा ने अवैध कब्जा खाली कर आंगनवाड़ी केंद्र बनवाया था उसी के सामने खाली पड़ी जमीन में गांव की शिक्षा मित्र शिवपती पत्नी बदलू व उसके परिजन बदलू पुत्र रामाधीन प्रजापति ने ग्राम समाज की जमीन में अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराना शुरु कर दिया है।

### वारंटी को गिरफ्तार किया

**सरीला।** चिकासी थाना पुलिस ने महोबा जनपद में मोटर अधिनियम मामले में वारंटी को गिरफ्तार कर महोबा न्यायालय भेजा है। चिकासी थाने के उपनिरीक्षक कल्बे अब्बास खां ने बताया की वारंटी सुनील कुमार निवासी मंगरौठ लंबे अरसे से न्यायालय नहीं जा रहा था।

### असलहों के बल रुकवाया मकान का निर्माण कार्य

**राठ।** कस्बे में पठानपुरा मोहल्ले में निर्माणाधीन एक मकान को पिता पुत्र ने जबरन असलहों के बल पर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली के जखेड़ी गांव निवासी रामसहोदर ने बताया कि 2009 में राठ कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में तहसील के पीछे एक आवासीय प्लाट खरीदा था। बताया कि प्लाट खरीदने का रजिस्टर्ड बैनामा भी कराया था। बताया कि अब वह अपने प्लाट में भवन का निर्माण करा रहा है।

### आठ लाख की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**फतेहपुर।** थरियांव पुलिस व स्वाट टीम द्वितीय की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम सरांय सईद खां में स्थित आनंती माता मंदिर के समीप से एक व्यक्ति को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जिनके खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार थरियांव थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह व स्वाट टीम द्वितीय के उपनिरीक्षक विंध्यवासिनी तिवारी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि ग्राम सरांय सईद खां स्थित आनंदी माता मंदिर के समीप एक व्यक्ति स्मैक के साथ खड़ा है।

# दौलत-सत्ता के नशे में चूर माफियाओं की हरकत से प्रशासन भौंचक

## दबंगों ने एआरटीओ पर किया जानलेवा हमला



**चित्रकूट।** जिले के बोल्डर, मोरम, बालू माफिया व ट्रक संचालकों की दबंगई इस कदर बढ गई है कि जिले के एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला पर जानलेवा हमला कर दिया। दबंगों ने ये न सोंचा कि जिला स्तरीय अधिकारी पर जानलेवा हमले के क्या अंजाम होंगे। अंजाम से बेफिक्र दौलत के नशे में चूर माफियाओं ने इस कदर दबंगई दिखाई कि जिला प्रशासन भौंचक रह गया।

ये घटना शनिवार को अपरान्ह दो बजे भरतकूप थाना क्षेत्र के गोंडा गांव में हुई। बताया गया कि शासन से ओवरलोड वाहनों के जांच का अभियान चल रहा है। एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला शासन के निर्देश पर ओवरलोड वाहनों की गोंडा गांव में सिपाही सुमित राय व अमित अहिरवार तथा बलराम सिंह के साथ जांच अभियान में जुटे थे। इसी बीच बिना नम्बर प्लेट लगे दो ओवरलोड डम्फर मोरम व बोल्डर लादे नजर आये। दोनों को एआरटीओ ने रोका तो दोनों के चालक डम्फर छोडकर भाग गये। दोनों डम्फरों को भरतकूप थाने लाने के प्रयास दौरान एक स्कार्पियो नम्बर यूपी 96एल-7316 एवं अपाचे मोटरबाइक यूपी 96एल-6078 एवं अन्य बाइकों से तकरीबन 15 लोग मौके पर आ गये। सभीलोग वहां से एआरटीओ को भाग जाने को बोले। उनके मना करने पर उनमें से राजकुमार श्रीवास पुत्र रामगोपाल, राजकरन पुत्र धर्मपाल श्रीवास, नन्दकिशारे श्रीवास पुत्र रामगोपाल निवासी गोंडा व शिवशंकर त्रिपाठी पुत्र रामगोपाल निवासी सिकरिया नांदी तौरा पहाडी तथा कपलेन्द्र व धर्मेन्द्र समेत तमाम लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले से एआरटीओ घायल होकर बबूल के झाड में गिर गये और कुछ देर को अचेत हो गये। इसके बाद हमलावरों ने प्रवर्तन सिपाही अमित अहिरवार को पीटकर घायल कर दिया। होश आने पर उन्हें पुनः पीटा और गाली-गलौज कर दोनों डम्फरों को वहां से भगा दिया। एक डम्फर का माल घटना स्थल पर गिरा दिया। घटना को मोबाइल से रिकार्ड करने पर हमलावरों ने मोबाइल छीनकर पटककर क्षतिग्रस्त कर दिया। हमलावरों ने स्कार्पियो से कुचलकर एआरटीओ को जान से मारने के प्रयास किये।

# बाजार आई किशोरी हुई लापता

**हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र में बीते दो दिन पूर्व घर से बाजार को निकली किशोरी के गायब होने पर फोन कॉल डिटेल के आधार पर पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि पुलिस गायब युवती के बालिग बात कह रही है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी व्यक्ति ने दिए शिकायती पत्र में कहा कि दो फरवरी को सुबह उनकी नाबालिग बेटी कस्बे में बाजार करने की बात कहकर आई थीए लेकिन शाम तक जब वह नहीं पहुंची तो उसकी तलाश की। इस बीच घर के फोन की कालडिटेल चेक की तो एक नंबर पर करीब दस बार बात होने की जानकारी मिली। पीड़ित पिता ने बताया कि उस नंबर की डिटेल निकलवाने पर बता चला कि बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर निवासी संदीप शिवहरे का है। यह लगातार उसकी लड़की के संपर्क में रहा है। बताया जब वह उनके घर पहुंचे और जानकारी चाही तो संदीप के पिता मुन्ना शिवहरे ने बताया कि उनका पुत्र बैग में कपड़े और कुछ सामान लेकर बांदा जाने की बात कहकर निकला था। पीड़ित पिता ने अपनी पुत्री के साथ अप्रिय घटना होने की आशंका जता पिता और पुत्र पर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने संदीप व उसके पिता मुन्ना शिवहरे पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में कोतवाल हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि लड़की बालिग हैए इसलिए अभी गिरफ्तारी नहीं की गई है। जब बरामद हो जाएगी तो उसके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में आटो चालक घायल

**कुरारा।** बेरी तिराहे में आटो चालक ने सड़क किनारे खड़े 42 वर्षीय युवक को टक्कर मार दी। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी विजय नारायण अपनी आटो खड़ा कर सड़क किनारे रविवार करीब दो बजे खड़ा थाए तभी बेरी की तरफ से आ रहे आटो चालक ने टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीर व दुकानदारों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया है।

## श्रद्धालुओं की अनियंत्रित कार पेड से टकराई,एक महिला की मौत

**पहाड़ी ( चित्रकूट )।** गंगा स्नान करने प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई ।जिससे एक महिला की मौत हो गई ।वहीं परिवार के आधा दर्जन लोग घायल हो गये। पड़ोसी जनपद बांदा के थाना विसंडा अन्तर्गत ग्राम नादनमऊ निवासी संतकुमार पुत्र गयादत्त जो निजी विद्यालय में शिक्षक है।अपने निजी वाहन से अपनी पत्नी दीपमाला(40) जो विसंडा में एएन एम पद पर तैनात हैं व मां केतकी देवी उम्र 70वर्ष पुत्र सत्यम उम्र 16वर्ष संदीप उम्र 18वर्ष व भतीजी नीलम पत्नी जीतेन्द्र उम्र 30वर्ष के साथ माघ पूर्णिमा के पावन पर्व पर मां गंगा स्नान हेतु प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही वाहन कहेटा गांव के नजदीक पहुंचा तो वाहन अनियंत्रित होकर सडक किनारे पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष पहाड़ी राम सिंह मय हमराह सब इंस्पेक्टर रविकांत राय, सिपाही के साथ मौके पर पहुंचे।

# भगवान पालेश्वरनाथ का मेला शुरू,उमडा हुजूम

## चित्रकूट का पौराणिक तीर्थ स्थल है पालेश्वरनाथ मंदिर

**अशोक नामदेव**



**पहाड़ी ( चित्रकूट )** ।ऊंची पहाडी पर विद्यमान पर विद्यमान गांव के पालनहार पालेश्वर नाथ मन्दिर मे माघी पूर्णिमा से 15 दिवसीय मेले का भव्य शुभारंभ हो गया है ।इस मेले में आसपास के सैकडों गांव के लोगों का जमावडा लगता है ।श्रद्धालुओं की मान्यता है कि पालेश्वर नाथ के पूजन से सभी मनौतियां पूर्ण होती है। ब्लॉक मुख्यालय पहाड़ी निवासी व मेला समिति के प्रबंधक ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सैकड़ों साल पहले गांव के आसपास भीषण जंगल था। पहले पहाड़ में शेर, हाथी,भालू, हिरन और सेही जैसे तमाम खतरनाक जानवर रहते थे। पहाड़ में जाने का कोई सुगम रास्ता भी नहीं था। एक बार डाकुओं का गिरोह गांव को लूटने की योजना बनाई थी और पहाड़ी गांव की ओर कूच किया। अर्द्धरात्रि को जब डाकू पहाड़ी गांव के पास पहुंचे तो देखा कि कोई सफेद घोड़े में सवार आदमी अपनी सेना के साथ खड़ा है। सेना को देखकर प्रतीक हुआ कि राजा सेना के साथ खड़ा है। यह देखकर डकैतों ने गांव को लूटने की योजना बदल दी और सवेरा होने पर डकैत गांव में आकर राजा के बारे में जानकारी ली। जिसके बाद पता चला कि पर्वत में विराजमान पालनहार पालेश्वर नाथ महाराज ने स्वयं आकर राजा और सेना के भेष में डकैतों से गांव की रक्षा की है। इसके बाद लोगों की अगाध आस्था पालेश्वर नाथ महाराज पर हो गई। साथ ही गांव के ग्रामीणों ने जंगल काटकर पहाड़ तक जाने के लिए रास्ता बनाया। पालेश्वर नाथ महाराज की प्राकृतिक छटा अलौकिक है ।गौर से देखने पर पंचमुखी शिव की भांति प्रतीत होती है ग्रामीणों ने बताया कि इस देव स्थल में पूरे सावन माह में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रहती हैं। खासतौर से प्रत्येक अमावस्या व पूर्णिमा के साथ सोमवार को सीमावर्ती के दर्जनों गांव पहाड़ी, ओबरी, चौरा,देवल, सकरौली,कहेटा,ओरा, भानपुर, खेरिया, ममसी बुजुर्ग, पिलखिनी, नहरा, परसौजा, कुचारम, राजापुर, तौरा, नांदी, कपना-इटौरा, बाबूपुर, अशोह आदि स्थानों के लोग अपने साधनों व पैदल भी दर्शन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे मन से पूजा करने पर पालेश्वर नाथ महाराज सभी की की मन्नतें पूरा करते हैं।

## राजीव अर्ग्रवाल कै व्यापार मंडल का प्रदेश मंत्री बनने से चित्रकूट में खुशी की लहर

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने चित्रकूट गल्ला व्यापार सीमित के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल को संगठन का प्रदेश मंत्री मनोनीत किया है। श्री अग्रवाल के प्रदेश मंत्री बनाए जाने से समर्थको मे खुशी की लहर है। चित्रकूट गल्ला व्यापार सीमित के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल लम्बे समय से व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाते रहे है। श्री अग्रवाल की व्यापारियों के बीच लोकप्रियता एवं कर्मठता को देखते हुए व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्र ने उन्हे प्रदेश मंत्री के पद का दायित्व सौपा है। उनके प्रदेश मंत्री बनाये जाने पर प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद भैंरों प्रसाद मिश्रा, प्रदेश संयुक्त महामंत्री चारू चंद्र खरे, मंडल अध्यक्ष सुरेश प्रसाद मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, मौजूद रहे।

# धर्म नगरी चित्रकूट में जल्द बनेगा भव्य इस्कॉन मंदिर- अनंत बलदेव अरविंद प्रभु



**चित्रकूट।** द्वितीय वर्षगांठ प्रोग्राम एवं नित्यानंद त्रयोदशी के उपलक्ष में इस्कॉन चित्रकूट की तरफ से रविवार को एक भव्य प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इस्कॉन के यूपी के जोनल अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रेम हरि नाम प्रभु मुख्य कथा वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

इस मौके पर उन्होंने कलयुग के युग अवतार भगवान चेतन और नित्यानंद की मधुर कथा से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे, राम हरे राम राम राम हरे हरे के महा संकीर्तन तथा जोरदार नृत्य से उमडे सैकडों आस्थावानों को भाव विभोर कर दिया। इस्कॉन के चित्रकूट के जिला अध्यक्ष अनंत बलदेव अरविंद प्रभु ने घोषणा किया कि इस्कॉन का भव्य मंदिर राम शैय्या के पास शीघ्र ही बनने जा रहा है। इस कार्यक्रम में इस्कॉन के द्वारा नगर से आए हुए सभी व्यक्तियों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भगवान नित्यानंद का महाअभिषेक किया गया इसके बाद सभी भक्तों ने भगवान का महाप्रसाद ग्रहण कर बहुत आनंदित हुए। कार्यक्रम में कानपुर से आए हुए चंदन प्रभु तथा कर्वी के शुभम तिवारी प्रभु ने संकीर्तन किया। कार्यक्रम में नेपाल से सूरज प्रभु ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# पुतिन ने वादा किया जेलेंस्की को नहीं मारेंगे : बेनेट

एपी। तेल अवीव



**रूस और यूक्रेन** के बीच युद्ध शुरू होने के शुरुआती दिनों में दोनों देशों के बीच थोड़े समय के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाने वाले इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने दावा किया है कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वादा लिया था कि वह अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की को नहीं मारेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री बेनेट युद्ध के शुरुआती हफ्तों में अप्रत्याशित रूप से मध्यस्थ बन गए थे और उन कुछ गिने-चुने पश्चिमी नेताओं में से थे जिन्होंने युद्ध के दौरान पिछले साल मार्च में पुतिन से मुलाकात की थी। हालांकि, बेनेट की कोशिश बहुत सफल नहीं रही और इसका नतीजा है कि अब भी युद्ध जारी है। बेनेट ने यह टिप्पणी शनिवार को ऑनलाइन पोस्ट किए गए अपने साक्षात्कार में की जिसमें युद्ध के शुरुआती दिनों में संघर्ष को रोकने के लिए पिछले दरवाजे से हुई कूटनीति की झलक मिलती है। बेनेट ने पांच घंटे के साक्षात्कार में विभिन्न पहलुओं पर बात की। पूर्व प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने पुतिन से पूछा कि क्या उनकी मंशा जेलेंस्की की हत्या करने की है। उन्होंने कहा, मैंने पूछा इस बारे में क्या कहना है? क्या आपकी योजना जेलेंस्की को मारने की है? उन्होंने (पुतिन) कहा कि वह जेलेंस्की को नहीं मारेंगे। तब मैंने कहा कि जहां तक मैं समझ रहा हूं कि आप वादा कर रहे हैं कि आप जेलेंस्की को नहीं मारेंगे, तो उन्होंने कहा कि मैं जेलेंस्की को मारने नहीं जा रहा। इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके बाद मैंने जेलेंस्की को पुतिन के वादे के बात बताई। बेनेट ने जेलेंस्की से हुई बात को उद्धृत करते हुए कहा, मैंने कहा, सुनो मैं बैठक से बाहर आया हूं वह तुम्हें मारने नहीं जा रहे हैं। इस पर जेलेंस्की ने पूछा कि क्या वह इस पर निश्चित हैं तो मैंने कहा कि शत प्रतिशत वह आपको नहीं मारेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी मध्यस्थता के दौरान पुतिन ने अपने संकल्प के बारे में बताया कि वह यूक्रेन का निरस्त्रीकरण और जेलेंस्की का नाटो में शामिल न होने का वादा चाहते हैं।

## यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में मिसाइल हमले में पांच लोग घायल

**कीव।** यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में रविवार को रूस के मिसाइल हमलों में पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रूसी एस-300 मिसाइल के एक अपार्टमेंट परिसर के पास गिरने से चार लोग घायल हो गए। वहीं, एक मिसाइल के शैक्षणिक भवन के पास गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय मीडिया की खबरों में कहा गया है कि शहर के मध्य हिस्से से लगभग 700 मीटर की दूरी पर स्थित नेशनल एकेडमी फॉर अर्बन इकोनॉमी के भवन को निशाना बनाकर हमले किए गए। उधर, पूर्वी यूक्रेन के दोनेत्स्क क्षेत्र में भारी गोलाबारी जारी है। दोनेत्स्क उन चार क्षेत्रों में शामिल है, जिसपर रूस ने पिछले साल कब्जा कर लिया था, लेकिन उसके सैन्य बल पूरी तरह से क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित नहीं कर पाए है। दोनेत्स्क के गवर्नर पावलो किरिलेंको ने कहा कि द्रुजकिव्का शहर में रात के दौरान मिसाइल हमलों में पांच नागरिक घायल हो गए और अवदीवका शहर तथा उसके बाहरी इलाके में भी गोलाबारी की गई। ओडेसा के काला सागर बंदरगाह में श्रमिकों ने बिजली बहाल करने के लिए अस्थाई जनरेटर को जोड़ने का काम किया। बड़े पैमाने पर नेटवर्क फेल होने के कारण सप्ताहांत में शहर और आसपास का क्षेत्र अंधेरे में डूब गया। ग्रिड ऑपरेटर यूक्रेनर्गो ने कहा कि यूक्रेन के ऊर्जा ग्रिड पर रूस के लगातार हमलों से आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# बांग्लादेश में बदमाशों ने 14 हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की

भाषा। ढाका

**पश्चिमोत्तर बांग्लादेश** में अज्ञात बदमाशों ने शनिवार की रात कई हमले कर 14 हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। ठाकुरगांव के बलियाडांगी उपजिले में एक हिंदू समुदाय के नेता विद्यानाथ बर्मन ने कहा, अज्ञात लोगों ने रात में हमलों को अंजाम दिया और 14 मंदिरों की मूर्तियों में तोड़फोड़ की। उपजिला की पूजा समारोह परिषद के महासचिव बर्मन ने कहा कि कुछ मूर्तियां नष्ट कर दी गईं, जबकि कुछ मंदिर स्थलों के निकट तालाब में पाई गईं। बर्मन ने कहा, अपराधियों की पहचान अभी नहीं हो पाई है, लेकिन हम चाहते हैं कि उन्हें शीघ्र ही पकड़ा जाए। हिंदू समुदाय के नेता एवं संघ परिषद के अध्यक्ष समर चटर्जी ने कहा कि इस क्षेत्र को हमेशा अंतर्धार्मिक सद्भाव के क्षेत्र के रूप में जाना जाता है क्योंकि पहले यहां ऐसी कोई जघन्य घटना नहीं हुई थी। उन्होंने कहा, (बहुसंख्यक) मुस्लिम समुदाय का हमलोगों (हिंदुओं) से कोई विवाद नहीं है... हम यह नहीं समझ पाए हैं कि इस हमले के पीछे कौन लोग हो सकते हैं। बलियाडांगी थाने के प्रभारी अधिकारी खैरुल अनम ने कहा कि हमले शनिवार की रात और रविवार तड़के कई गांवों में हुए। ठाकुरगांव के पुलिस प्रमुख जहांगीर हुसैन ने संवाददाताओं से कहा, यह स्पष्ट रूप से देश की शांतिपूर्ण स्थिति को बाधित करने के लिए सुनियोजित हमले का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि दोषियों का पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच तुरंत शुरू कर दी है। ठाकुरगांव के उपायुक्त या प्रशासनिक प्रमुख महबूबुर रहमान ने कहा, यह मामला शांति और सांप्रदायिक सद्भाव के खिलाफ एक साजिश सा प्रतीत होता है और [8230]यह एक गंभीर अपराध है।

## इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में संदिग्ध हमलावरों के मकानों को घेरा

एपी। वेस्ट बैंक

**इजराइली** सेना ने शनिवार को फलस्तीनी शहर जेरिचो के पास एक शरणार्थी शिविर पर छापा मारा, फलस्तीनी हमलावरों के लिए पनाह के तौर पर इस्तेमाल किए जा रहे मकानों को घेर लिया और गोलीबारी करने वाले निवासियों के खिलाफ जवाबी कार्वाई की। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस कार्रवाई में छह फलस्तीनी घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सेना ने बताया कि उसने इजराइल की एक बस्ती के पास पिछले सप्ताह हुए हमले में शामिल संदिग्धों की तलाश के लिए वेस्ट बैंक में जेरिचो के अकाबात जब्र शरणार्थी शिविर में छापा मारा। सेना ने कहा, कई फलस्तीनी गोलीबारी करने के बाद अपने परिवार की मदद से अपने घरों में छिप गए और वे भविष्य में हमले करने की योजना बना रहे थे। इन भगोड़े आरोपियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के वास्ते सेना का एक बुलडोजर एक मकान की दीवार पर चढ़ गया।

## पाकिस्तान में बंदूक दिखाकर महिला से दो लोगों ने किया बलात्कार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद के एक पार्क में दो हथियारबंद लोगों ने कथित तौर पर बंदूक दिखाकर एक महिला से बलात्कार किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना बृहस्पतिवार को इस्लामाबाद के एफ-9 इलाके में उस समय हुई जब पीड़िता अपने एक पुरुष मित्र के साथ एक पार्क में टहल रही थी, तभी दो हथियारबंद लोगों ने उन्हें रोक लिया और जबरन दोनों को पास की झाड़ियों में ले गए। पुलिस ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा, उन्होंने महिला को उसके पुरुष मित्र से अलग कर दिया। जब उसने चिल्लाने की कोशिश की, तो उन्होंने उसे थप्पड़ मारा और छह से सात और साथियों को लाने की धमकी दी। दोनों ने उसके साथ बलात्कार किया और पीड़िता से पूछा कि वह गुजारे के लिए क्या काम करती है तथा उसे इस समय पार्क में न आने की चेतावनी दी। उन्होंने उसे वह सब कुछ लौटा दिया जो उन्होंने पहले छीन लिया था और उसे चुप रहने के लिए 1,000 पाकिस्तानी रुपए भी दिए तथा फिर भाग गए। पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और उसी रात 11 बजकर 40 मिनट पर थाने पहुंची तथा पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने बताया कि उसे पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मेडिकल जांच की गई। जांच में बलात्कार की पुष्टि हुई है। पुलिस ने कहा कि उसने एक अभियान शुरू किया है, जिसके तहत यौन हिंसा के खिलाफ उसकी विशेष इकाई शहर के पुलिस अधिकारी सोहेल जफर चट्ठा के नेतृत्व में मामले की जांच कर रही है। इस्लामाबाद कैपिटल पुलिस ने ट्विटर पर घोषणा की, कैमरों और खुफिया जानकारी के आधार पर सबूत इकट्ठा किए जा रहे हैं। जल्द ही, संदिग्धों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नेपाल की आरएसपी, प्रधानमंत्री प्रचंड की गठबंधन सरकार से अलग हुई

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रबी लामीछाने को नेपाल के गृहमंत्री के पद पर पुनः आसीन करने से प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड द्वारा इनकार कर दिए जाने के बाद आरएसपी ने रविवार को देश के सत्तारूढ़ गठबंधन से हट जाने का फैसला कर लिया। आरएसपी के केंद्रीय सदस्यों एवं सांसदों की संयुक्त बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। लामीछाने (48) पिछले साल नवंबर में चुनाव में चितवन-2 निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार नेपाल के उच्चतम न्यायालय के 27 जनवरी के फैसले के बाद वह संसद की अपनी सदस्यता गंवा बैठे। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि संसदीय चुनाव लड़ने के लिए उन्होंने जो नागरिकता प्रमाणपत्र जमा किया था वह अवैध है। इस अखबार के अनुसार ऐसे में उनका मंत्री पद एवं पार्टी अध्यक्ष पद भी चला गया क्योंकि इन पदों पर आसीन रहने के लिए व्यक्ति का नेपाली नागरिक होना जरूरी है। इस अखबार के मुताबिक 29 जनवरी को उन्होंने पुनः नागरिकता हासिल की और उसके बाद प्रचंड से मिलकर उन्होंने मांग की कि उन्हें गृहमंत्री के पद पर पुनः आसीन किया जाए। अखबार के अनुसार, लेकिन प्रधानमंत्री ने ऐसा करने से मना कर दिया। लामिछाने को पिछले साल 26 दिसंबर को उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री नियुक्त किया गया था। उससे पहले उनकी पार्टी आरएसपी संघीय चुनाव में 20 सीट जीतकर संसद में चौथी सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरी थी। टेलीविजन हस्ती लामिछाने 2013 में सबसे लंबे समय के टॉकशॉ की मेजबानी कर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की कोशिश की थी और तब सुर्खियों में आए थे। लामिछाने ने आरएसपी की केंद्रीय समिति की संयुक्त बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अतीत में भी उन्हें कई विवादों में फंसाने की कोशिश की गई लेकिन वह उनसे बाहर आने में सदैव सफल रहे।

# ध्वस्त अर्थव्यवस्था को दवा से पुनर्जीवित नहीं कर सकते



भाषा। कोलंबो

## समृद्धि हासिल करने के लिए सुव्यवस्थित परिवर्तन व एकता की जरूरत : राष्ट्रपति

**श्रीलंका के** राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शनिवार को कहा कि वह कर्ज में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को बीमारी के मूल कारणों का इलाज करके दुरुस्त कर रहे हैं, ना कि दर्दनिवारक दवा देकर। उन्होंने माना कि समृद्धि हासिल करने के लिए आर्थिक सुधार के साथ सुव्यवस्थित परिवर्तन और राष्ट्रीय एकता की जरूरत है। श्रीलंका के 75वें स्वाधीनता दिवस को मनाने के एक दिन बाद कई ट्वीट के जरिए राष्ट्रपति विक्रमसिंघे (73) ने यह बात कही। विक्रमसिंघे ने ट्वीट किया, दर्दनिवारक दवा के साथ मैं सतही स्थिति का इलाज नहीं कर रहा हूं। मैं अस्वस्थता के मूल कारण का इलाज कर रहा हूं। मुझे बहुत से अलोकप्रिय निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा, लेकिन इनके कारण कोई भी नागरिक कतार में या भूखा नहीं मरेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि बाधाओं के बावजूद वह सुधार करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यदि उनके देश के लोगों ने एकजुट होकर और सुनियोजित तरीके से काम किया, तो देश 2048 तक विकसित राष्ट्र होगा। विक्रमसिंघे ने खिंचाई करते हुए कहा कि नेताओं ने उपभोग के लिए उधार लिया, न कि निवेश के लिए, जो श्रीलंका की अर्थव्यवस्था के पतन का कारण था। हालांकि, उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

## मुरलीधरन ने 13 वें संशोधन पर की चर्चा

**कोलंबो।** विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने महत्वपूर्ण 13 वें संशोधन पर श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ वार्ता की और देश में अल्पसंख्यक तमिलों को राजनीतिक स्वायत्तता देने से संबंधित कानून की सफलता की कामना की। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। मुरलीधरन ने शनिवार को श्रीलंका के 75 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में हिस्सा लिया था और उसी शाम को विक्रमसिंघे से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्हें देश में 13 वें संशोधन के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत भी कराया गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति विक्रमसिंघे और भारतीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कल अपनी वार्ता के दौरान 13 वें संशोधन के क्रियान्वयन के मुद्दे पर चर्चा की। यह वार्ता श्रीलंका में 13 ए और जातीय सुलह पर केंद्रित रही तथा भारतीय मंत्री ने इसकी सफलता की कामना की। श्रीलंका में 13 ए तमिल समुदाय को और अधिकार प्रदान करता है। भारत श्रीलंका पर 13 ए के क्रियान्वयन के लिए दबाव डाल रहा है, जिसे 1987 के भारत-श्रीलंका समझौते के बाद लाया गया था। हाल में विक्रमसिंघे ने कहा था कि राष्ट्राध्यक्ष के नाते वर्तमान कानूनों को लागू करना उनका कर्तव्य है। विक्रमसिंघे ने अप्रत्याशित आर्थिक संकट और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच पिछले साल राष्ट्रपति पद संभाला था। बहुसंख्यक सिंहली समुदाय 13 ए का विरोध करता है और उसका दावा है कि इससे तमिल क्षेत्र पृथक हो जाएंगे।

## बिलावल ने ट्विटर प्रोफाइल पर बेनजीर, नवाब बुगती की तस्वीर लगाई

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्फ के निधन की खबर की पुष्टि होने के बाद विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने रविवार को अपने ट्विटर एकाउंट की प्रोफाइल तस्वीर बदलकर वहां अपनी मां बेनजीर भुट्टो और दिवंगत नवाब अकबर बुगती की तस्वीर लगा दी। इन दोनों की हत्या में पूर्व सैन्य शासक जनरल मुशर्फ का नाम उछला था। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल ने अपनी मां की चार तस्वीरें भी साझा कीं और कैप्शन में लिखा, तू जिंदा रहेगी बेनजीर। एक समय बेनजीर भुट्टो पीपीपी का नेतृत्व करती थीं। मुशर्रफ के निधन पर विदेश मंत्री का कोई औपचारिक शोक संदेश नहीं आया है। उनकी बहन आसिफा भुट्टो जरदारी ने भी अपनी मां की वही तस्वीरें उसी कैप्शन के साथ पोस्ट कीं। तस्वीरों में से एक में बेनजीर के लिए न्याय की मांग करती एक छोटी सी कविता भी है। दिसंबर 2007 में रावलपिंडी में एक चुनावी रैली के दौरान बंदूक से संचालित एक ग्रेनेड हमले में बेनजीर की मौत हो गई थी।

# सुनक ने भारत-ब्रिटेन सुरक्षा संवाद में शामिल होकर विशेष संकेत दिया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और उनके ब्रिटिश समकक्ष टिम बारो के बीच यहां कैबिनेट कार्यालय में हुई बैठक में शामिल होकर विशेष संकेत दिए हैं। दोनों देशों के एनएसए की शुक्रवार को हुई बैठक में सुनक ने रेखांकित किया कि ब्रिटेन व्यापार, रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और सशक्त करने का समर्थन करता है। डोभाल वाशिंगटन की यात्रा के बाद ब्रिटेन के साथ वार्षिक द्विपक्षीय रणनीतिक संवाद के लिए लंदन आए हैं। उन्होंने इससे पहले अमेरिकी समकक्ष जैक सुलिवन से भी इसी तरह की वार्ता की थी। लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग और विदेश मंत्रालय ने देर शनिवार को इस बैठक का संदर्भ देते हुए ट्वीट किया, कैबिनेट कार्यालय में सर टिम बारो और माननीय डोभाल के बीच भारत-ब्रिटेन एनएसए संवाद में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शामिल होकर विशेष संकेत दिए। इसमें कहा गया है, प्रधानमंत्री के इस आश्वासन का महत्व है कि उनकी सरकार व्यापार, रक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने का पूरी तरह से समर्थन करती है। सर टिम के जल्द भारत दौरे का इंतजार कर रहे हैं।

## ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने सुनक पर निशाना साधकर राजनीतिक वापसी का नाटकीय प्रयास किया

**लंदन।** ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने रविवार को अग्रिम पांत की राजनीति में वापसी को लेकर नाटकीय प्रयास किया और ऋषि सुनक पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। ट्रस सबसे कम अवधि (49 दिन) तक ब्रिटिश प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रही। ट्रस ने दावा किया कि विकास के लिए उन्हे उनके कर-कटौती के दृष्टिकोण को लागू करने का कभी वास्तविक मौका नही दिया गया। पिछले साल सितंबर में ट्रस के मिनी-बजट पर ब्रिटेन को तेजी से आर्थिक गिरावट के भंवर में धकेलने का ठीकरा फोड़ा गया था। द संडे टेलीग्राफ में लिखे गए एक लंबे निबंध में पार्टी की पूर्व नेता ने स्वीकार किया कि वह दोषरहित नही थी, लेकिन दलील दी कि कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के रूप मे उन्हे मिले जनादेश का सम्मान नही किया गया। मै प्रधानमंत्री चीजों को ठीक करने के लिए बनना चाहती थी।

## ईरान के विपक्षी नेता ने प्रदर्शनों के बीच जनमत संग्रह की मांग की

एपी। दुबई


**लंबे समय से** हिरासत में रखे गए ईरान के विपक्षी नेता मीर हुसैन मोसावी ने इस्लामिक गणराज्य का नया संविधान लिखने के लिए राष्ट्रव्यापी जनमत संग्रह कराने की मांग की है। उन्होंने यह मांग ऐसे समय की है जो पूरा देश विरोध प्रदर्शनों से हिला हुआ है। मोसावी ने शनिवार को विपक्षी कलीमी वेबसाइट पर पोस्ट संदेश में कहा कि वह मौजूदा व्यवस्था में विश्वास नहीं करते और अब अंतिम निर्णय का अधिकार सर्वोच्च नेता को देने की व्यवस्था नहीं चलेगी। पिछले साल सितंबर में देश की नैतिक पुलिस द्वारा हिरासत में ली गई कुर्दिश-ईरानी महिला मशा अमीनी की मौत के बाद से प्रदर्शन हो रहे हैं और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई के नेतृत्व में कार्वाई की जा रही है। मोसावी ने नया संविधान लिखने के लिए वास्तविक प्रतिनिधित्व के साथ संविधान सभा गठित करने की मांग की। हालांकि, यह तय है कि 80 वर्षीय नेता की मांग पर ईरान की धर्म आधारित सरकार शायद ही गौर करेगी।

# करगिल प्रकरण से ही मुशर्रफ और शरीफ के बीच टकराव पैदा हुआः किताब

भाषा। इस्लामाबाद

**वर्ष 1999** में करगिल युद्ध ही पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ और तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बीच दरार पैदा होने का कारण बना था, क्योंकि उन्होंने (शरीफ ने) खुद को पाक-साफ दिखाने के लिए इसके बारे में किसी भी तरह की जानकारी होने से इनकार कर दिया था। पूर्व सैन्य शासक द्वारा लिखित एक किताब से यह जानकारी मिली है।मुर्शरफ द्वारा लिखी गई किताब इन द लाइन ऑफ फायरः ए मेमॉयर पहली बार 25 सितंबर, 2006 को प्रकाशित हुई थी। मुशर्रफ का रविवार को लंबी बीमारी के बाद दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। मुर्शरफ ने करगिल युद्ध के बारे में इस किताब में लिखा है। उन्होंने लिखा है, सेना द्वारा नवाज शरीफ के खिलाफ अभियान छेड़े जाने से पहले मैं केवल एक साल के लिए सेना प्रमुख था। दो प्रमुख जनरल की बर्खास्तगी, दो लेफ्टिनेंट जनरल की नियुक्ति और राजद्रोह के लिए एक पत्रकार का कोर्ट-मार्शल करने के अनुरोध पर कुछ असहमति को छोड़कर शुरुआत में उनके साथ मेरे कामकाजी संबंध बहुत बेहतर थे। मुशर्रफ ने लिखा है कि वह उनके काम करने के तरीके से काफी चकित थे। उन्होंने लिखा, मैंने उन्हें कभी कुछ पढ़ते या लिखते नहीं देखा। उन्होंने किताब में दावा किया है, करगिल प्रकरण ने सबसे बड़ा विभाजन पैदा किया। हम दोनों राजनीतिक और सैन्य रूप से कश्मीर को दुनिया की नजरों में मजबूती के साथ लाना चाहते थे। करगिल प्रकरण से ऐसा (संभव) हो पाया था। उन्होंने लिखा कि जब बाहरी राजनीतिक दबाव के कारण शरीफ को संघर्ष विराम के लिए सहमत होना पड़ा तो वह मायूस हो गए थे। उन्होंने किताब में लिखा है, राष्ट्रीय एकजुटता के जरिए ताकत दिखाने के बजाय उन्होंने (शरीफ ने) सेना को दोषी ठहराया और खुद को पाक-साफ दिखने की कोशिश की।

मुशर्रफ ने लिखा, उन्होंने सोचा कि अगर वह (शरीफ) करगिल अभियान के बारे में कोई भी जानकारी होने से इनकार करते हैं तो वह अधिक सुरक्षित होंगे। मुशर्रफ ने किताब में लिखा है कि करगिल प्रकरण की वजह से शरीफ ने खुद को सेना के साथ टकराव के रास्ते पर खड़ा कर लिया। उन्होंने लिखा, चार जुलाई को संघर्ष विराम हुआ और अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के साथ बातचीत की। संघर्ष विराम के लिए बहुत अंतरराष्ट्रीय दबाव था। राष्ट्रपति क्लिंटन का पाकिस्तान और भारत दोनों में प्रभाव था। शरीफ बिना शर्त वापसी पर सहमत हुए और उन्होंने सैन्य स्थिति के बारे में गलत बातें प्रचारित की। मुशर्रफ ने ही करगिल युद्ध की साजिश रची थी, जो महीनों तक चला था। इस युद्ध से कुछ महीने पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भारत के अपने समकक्ष अटल बिहारी वाजपेयी के साथ लाहौर में ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। करगिल में मिली नाकामी के बाद मुशर्रफ ने 1999 में तख्तापलट कर तत्कालीन प्रधानमंत्री शरीफ को अपदस्थ कर दिया था और 1999 से 2008 तक विभिन्न पदों पर रहते हुए पाकिस्तान पर शासन किया था।



## देशद्रोह के लिए सजा-ए-मौत पाने वाले पाकिस्तान के पहले सैन्य शासक थे मुशर्रफ

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पूर्व तानाशाह जनरल परवेज मुशर्फ 2007 में संविधान को पलटने के लिए मुल्क के इतिहास में मृत्युदंड पाने वाले पहले सैन्य शासक बने थे। मुशर्रफ का रविवार को दुबई के एक अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह दुर्लभ बीमारी एमिलॉयडोसिस से पीड़ित थे, जिसमें पूरे शरीर के अंगों और ऊतकों में एमिलॉयड नामक एक असामान्य प्रोटीन बनता है। पाकिस्तान की एक अदालत ने दिसंबर 2019 में देशद्रोह के एक मामले में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। यह मामला नवंबर 2007 का है, जब मुशर्फ ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में संविधान को निलंबित कर दिया था और अपने कार्यकाल की अवधि बढ़ाने के लिए आपातकाल लागू किया था। इसके बाद उन्होंने महाभियोग के खतरे से बचने के लिए 2008 में इस्तीफा दे दिया था। जब उनके कट्टर दुश्मन नवाज शरीफ 2013 में सत्ता में लौटे, तो उन्होंने मुशर्फ के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा शुरू किया। मुशर्फ ने 1999 में तख्तापलट करते हुए शरीफ को अपदस्थ कर दिया था। पूर्व जनरल पर मार्च 2014 में देशद्रोह का आरोप लगाया गया। हालांकि, उन्होंने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताया था। पेशावर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश वकार अहमद सेठ की अगुवाई वाली विशेष अदालत की तीन सदस्ईय पीठ ने इस ऐतिहासिक मामले में फैसला सुनाया था। अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति को नवंबर 2007 में संविधान को निरस्त करके तथा संविधान से परे आपातकाल लागू करके देशद्रोह का दोषी ठहराया था तथा उन्हें सजा-ए-मौत सुनाई थी। इस तरह मुशर्रफ पर संविधान को पलटने के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले सैन्य शासक बनने का कलंक भी लगा। पाकिस्तान के तीन सेना प्रमुख जनरल अयूब खान, जनरल याह्या खान और जनरल जिया-उल-हक ने भी संविधान को निरस्त किया था, लेकिन उन पर कोई अदालती मुकदमा नहीं चला। मुशर्रफ को सजा मिलना पाकिस्तान में अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षण था, जहां प्रभावशाली सेना ने देश के 75 साल के इतिहास में करीब आधे वक्त तक राज किया। मुशर्रफ ने 1999 में नवाज शरीफ का तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा किया था।

# बिना जानकारी विटामिन और सप्लीमेंट का प्रयोग घातक

एजेंसी। जोहानिसबर्ग



**बगैर जानकारी** और उचित कारण के विटामिन और सप्लीमेंट (पूरक) का इस्तेमाल इंसान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इसके बावजूद दुनियाभर में लोगों की ओर से बड़े पैमाने पर विटामिन की खरीदारी जारी है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2020 में अनुपूरक (कंप्लीमेंटरी) और वैकल्पिक दवा के वैश्विक बाजार (जिसमें कई विटामिन वाले सप्लीमेंट शामिल हैं) का अनुमानित मूल्य करीब 82.27 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। प्राकृतिक स्वास्थ्य से जुड़े उत्पाद (जैसे कि मिनरल और एमिनो अम्ल) का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। इसका एक आंशिक कारण कोविड-19 महामारी के दौरान उपभोक्ताओं को लगी खरीदारी की आदत के कारण है। वायरस के संभावित रोकथाम उपाय के तहत लोग विटामिन सी, डी और जिंक सप्लीमेंट खरीदते हैं, हालांकि इनके असरदार होने संबंधी साक्ष्य अब भी अनिर्णायक हैं। ग्राहक को मल्टीविटामिन और मिनरल सप्लीमेंट आसानी से मिल जाते हैं। इन्हें अक्सर स्वास्थ्य संबंधी लाभ और दावों के आधार पर बाजार में बेचा जाता है, कभी-कभी इसका कोई आधार नहीं होता। लेकिन इनके पैकेट पर इस्तेमाल से होने वाले संभावित विपरीत प्रभाव का जिक्र नहीं किया जाता। विटामिन और मिनरल को समग्र रूप से सूक्ष्म पोषक तत्व (माइक्रोन्यूट्रीएंट) कहा जाता है और शरीर के सुचारू संचालन के लिए इन अहम तत्वों की जरूर होती है। हमारा शरीर केवल थोड़ी मात्रा में माइक्रोन्यूट्रीएंट का उत्पादन कर सकता है, या फिर इसका उत्पादन एकदम नहीं कर सकता। इसलिए हम अपने भोजन से बड़ी मात्रा में इन पोषक तत्वों को ग्रहण करते हैं। यह एक सामान्य धारणा है कि ए सप्लीमेंट नुकसानदेह नहीं होते। लेकिन वास्तव में इनका अनुचित मात्रा में सेवन करना खतरनाक साबित हो सकता है। विटामिन तभी लाभकारी हो सकतें है जब डॉक्टर की सलाह पर उचित कारण से इसका इस्तेमाल किया गया हो। उदाहरण के लिए पाया गया कि फोलिक अम्ल सप्लीमेंट गर्भवती महिलाओं में न्यूरल ट्यूब को खराब होने से बचाता है। इसी तरह जो लोग लाल मांस का सेवन कम करते हैं और फलीदार दालों का खपत नहीं बढ़ाते, उन्हें विटामिन बी-6 सप्लीमेंट (पूरक) की जरूरत होती है। लेकिन चिंता की बात यह है कि आजकल उपभोक्ताओं के बीच इंट्रावेनस विटामिन का चलन बढ़ रहा है,जिसे अक्सर मशहूर हस्तियों और सोशल मीडिया पर प्रचार के जरिए बढ़ावा दिया जाता है। इंट्रावेनस (इंजेक्शन के द्वारा नसों के जरिए लिया जाने वाला) विटामिन, पोषक तत्व और तरल पदार्थ फार्मेसियों के साथ-साथ ब्यूटी स्पा और आईवी बार में दिए जाते हैं। उपयोगकर्ताओं का मानना है कि यह उपचार उम्र बढ़ने के प्रभाव को धीमा कर सकता है, त्वचा को चमका सकता है या उन्हें अच्छा महसूस करा सकता है। हालांकि, इसके पहले इंट्रावेनस चिकित्सा का इस्तेमाल उन मरीजों के लिए करते थे जिन्हें निगलने में समस्या होती थी।

## कनाडा में सड़क के एक हिस्से का नाम कामागाटा मारु वे रखा जाएगा

भाषा। टोरंटो

**कनाडा के** ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एबॉट्सफोर्ड में सड़क के एक हिस्से का नाम 1914 में भारत से कनाडा गए उन 376 भारतीयों की याद में कामागाटा मारु वे रखा जाएगा, जिन्हें प्रचलित नस्लवादी नीतियों के कारण देश में प्रवेश से वंचित कर दिया गया था। स्थानीय समाचार पत्र सरे-नाउ लीडर ने बताया कि एबॉट्सफोर्ड सिटी काउंसिल ने पिछले हफ्ते सर्वसम्मति से दक्षिण फ्रेजर वे के एक हिस्से का नाम बदलकर कामागाटा मारु वे करने के लिए मतदान किया। चार अप्रैल, 1914 को जापानी स्टीमशिप कामागाटा मारु 376 भारतीय यात्रियों - 340 सिख, 24 मुस्लिम और 12 हिंदुओं को लेकर हांगकांग से ब्रिटिश कोलंबिया के तट के लिए रवाना हुआ था।

PUBLIC NOTICE
Known to all through this public notice that my client **Sh. Rajbir Singh S/o Sh. Rajaram** and his wife **Smt. Premlata** R/o D-112, Gali No-7, Sanjay Mohlla, Bhajan Pura Delhi-53, have debarred their elder son namely Anil and his wife Anju their all movable and immovable properties and have served all relations from them, due to their irresponsible & quarrelsome behavior as they are not under control of my clients, if any body deals with them, in that circumstances my clients shall not be responsible for the same.
**ARUN RAGHAV (Advocate)**
**DELHI HIGH COURT**
**Ch. No. G-220, Karkardooma Court, Delhi**

Public Notice
This is to inform General Public that Mr. Satish Dhoot has acquired the Freehold Industrial Property Bearing No. B-66, Land area measuring 133 sq. yds. i.e 111.38 Sq. Mtrs. Built on Plot No. 66, in Block-B, Situated in the Layout Plan of Ware Housing Scheme (W.H.S), Kirti Nagar, New Delhi-110015 by way of two separate Relinquishment Deed both dated 10.10.2022 Doc nos. 12865 & 12871. Now, Mr. Satish Dhoot is mortgaging the above said property with HDFC Bank Ltd. & in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

# केंद्र वैसा ही प्रेम जनता के प्रति दर्शाए, जैसा अडाणी के लिए है

## चंद्रशेखर राव का केंद्र पर निशाना



**भाषा।** नांदेड़ (महाराष्ट्र)

**तेलंगाना** के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने रविवार को अडाणी समूह के कथित घोटाले की चर्चा संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में कराने की मांग की। उन्होंने कोयला आयात और अडाणी के प्रति प्रेम को लेकर केंद्र पर निशाना साधा। चंद्रशेखर राव ने दावा किया कि केंद्र सरकार भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) पर अडाणी समूह में लगे पैसे के संबंध में जोखिम को लेकर उसपर गलत बयान देने का दबाव बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली इस समस्या में शामिल है और पूरा देश चिंतित है। महाराष्ट्र के नांदेड़ में जनसभा को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख ने आरोप लगाया कि केंद्र राज्यों पर कोयला आयात के लिए मजबूर कर रहा है, जिसकी आपूर्ति केवल अडाणी समूह द्वारा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कोयला आयात देश के साथ धोखाधड़ी के समान है और बीआरएस के सत्ता में आने के बाद यह स्थिति बदलेगी।चंद्रशेखर राव ने आरोप लगाते हुए कहा, मेरा प्रधानमंत्री से अनुरोध है कि अडाणी समूह इतने बड़े घोटाले में शामिल है कि इसपर संयुक्त संसदीय समिति में चर्चा होनी चाहिए। लगभग 10 लाख करोड़ रुपए उड़ चुके हैं। उन्होंने कहा, सभी को पता है कि वह (अडाणी) आपके मित्र हैं। केवल दो वर्षों में वह दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। अगर आप ईमानदार हैं तो संयुक्त संसदीय समिति का गठन करें। यह मेरी मांग हैं। बीआरएस प्रमुख ने दावा किया कि एलआईसी के अडाणी समूह में 80 हजार करोड़ रुपए लगे हैं, लेकिन देश को भ्रमित करने के लिए केंद्र एलआईसी पर झूठा बयान देने के लिए दबाव बना रहा है कि यह खतरे में नहीं है। उन्होंने कहा, एलआईसी दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतर प्रदर्शन करने वाली बीमा कंपनी है, लेकिन सरकार क्यों हस्तक्षेप कर रही है? कोयले की स्थिति पर बोलते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कोयले का पर्याप्त भंडार है और अगले 120 साल तक यह चलेगा, लेकिन केंद्र सरकार राज्यों को आयातित कोयला खरीदने को मजबूर कर रही है, जिसकी आपूर्ति केवल अडाणी समूह करता है। उन्होंने कहा, केंद्र का जिस तरह का प्रेम अडाणी के लिए है, वैसा ही प्रेम देश की जनता के लिए होना चाहिए। गौरतलब है कि अडाणी समूह पर अमेरिका स्थित हिंडनबर्ग रिसर्च ने शेयर के मूल्य बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने समेत अन्य आरोप लगाए हैं, जिसकी वजह से उसके शेयरों में भारी गिरावट आई है। अडाणी समूह ने आरोपों को झूठ बताकर उसका खंडन किया है और कहा कि वह सभी कानूनों का पालन करता है। चंद्रशेखर राव ने कहा, कोयले का आयात देश से धोखा है। कोल इंडिया लिमिटेड ने पहले ही कहा है कि वह 250 किलोमीटर लंबी रेल पटरी बिछाने के लिए राशि का भुगतान कर चुका है, जिससे हमारे कोयला उत्पादन में कई गुणा वृद्धि होगी। लेकिन केंद्र सरकार ऐसा होने नहीं दे रही है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह किस रेल लाइन की बात कर रहे हैं। बीआरएस अध्यक्ष ने कहा, अगर हम देश में मौजूद सभी कोयला खदानों का उचित तरीके से इस्तेमाल करें तो हमें एक किलोग्राम कोयला भी किसी देश से आयात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बीआरएस सत्ता में आने के बाद यह बदलाव करेगी।

## लालकृष्ण आडवाणी ने 2001 में परवेज मुशर्रफ से कहा था

# दाऊद को भारत को सौंप दो

**भाषा।** नई दिल्ली





मुंबई में 1993 में हुए बम विस्फोटों का षडयंत्रकर्ता दाऊद इब्राहिम बेशक अभी तक भारत की गिरफ्त में नहीं आया है लेकिन 2001 में तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने भारत दौरे पर आए पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ से इस वैश्विक आतंकवादी को सौंपने के लिए कहा था। आडवाणी ने 2011 में एक ब्लॉग पोस्ट में लिखा था, दाउद्द इब्राहिम का नाम सुनकर मुशर्फ के चेहरे का रंग उड़ गया था और वह असहज हो गए थे। वह अपनी बेचैनी को बड़ी मुश्किल से छुपा पा रहे थे।

मुशर्रफ आगरा शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए हुए थे और इस दौरान आडवाणी ने मुशर्फ से मुलाकात की थी। पूर्व गृह मंत्री ने यह भी बताया था कि अलकायदा सरगना ओसामा बिन लादेन के छावनी शहर एबटाबाद में स्थित ठिकाने को तब बनाया गया था जब मुशर्रफ का पाकिस्तान पर पर्याप्त नियंत्रण था। हालांकि मुशर्रफ ने इस बात का खंडन करते हुए कहा था कि दाउद्द इब्राहिम उनके देश में नहीं है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता आडवाणी ने अपने ब्लॉग में लिखा था, मुशर्रफ की बेचैनी साफ झलक रही थी और उन्होंने कहा था: मिस्टर आडवाणी, मैं आपको दृढ़तापूर्वक बता दूं कि दाउद्द इब्राहिम पाकिस्तान में नहीं है।

आडवाणी ने लिखा था, लेकिन बैठक के दौरान मौजूद पाकिस्तानी अधिकारियों में से एक ने मुझसे बाद में कहा हमारे राष्ट्रपति ने उस दिन दाऊद इब्राहिम के बारे में जो कहा वह सफेद झूठ था। घटनाक्रम का जिक्र करते हुए आडवाणी ने लिखा था कि मुशर्फ ने भारत और पाकिस्तान के बीच प्रत्यर्पण संधि संबंधी उनके सुझाव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी थी। आडवाणी ने तब उनसे कहा यदि आप मुंबई में 1993 में हुए बम विस्फोटों के मुख्य आरोपी दाऊद इब्राहिम को भारत को सौंप देते हैं तो इससे शांति प्रक्रिया में अहम सहयोग मिलेगा। अमेरिका ने पिछले साल दाऊद इब्राहिम को एक वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित किया था। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति और 1999 में करगिल युद्ध के मुख्य सूत्रधार रहे जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ का रविवार को एक लाइलाज बीमारी से वर्षों तक जूझने के बाद दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मुशर्रफ पाकिस्तान में अपने खिलाफ आपराधिक आरोपों से बचने के लिए संयुक्त अरब अमीरात में स्व: निर्वासित जीवन व्यतीत कर रहे थे।

## अंडमान सामूहिक बलात्कार मामले में पूर्व मुख्य सचिव का भी नाम

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान एवं निकोबार के पूर्व मुख्य सचिव जितेंद्र नारायण और दो अन्य के खिलाफ सामूहिक बलात्कार के मामले में आरोपपत्र दायर किया गया है। यह मामला 21 वर्षीय एक युवती ने दर्ज कराया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि नारायण, व्यवसाई संदीप सिंह उर्फ रिंकू और निलंबित श्रम आयुक्त ऋषिश्वरलाल ऋषि के खिलाफ 935 पन्नों का आरोपपत्र लगभग 90 गवाहों के बयानों, फॉरेंसिक रिपोर्ट और इलेक्ट्रॉनिक सबूतों पर आधारित है। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार) समेत अन्य संबंधित धाराओं में आरोप लगाए गए हैं। मोनिका भारद्वाज के नेतृत्व वाले विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को आरोपपत्र दाखिल किया। एसआईटी इन आरोपों की जांच कर रही है कि 21 वर्षीय युवती को सरकारी नौकरी का झांसा देकर मुख्य सचिव के आवास पर ले जाया गया और फिर नारायण सहित कई लोगों ने कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। फिलहाल, मामले के तीनों आरोपी जेल में हैं।

# थरूर ने मुशर्रफ को शांति की वास्तविक ताकत बताया

## भाजपा ने कांग्रेस पर बोला हमला

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ के निधन पर रविवार को शोक जताते हुए कहा कि एक समय वह भारत के कट्टर दुश्मन थे लेकिन बाद में शांति के लिए वास्तविक ताकत बन गए थे। थरूर के इस बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनकी पार्टी पर 1999 में करगिल युद्ध के मुख्य सूत्रधार की तारीफ करने का आरोप लगाया। मुशर्रफका रविवार को एक लाइलाज बीमारी से वर्षों तक जूझने के बाद दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। थरूर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुशर्रफ के निधन पर शोक व्यक्त किया और इसे लेकर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कांग्रेस पर पाकिस्तान परस्त होने का आरोप लगाया। थरूर ने ट्वीट किया, पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्फ का एक दुर्लभ बीमारी के कारण निधन हो गया : कभी भारत के कट्टर शत्रु रहे थरूर 2002-2007 के बीच शांति के लिए असली ताकत बन गए थे। उन्होंने कहा, मैंने संयुक्त राष्ट्र में उन दिनों उनसे हर साल मुलाकात की थी और उन्हें चतुर तथा अपने कूटनीतिक विचारों में स्पष्ट पाया था। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने थरूर के ट्वीट को लेकर उन पर निशाना साधा। चंद्रशेखर ने कहा, पाकिस्तान के तानाशाह जनरल के लिए शांति की शक्ति बनने या स्पष्ट रणनीतिक सोच विकसित करने जैसी कोई बात नहीं है। इन जनरल के चलते कई जानें चली गईं। अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन हुआ और चारों तरफ नुकसान हुआ। भारत में भी इन जनरलों के प्रशंसक हैं।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने थरूर के ट्वीट को टैग करते हुए कहा, परवेज मुशर्रफ करगिल युद्ध के षड्यंत्रकारी, तानाशाह, जघन्य अपराधों के आरोपी थे। उन्होंने तालिबान और ओसामा को भाई और नायक माना था और जिन्होंने अपने ही सैनिकों के शवों को वापस लेने से इनकार कर दिया था, कांग्रेस द्वारा उनकी प्रशंसा की जा रही है, आश्चर्य हो रहा है? कांग्रेस की पाकिस्तान परस्ती फिर सामने आई है। उन्होंने कहा, एक समय मुशर्रफ ने राहुल गांधी को एक सज्जन व्यक्ति बताते हुए उनकी प्रशंसा की थी, शायद इसी कारण कांग्रेस को मुशर्फ प्रिय है। पूनावाला ने कहा, अनुच्छेद 370 से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट पर संदेह जताने वाली कांग्रेस ने मुशर्रफ की तारीफ की, लेकिन हमारे अपने प्रमुख को सड़क का गुंडा कहा..यही कांग्रेस है। एक अन्य ट्वीट में, भाजपा नेता ने मुशर्फ का एक पुराना वीडियो साझा किया, जिसमें वह पाकिस्तान के राष्ट्रपति के रूप में दिल्ली की यात्रा के दौरान उनके बेटे को राहुल गांधी द्वारा आमंत्रित किए जाने और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा उनकी (मुशर्रफ) पत्नी, भाई और बेटे को दोपहर के भोजन (लंच) के लिए आमंत्रित किए जाने के बारे में बात कर रहे थे।

# अडाणी के शेयरों में गिरावट सिर्फ एक कंपनी से जुड़ा मामला

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने अडाणी समूह के शेयरों में आई भारी गिरावट को एक कंपनी तक केंद्रित मामला बताते हुए कहा है कि शेयर बाजार को स्थिर रखने के लिए सेबी और रिजर्व बैंक जैसे नियामकों को हमेशा चौकस रहना चाहिए। सीतारमण ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में कहा है कि बैंक एवं बीमा कंपनियों ने किसी एक कंपनी में हद से अधिक निवेश नहीं किया है। इसके साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि भारतीय बाजारों का नियामक बहुत अच्छी तरह प्रबंधन करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक एवं बीमा कंपनियां खुद ही आगे आकर अडाणी समूह को लेकर अपनी स्थिति साफ कर रही हैं। उन्होंने कहा, इनका किसी भी एक कंपनी में अधिक पैसा नहीं लगा है। यह बात खुद वही सामने आकर कह रहे हैं। उन्होंने टाइम्स नाऊचैनल से कहा, हां, बाजार में कभी-कभार छोटे-मोटे झटके लगते रहे हैं। लेकिन ए नियामक इस तरह के मुद्दों का ध्यान रखते हैं। मेरी स्पष्ट राय है कि हमारे नियामक इस मसले में लगे हुए हैं। अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बीते 10 दिन में भारी गिरावट आई है। हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट में शेयरों के भाव बढ़ाने के लिए गलत तरीके अपनाने के आरोप लगने के बाद इस समूह का बाजार पूंजीकरण 100 अरब डॉलर से अधिक गिर चुका है। हालांकि, अडाणी समूह ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसकी कंपनियां सभी कानूनों एवं खुलासा प्रावधानों का पालन करती हैं। इस मामले में नियामकों की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर सीतारमण ने कहा, मेरी राय बस यही है कि नियामकों, चाहे वह आरबीआई हो या सेबी, को समय पर काम करना चाहिए और बाजार को स्थिर रखने के लिए काम करना चाहिए। वित्त मंत्रालय में रहते हुए मेरा यही मत है कि नियामकों को हमेशा ही चौकस रहना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि अडाणी समूह के शेयरों में जारी गिरावट क्या सिर्फ एक समूह तक ही सीमित मामला है तो उन्होंने कहा, मुझे ऐसा ही लगता है। मुझे इस मामले का भारत में विदेशी पूंजी प्रवाह पर कोई असर पड़ता हुआ नहीं दिख रहा है। पिछले कुछ दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार आठ अरब डॉलर बढ़ गया है।

# नीतीश कुमार के खिलाफ खुलकर बगावत पर उतरे उपेंद्र कुशवाहा

## पार्टी कार्यकर्ताओं को भेजा खुला पत्र

**भाषा।** पटना

**जनता** दल यूनाइटेड (जदयू) के संसदीय बोर्ड के असंतुष्ट अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा रविवार को पार्टी के सर्वोच्च नेता नीतीश कुमार के खिलाफ खुले विद्रोह पर उतर आए और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को एक खुला पत्र जारी कर राजद के साथ एक खास डील पर विमर्श के लिए लिए आमंत्रित किया है। कुशवाहा उस समय से नाराज चल रहे हैं जब बिहार के मुख्यमंत्री कुमार ने उन्हें अपना दूसरा उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की अटकलों को खारिज कर दिया था। कुशवाहा ने जदयू कार्यकर्ताओं को लिखे पत्र में कहा कि पार्टी अपने आंतरिक कारणों से प्रतिदिन कमजोर होती जा रही है तथा महागठबंधन बनने के बाद बिहार के विधानसभा उपचुनावों के परिणाम आने के समय से ही वह पार्टी की स्थिति से मुख्यमंत्री को लगातार अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा, समय-समय पर पार्टी की बैठकों में भी मैंने अपनी बातें रखीं हैं। विगत एक-डेढ महीने से मैंने हर संभव तरीके से कोशिश की है कि दिनोंदिन अपना अस्तित्व खोती जा रही पार्टी को बचाया जा सके। कुशवाहा ने पत्र में कहा है, मेरी कोशिश आज भी जारी है। परन्तु तमाम प्रयासों के बावजूद मुख्यमंत्री द्वारा मेरी बातों की न सिर्फ अनदेखी की जा रहीं है बल्कि उसकी व्याख्या भी गलत तरीके से की जा रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है, मेरी चिंता और जहां तक मैं समझता हूँ आप सभी की चिंता भी इस बात को लेकर है कि अगर जदयू बिखर गया तो उन करोड़ लोगों का क्या होगा जिनके अरमान इस दल के साथ जुड़े हुए हैं और जिन्होंने बड़े-बड़े कष्ट सहकर और अपनी कुर्बानी देकर इसके निर्माण में अपना योगदान किया है। कुशवाहा ने कहा, राजद की ओर से एक खास डील और जदयू का राजद के साथ विलय की चर्चा ने न सिर्फ पार्टी के निष्ठावान नेताओं कार्यकर्ताओं वरन आम जन मानस को भी झकझोर कर रख दिया है,ऐसी परिस्थिति में हम सबके समक्ष राजनीतिक शुन्यता की स्थिति बनती जा रही हैं। जदयू नेता ने पार्टी कार्यक्रर्ताओं से कहा कि इसलिए आज आवश्यकता इस बात की आ गई है कि हम सब मिलकर उक्त विषय पर विमर्श करें। उन्होंने इसके लिए अपनी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं को 19 और 20 फरवरी को बैठक में शामिल होने के लिए कहा है ताकि राजद के साथ पार्टी के विशेष सौदे के पीछे की सच्चाई के बारे में चर्चा की जा सके। कुशवाहा ने हाल में राजद पर सत्ता के विकेंद्रीकरण के समाजवादी आदर्श से भटकने और एक परिवार के भीतर सभी अधिकार केंद्रित करने का आरोप लगाया था।

# 1951 के बाद से भारत में छह गुना बढ़े वोटर

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** में 1951 के बाद से मतदाताओं की कुल संख्या में लगभग छह गुना वृद्धि देखी गई है और इस वर्ष यह संख्या 94.50 करोड़ से अधिक हो गई है। हालांकि इनमें से लगभग एक-तिहाई मतदाताओं ने पिछले लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं किया। इस वजह से निर्वाचन आयोग अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर लाने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहा है। वर्ष 1951 में, जब पहले आम चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार की गई थी, तब भारत में 17.32 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे और तब 45.67 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था।पिछले कुछ वर्षों में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि देखी गई, और बाद के चुनावों में उनकी भागीदारी भी बढ़ी।

वर्ष 1957 के आम चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 19.37 करोड़ थी और 47.74 प्रतिशत ने मतदाताओं ने वोट डाला।

मतदान प्रतिशत को 75 प्रतिशत तक ले जाने की चर्चा के बीच निर्वाचन आयोग ने उन 30 करोड़ मतदाताओं के मुद्दे को उठाया, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान करने नहीं पहुंचे। इन 30 करोड़ मतदाताओं की श्रेणी में शहरी क्षेत्र के लोग, युवा और प्रवासी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने हिमाचल प्रदेश और गुजरात में हाल में हुए विधानसभा चुनावों में शहरी मतदाताओं की उदासीनता की ओर इशारा किया है। इस वर्ष कई राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और अगले साल प्रस्तावित लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर निर्वाचन आयोग का लक्ष्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।वर्ष 1962 के आम चुनाव में पहली बार चुनाव प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी 50 प्रतिशत से अधिक हो गई, जब 21.64 करोड़ मतदाताओं में से 55.42 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। वर्ष 2009 तक, पंजीकृत मतदाताओं की कुल संख्या 71.70 करोड़ हो गई थी, लेकिन मतदान प्रतिशत केवल 58.21 प्रतिशत था, जो 1962 के मुकाबले मतदान प्रतिशत में मामूली वृद्धि थी। वर्ष 2014 के आम चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 83.40 करोड़ थी और मतदान प्रतिशत 66.44 तक बढ़ गया।वर्ष 2019 के आम चुनाव में 91.20 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे और 67.40 प्रतिशत मतदाता मतदान केंद्रों पर वोट डालने पहुंचे थे।

# मार्च तक पैन से आधार नहीं जुड़ा तो बंद हो जाएंगे कर लाभ: सीबीडीटी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कुल 61 करोड़ स्थाई खाता संख्या (पैन) में से करीब 48 करोड़ को अबतक विशिष्ट पहचान संख्या आधार से जोड़ा जा चुका है और 31 मार्च तक ऐसा नही करने वाले लोगों को कारोबार एवं कर संबंधी गतिविधियो मे लाभ नही मिल पाएंगे।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब भी कई करोड़ पैन को आधार से नही जोड़ा गया है लेकिन 31 मार्च की समयसीमा खत्म होने तक इस काम के भी पूरा हो जाने की उम्मीद है। सरकार ने पैन को आधार से जोड़ना अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए 31 मार्च, 2023 की समयसीमा तय करते हुए कहा गया है कि आधार से नही जोड़े गए व्यक्तिगत पैन इस तारीख के बाद निष्क्रिय घोषित कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही सरकार ने कहा है कि मौजूदा समय से 31 मार्च के बीच पैन को आधार से जोड़ने के लिए 1,000 रुपए का शुल्क देना होगा। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा, पैन को आधार से जोड़ने के बारे में कई जागरूकता अभियान चलाए गए हैं और हमने इस समयसीमा को कई बार बढ़ाया है। अगर तय समय तक पैन को आधार नही जोड़ा जाता है, तो उस धारक को कर लाभ नही मिल पाएगा क्योंकि उसका पैन ही मार्च के बाद वैध नही रहेगा। सीबीडीटी पिछले साल जारी एक परिपत्र में यह साफ कर चुका है कि पैन के निष्क्रिय हो जाने के बाद संबंधित व्यक्ति को आयकर अधिनियम के तहत निर्धारित सभी परिणामो का सामना करना होगा। इसमें आयकर रिटर्न न दाखिल कर पाना और लंबित रिटर्न का प्रसंस्करण न हो पाने जैसी स्थितियां शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पैन को साझा पहचानकर्ता बनाने की बजट घोषणा कारोबारी जगत के लिए फायदेमंद होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट मे ऐलान किया है कि सरकारी एजेंसियो की डिजिटल प्रणालियो मे पैन को कारोबारी प्रतिष्ठान अब एक साझा पहचानकर्ता के तौर पर इस्तेमाल कर सकेंगे।

## कैंसर को हराने वाले आईपीएस अधिकारी ने कहा, हर मुश्किल को चुनौती के रूप में देखें

**पणजी।** कैंसर को उन तमाम कठिनाइयो का केवल एक हिस्सा समझे जिनका सामना आप अपने जीवन मे करते है और सकारात्मकता के साथ इससे उबरने के लिए अपना सर्वोत्तम प्रयास करें। कैंसर को मात देने वाले गोवा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी निधिन वलसन ने यह बात कही, जिन्होंने कैंसर मुक्त घोषित किए जाने के एक साल बाद आयरनमैन प्रतियोगिता मे हिस्सा लिया। विश्व कैंसर दिवस के मौके पर शनिवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत मे वर्ष 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी वलसन ने कहा, हर मुश्किल को एक चुनौती के रूप में माने और सबसे महत्वपूर्ण ए है कि उम्मीद न छोड़ें।

उत्तरी गोवा के पुलस अधीक्षक वलसन ने कहा, हर व्यक्ति के जीवन मे कोई न कोई समस्या है। कैंसर को केवल जीवन की एक समस्या के रूप में लें। जब पता चला कि मुझे कैंसर है, तो मैं डर गया कि क्या मैं वही व्यक्ति रहूंगा जो पहले था। लेकिन अब मैं कह सकता हूं कि मैं अच्छा कर रहा हूं। वलसन को नॉन हॉजकिन्स लिम्फोमा हुआ था और उन्हें पिछले साल फरवरी मे कैंसर मुक्त घोषित किया गया। इसके बाद उन्होंने नवंबर में आयरनमैन 70.3 में हिस्सा लिया जिसके तहत 1.9 किलोमीटर की खुले समुद्र में तैराकी, 91 किलोमीटर की साइक्लिंग और 21 किलोमीटर की दौड़ आती है। वलसन ने कहा, जब मैने अपनी पत्नी को बताया कि मुझे कैंसर है तो वह रो पड़ी। यह मुश्किल समय था। आपको केमोथेरेपी, रेडिएशन से गुजरना पड़ता है। आपका व्यक्तित्व छह महीनो मे बदल जाता है। आप एक कमरे में सिमट जाते हैं और अन्य लोगों से बातचीत करने में अक्षम होते हैं। बीमारी पर काबू पाने के लिए आवश्यक सकारात्मकता को रेखांकित करते हुए, वलसन ने कहा कि इस अवधि के दौरान उन्होंने मनोविज्ञान में एमएससी पूरा किया।


## योग गुरु रामदेव के खिलाफ विवादित बयान देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**बाड़मेर।** राजस्थान के बाड़मेर जिले के चौहटन थाने में रविवार को एक स्थानीय व्यक्ति ने योग गुरु स्वामी रामदेव के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। चौहटन थानाधिकारी भुताराम ने बताया कि स्थानीय निवासी पठाई खान ने रविवार को योग गुरु बाबा रामदेव पर धार्मिक भावनाएं भड़काने संबंधी मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (ए), 295 (ए) और 298 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बृहस्पतिवार को बाड़मेर में संतों की एक सभा में योग गुरु बाबा रामदेव ने हिंदू धर्म की तुलना इस्लाम और ईसाई धर्म से करते हुए मुस्लिमों पर आतंक का सहारा लेने और हिंदू लड़कियो का अपहरण करने का आरोप लगाया था।

## पूर्व मंत्री और खनन कारोबारी जनार्दन रेड्डी की नई पार्टी से बदल सकती है राजनीतिक तस्वीर

# अब कर्नाटक में दिलचस्प हुआ चुनावी मुकाबला

**भाषा।** बेंगलुरु,



**कर्नाटक** के पूर्व मंत्री एवं खनन कारोबारी जी जनार्दन रेड्डी द्वारा एक नई पार्टी का गठन करने से राज्य के कुछ हिस्सों में चुनावी मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जी जनार्दन रेड्डी द्वारा नई पार्टी बनाने और बल्लारी विधानसभा सीट से अपनी पत्नी को चुनाव मैदान में उतारने से रेड्डी परिवार में दरार पड़ने के संकेत मिलते हैं। बल्लारी सीट से जी जनार्दन रेड्डी के बड़े भाई जी सोमशेखर रेड्डी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा विधायक हैं। अवैध खनन मामले में आरोपी जी जनार्दन रेड्डी ने भाजपा से अपना दो दशक पुराना नाता तोड़ने के बाद हाल ही में कल्याण राज्य प्रगति पक्ष (केआरपीपी) पार्टी का गठन किया था। केआरपीपी कल्याण-कर्नाटक क्षेत्र (पहले हैदराबाद-कर्नाटक) के कुछ जिलों, खासतौर से बल्लारी, कोप्पल और रायचुर में ध्यान केंद्रित कर रही है।

कर्नाटक में अप्रैल-मई में होने वाले विधानसभा चुनाव में महज कुछ महीने बाकी रहने के मद्देनजर केआरपीपी के गठन ने उसके संभावित असर को लेकर बहस शुरू कर दी है। बल्लारी जिले के बाहर कर्नाटक की चुनावी राजनीति में फिर से कदम रखते हुए जी जनार्दन रेड्डी ने यह भी घोषणा की कि वह कोप्पल जिले में गंगावती से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। कई राजनीतिक नेताओं और पर्यवेक्षकों का मानना है कि वह अदालत द्वारा लगाई पाबंदी के कारण अपने गृह जिले में प्रवेश न करने के लिए मजबूर हैं। बहरहाल, परिवार में विभाजन, कोई मजबूत जातीय आधार न होने और लंबे समय से मित्र रहे वाल्मीकि समुदाय (अनुसूचित जाति) के बी. श्रीरामुलु जैसे प्रभावशाली जातिवादी नेता का समर्थन न मिलने से चुनावों में उनकी पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंच सकता है।

एक नेता ने कहा, चुनावों में विरोधी उन्हें (जी जनार्दन रेड्डी को) बाहरी नेता के रूप में दिखाने की कोशिश कर सकते हैं, क्योंकि रेड्डी समुदाय तेलुगु भाषी है, जिसका ज्यादा आधार पड़ोसी आंध्र प्रदेश में है। हालांकि, कुछ लोगों ने आगाह किया कि जी जनार्दन रेड्डी अपने फायदे के लिए लोगों को प्रभावित करने की कला में माहिर हैं। उन्होंने कहा कि रेड्डी ने विपक्षी विधायकों को भाजपा में शामिल कराने के लिए ऑपरेशन कमल के दौरान अपनी इस कला का सफल प्रदर्शन किया था। रेड्डी खनन घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद करीब 12 साल तक राजनीतिक रूप से सक्रिय नहीं रहे। राज्य में 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने खुद को रेड्डी से अलग कर लिया था। भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने कहा था, भाजपा का जनार्दन रेड्डी से कोई लेना-देना नहीं है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि भाजपा जिस तरीके से उनके साथ बर्ताव कर रही थी तथा उन्हें नजरअंदाज कर रही थी, उससे रेड्डी परेशान थे। उन्होंने कहा कि केआरपीपी कुछ निर्वाचन क्षेत्रों, खासतौर से बल्लारी क्षेत्र में भाजपा पर असर डाल सकती है और उसके वोट काट सकती है। करोड़ों रुपए के अवैध खनन मामले में आरोपी रेड्डी 2015 से जमानत पर बाहर हैं और उच्चतम न्यायालय में उन पर कई शर्तें लगाई हैं, जिनमें कर्नाटक के बल्लारी तथा आंध्र प्रदेश के अनंतपुर और कड़पा में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध शामिल है।

# जडेजा वापसी के बाद फिर एकाबर तैयार

**भाषा।** नागपुर

## ● घुटने की सर्जरी के बाद फिर से भारतीय टीम की जर्सी पहनना सौभाग्य की बात: जडेजा



**घुटने की** सर्जरी से उबर कर लगभग पांच महीने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में वापसी करने को तैयार हरफनमौला रविंद्र जडेजा का मानना है कि वह भाग्यशाली है कि करियर प्रभावित करने वाली चोट के बाद उन्हें फिर से भारतीय टीम का जर्सी पहनने का मौका मिलेगा। इस चोट के कारण जडेजा पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी20 विश्व कप से बाहर हो गए थे। विश्व कप से पहले उन्हे घुटने की सर्जरी करनी पड़ी जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहे। जडेजा ने बीसीसीआई डॉट टीवी को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं बहुत उत्साहित और खुश हूं कि लगभग पांच महीने के बाद मुझे फिर से भारतीय जर्सी पहनने का मौका मिला है। मैं धन्य हूं कि मुझे फिर से मौका दिया गया और यहां तक पहुंचने का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा। अगर आप पांच महीने तक क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, तो यह बहुत निराशाजनक हो जाता है। मैं जल्द से जल्द फिट होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा था ताकि भारत के लिए खेल सकूं। जडेजा ने कहा कि विश्व कप से पहले या बाद में सर्जरी कराना उनके लिए व्यक्तिगत रूप से एक कठिन निर्णय था, लेकिन अंत में उन्होंने डॉक्टर की सलाह का पालन किया। मुझे घुटने में समस्या थी और मुझे जल्दी या बाद में सर्जरी करवानी थी। लेकिन मुझे यह निर्णय लेना था कि यह विश्व कप से पहले होगा या उसके बाद। चिकित्सकों ने भी मुझे विश्व कप से पहले इसे करने की सलाह दी। विश्व कप में मेरे खेलने की संभावना वैसे भी काफी कम थी। इसलिए मैंने अपना मन बनाया और सर्जरी करवा ली। उन्होंने हालांकि कहा कि सर्जरी के बाद की अवधि वास्तव में कठिन थी लेकिन भारतीय जर्सी पहनने की प्रेरणा से उन्होंने इस समय का डटकर सामना किया। बाएं हाथ से गेंदबाजी करने वाले इस हरफनमौला ने कहा, उसके बाद की अवधि (सर्जरी) काफी कठिन थी क्योंकि आपको लगातार रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) और प्रशिक्षण करना पड़ता है। जब मैं टेलीविजन पर मैच देखता था तो मेरी दिमाग में चोटिल होने के कारण नहीं खेलने का मलाल रहता था। जब मैं विश्व कप देख रहा था, तो मैं चाहता था कि मैं भी वहां रहूं। सर्जरी के बाद की उबरने की अवधि के बारे में उन्होंने कहा, ए छोटी चीजें आपको रिकवरी प्रक्रिया को तेज करने के लिए प्रेरित करती हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के फिजियो और ट्रेनर ने मेरे घुटने पर काफी मेहनत की। रविवार को एनसीए बंद होने के बाद भी वे मेरे इलाज के लिए आते थे। चोट के बाद के दो महीने विशेष रूप से कठिन थे क्योंकि मैं कहीं नहीं जा सकता था, मैं ठीक से चल भी नहीं सकता था। वह काफी महत्वपूर्ण समय था और मेरा परिवार और दोस्त मेरे साथ खड़े थे। एनसीए के प्रशिक्षकों ने भी मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। पिछले महीने जडेजा ने चेन्नई में तमिलनाडु के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में सौराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हुए खेल में सफल वापसी की। मुझे थोड़ा अजीब लगा क्योंकि मैं पांच महीने तक धूप में नहीं गया था। मैं इंडोर ट्रेनिंग कर रहा था इसलिए जब मैं मैदान में गया तो मैं सोच रहा था कि क्या मेरा शरीर टिक सकता है। पहला दिन बहुत कठिन था और हम सभी चेन्नई की गर्मी के बारे में जानते हैं। फिर मेरा शरीर स्थिति के अनुकूल हो गया और मैं अच्छा और फिट महसूस कर रहा था। ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा नौ फरवरी से नागपुर में पहले टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा।

## चोटिल हेजलवुड नहीं खेलेंगे पहला टेस्ट, दूसरे टेस्ट में भी खेलना अनिश्चित




**नई दिल्ली।** चोट से उबर रहे आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रहा पहला टेस्ट नही खेल सकेंगे और दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में भी उनका खेलना तय नही है। 32 वर्ष के हेजलवुड को पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वर्षाबाधित टेस्ट में बाएं पैर में चोट लगी थी। हेजलवुड ने बेंगलुरू के केएससीए स्टेडियम में आस्ट्रेलिया के आखिरी अभ्यास सत्र के बाद क्रिकबज से कहा , पहले टेस्ट के बारे में नही कह सकता। अभी उसमें कुछ ही दिन बचे है। उसके बाद दूसरे टेस्ट मे भी ज्यादा समय नही है। देखते है। हेजलवुड के नही खेलने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। मिशेल स्टार्क पहले ही उंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर है। हेजलवुड ने कहा , अभी कार्यभार प्रबंधन अहम है। मै थोड़ा बहुत अभ्यास कर पा रहा हूं। अभी पूरी तरह से रिकवर नही हो सका हूं। एक बार मे एक टेस्ट ही खेल पाना निराशाजनक है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भी वह एक ही टेस्ट खेल सके थे और फिर चोटिल हो गए थे। चोटों के बावजूद उनकी प्राथमिकता टेस्ट क्रिकेट है चूंकि आस्ट्रेलिया का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलना तय है और उसके अलावा एशेज श्रृंखला भी है। मेरी सोच नही बदली है। मै मैच दर मैच सोचता हूं। यह बड़ा और लंबा दौरा है और हमे चार टेस्ट खेलने है। इसके अलावा एशेज भी खेलना है।

## जब परवेज मुशर्फ ने धोनी के लंबे बालों की प्रशंसा करते हुए कहा था, बाल मत कटवाना

**भाषा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान के** पूर्व राष्ट्रपति जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्फ का रविवार को निधन हो गया। वह हमेशा भारत-पाक क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता का आनंद लेते थे और एक बार उन्होने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान एम एस धोनी को लंबे बाल नही कटाने की सलाह भी दी थी। भारत ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए पिछली बार पाकिस्तान का दौरा 2006 मे किया था। लाहौर मे एक दिवसीय मैच के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह मे तब राष्ट्रपति मुशर्फ ने धोनी के हेयरस्टाइल की प्रशंसा की थी और भारतीय क्रिकेट टीम को मैच जीतने की बधाई भी दी थी। मुशर्फ ने कहा था, मै धोनी को जीत का सूत्रधार बनने के लिए बधाई देता हूं। मैने एक प्लेकार्ड देखा जिसमे धोनी को हेयरकट कराने के लिए कहा गया था लेकिन अगर आप मेरी राय मानो तो आप इस हेयरकट मे अच्छे दिखते हो। बाल मत कटवाना। मुशर्फ का रविवार को लंबी बीमारी के बाद दुबई के एक अस्पताल मे निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे।



# स्लिप में क्षेत्ररक्षण पर रहेगा जोर : द्रविड़

**भाषा।** नागपुर



**भारतीय टीम** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि नौ फरवरी से आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में टीम का फोकस क्षेत्ररक्षण खासकर स्लिप में कैचिंग पर होगा। अतीत में स्लिप में भारत का क्षेत्ररक्षण चिंता का विषय रहा है और द्रविड़ ने कहा कि टीम इसमें सुधार की कोशिश कर रही है। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा ट्विटर पर डाले गए एक वीडियो में कहा , हर कोई फिट है और टेस्ट टीम को फिर साथ में देखकर अच्छा लग रहा है। हमने पिछले कुछ महीने में सफेद गेंद से काफी क्रिकेट खेला है। उन्होंने कहा , इनमें कुछ खिलाड़ी सफेद गेंद के प्रारूप से टेस्ट खेलने आए हैं और नेटपर उन्हें अतिरिक्त अभ्यास करते देखकर अच्छा लगा। भारतीय टीम वीसीए स्टेडियम पर नेट अभ्यास कर रही है। पहला टेस्ट वीसीए जामथा स्टेडियम पर खेला जाएगा। द्रविड़ ने कहा , फील्डिंग काफी महत्वपूर्ण है। करीबी कैचिंग पर ध्यान देना होगा क्योंकि श्रृंखला में इसकी भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा , स्लिप फील्डिंग और कैचिंग पर काफी फोकस रहेगा। जब आप लगातार यात्रा करते हैं तो इन चीजों पर काम करने का ज्यादा समय नहीं मिल पाता। हमने कुछ लंबे नेट सत्र किए। कोचिंग स्टाफ के लिए भी यह अच्छा है क्योंकि हम इतना ज्यादा क्रिकेट खेलते हैं कि इसके लिए समय नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा , इस सप्ताह अभ्यास के लिए समय मिल पाना अच्छा रहा। कोचिंग स्टाफ इसके लिए एक महीने से तैयारी कर रहा था। मुझे खुशी है कि सब कुछ ठीक चल रहा है। नागपुर के बाद दूसरा टेस्ट 17 फरवरी से दिल्ली में, तीसरा एक मार्च से धर्मशाला में और चौथा नौ मार्च से अहमदाबाद में खेला जाएगा। मेरे हिसाब से तो यह छोटा ही शिविर था। मुझे लंबे शिविर पसंद है जिनमें खेल पर काम हो सके लेकिन मुझे फिर भी खुशी है कि यहां पांच छह दिन मिल सके।

### पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली पर पत्नी को पीटने के कारण एफआईआर

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नशे की हालत में पत्नी को कथित रूप से पीटने और अपशब्द कहने के आरोप में भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बांद्रा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को हुई इस घटना के सिलसिले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नही हुई है। उन्होने बताया कि रविवार को दो पुलिसकर्मी कांबली के फ्लैट पर गए और उन्हे नोटिस देकर बयान दर्ज कराने के लिए उनके सामने पेश होने को कहा।कांबली की पत्नी एंड्रिया ने आरोप लगाया है कि कांबली ने उन पर खाना पकाने का बर्तन फेंक दिया था जिससे उनके सिर मे चोट आई है।

### टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी : मिताली

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान मिताली राज को लगता है कि महिला टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम की फॉर्म पर निर्भर होगी। इस महान बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि भारतीय गेंदबाजो को दक्षिण अफ्रीका में शुक्रवार से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में मुश्किल भरी परिस्थितियो मे काफी सुधार दिखाना होगा। मिताली ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) में अपने कॉलम में लिखा, भारत की उम्मीदे काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी। स्मृति मंधाना अच्छा खेल रही है और मैच विजेता है। उन्होने कहा, हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म मे दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैड को हराने के लिए अन्य बल्लेबाजो के भी रन बनाने की जरूरत है। भारतीय टीम 12 फरवरी को केपटाउन में टूर्नामेंट के शुरूआती मैच मे पाकिस्तान से भिड़ेगी। टीम दक्षिण अफ्रीका में खेल रही है और हाल मे त्रिकोणीय श्रृंखला में उप विजेता रही जिसमें मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी शामिल थे।

### नार्थ ईस्टर्न रेलवे की जीत में दीपक यादव की शानदार बल्लेबाजी

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच दीपक यादव 73 और उपेंद्र सिंह 52 की दमदार बल्लेबाजी के दम पर नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने जी20 बीबीडी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में आरईपीएल क्रूसेडर्स क्रिकेट क्लब को सात विकेट के बड़े अंतर से हराया। चौक स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आरईपीएल क्रसेडर्स क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.4 में सभी विकेट गंवाकर 159 रन का मामूली स्कोर बनाया। जवाब में नार्थ ईस्टर्न रेलवे ने लक्ष्य का पीछा करते तीन विकेट पर 160 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से अपने नाम कर लिया।

### सिक्योरिटी हंटर्स ने जीती अंतर विभागीय ट्रॉफी

**लखनऊ।** सिक्योरिटी हंटर्स ने मैन ऑफ़ द मैच अमित सिंह 44 रनए, 3 विकेट के हरफ नमौला प्रदर्शन और रामआशीष यादव 36 की उम्दा पारी के सहारे आइडियल अंतर विभागीय टी.20 क्रिकेट लीग में खिताबी जीत के साथ विजेता ट्राफी अपने नाम कर ली। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्र ीड़ा संघ के तत्वाधान में ऐशबाग रेलवे स्टेडियम पर आयोजित लीग के रविवार को खेले गए फ़ाइनल में सिक्योरिटी हंटर्स ने इंजीनयरिंग डेयरडेविल्स को 48 रन से पराजित किया।

# एशेज से कम नहीं है भारत और आस्ट्रेलिया मैच की लोकप्रियता

**भाषा।** नई दिल्ली

## ● पिछले 75 वर्षों में बढ़ी प्रतिद्वंद्विता



**आस्ट्रेलिया** और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला परंपरागत हो चुकी है लेकिन भारत बनाम आस्ट्रेलिया टेस्ट मैचों में भावनाओं की अहमियत पिछले 75 वर्षों में दोनों देशों के बीच श्रृंखलाओं के नतीजों से देखी जा सकती है।

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पिछले 75 वर्षों में प्रतिद्वंद्विता काफी बढ़ चुकी है और नौ फरवरी से नागपुर में शुरू होने वाली आगामी चार टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला भी काफी चुनौतीपूर्ण होने वाली है। इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम के भारत में खेले गए कुछ बेहतरीन मैचों के आंकड़े किसी न किसी तरह काफी दिलचस्प रहे हैं।

ब्रेबोर्न स्टेडियम में भारतीय टीम 1969 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में दूसरी पारी में सात विकेट पर 89 रन बनाकर मुश्किल में थी और उसे मैच बचाने के लिए किसी चमत्कार की जरूरत थी। अजीत वाडेकर और श्रीनिवास वेंकटराघवन क्रीज पर थे। दोनों के बीच आठवें विकेट की साझेदारी बन रही थी लेकिन अंपायर शंभु पान ने वेंकटराघवन को विकेट के पीछे कैच आउट का विवादास्पद फैसला किया और यह भारत-आस्ट्रेलिया टेस्ट इतिहास के सबसे डरावनी घटनाओं में जुड़ गया। रेडियो कमेंटेटर देवराज पुरी ने इस फैसले की काफी आलोचना की जिससे टीम का स्कोर आठ विकेट पर 114 रन हो गया। इससे दर्शकों का व्यवहार उग्र हो गया और उन्होंने स्टेडियम में कुर्सियां पटकनी शुरू कर दीं, स्टेडियम में पेय पदार्थों की खाली बोतलें फेंक दी। फिर स्टैंड में आग की लपटें देखकर खिलाड़ी भी भयभीत हो गए। आस्ट्रेलिया के क्रिकेट लेखकर रे रॉबिन्सन सीसीआई के प्रेस बॉक्स में थे, उन्होंने अपनी आंखों देखी इस हिंसा का जिक्र अपनी किताब द वाइल्डेस्ट टेस्ट में किया है। स्टेडियम में ऐसे हालात के बावजूद आस्ट्रेलियाई कप्तान बिल लॉरी खेलना चाहते थे और भारत ने चौथे दिन का समापन नौ विकेट पर 125 रन से किया। पांचवें दिन भारत ने आस्ट्रेलिया को 64 रन का लक्ष्य दिया जिसे उसने दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया और पांच मैचों की श्रृंखला में ।-0 से बढ़त बना ली और अंत में सीरीज 3-। से जीती। वर्ष 1986 में हुई श्रृंखला में मद्रास टेस्ट टाई पर छूटा जिसमें दिवंगत डीन जोंस ने काफी मुश्किल हालात में दोहरा शतक जड़ा जबकि अंपायर विक्रमराजू को विवादास्पद पगबाधा फैसले के कारण अपना करियर गंवाना पड़ा। भारत को 348 रन का लक्ष्य मिला था और बाएं हाथ के स्पिनर रे ब्राइट ने तीन विकेट झटककर आस्ट्रेलिया को वापसी कराई जिससे क्रीज पर जमे रवि शास्त्री और 11वें नंबर के मनिंदर सिंह को अंत में जीत के लिए चार रन बनाने थे। पर आफ स्पिनर ग्रेग मैथ्यूज (मैच में 10 विकेट झटकने वाले) मनिंदर को पगबाधा आउट किया लेकिन भारतीय बल्लेबाज को पूरा भरोसा था कि वह आउट नहीं थे लेकिन अंपायर ने फैसला दिया था और टेस्ट इतिहास में दूसरी बार एक मैच टाई रहा था। विक्रमराजू को इसके बाद फिर टेस्ट अंपायरिंग का मौका नहीं मिला। वहीं जोंस की बेहद गर्मी में खेली गई 210 रन की पारी उनके करियर की सबसे अहम बन गई। इस पारी के दौरान वह बीमार हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। वर्ष 2001 में शुरूआती टेस्ट में 10 विकेट की जीत के बाद आस्ट्रेलिया 1969-70 के बाद भारत में पहली बार श्रृंखला जीतने की ओर बढ़ रहा था लेकिन वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ ने 376 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाकर और हरभजन सिंह ने 13 विकेट झटककर अपनी टीम को जीत दिलाई। युवा हरभजन सिंह की हैट्रिक के बावजूद आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए और मेजबान भारत को 171 रन पर समेटकर फॉलो ऑन दे दिया। दूसरी पारी में चार विकेट पर 232 रन के स्कोर भारत को किसी चमत्कार की दरकार थी जो लक्ष्मण और द्रविड़ ने 376 रन की भागीदारी निभाकर किया और टीम ने सात विकेट पर 657 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 384 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करने उतरी आस्ट्रेलियाई टीम हरभजन के 13 विकेट से 212 रन पर सिमट गई। ईडन गार्डन्स पर इस प्रदर्शन के बाद लक्ष्मण, द्रविड़ और हरभजन महान खिलाड़ियों की फेहरिस्त में शामिल हो गए। आस्ट्रेलिया ने हालांकि 2004 में तीन साल बाद भारत में अगली श्रृंखला में 2-। से फतह हासिल की।

# युवा भारत की युवा पीढ़ी के लिए कुछ भी असंभव नहीं : मोदी

## ● जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को संबोधित किया





**भाषा।** जयपुर

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने रविवार को कहा कि भारत के युवाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं है और हर लक्ष्य तब आसान हो जाता है जब उन्हें सामर्थ्य, स्वाभिमान, स्वावलंबन, सुविधाओं और संसाधनों की ताकत का अहसास होता है।

मोदी ने कहा कि मैं जानता हूं युवा भारत की युवा पीढ़ी के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। युवाओं को जब सामर्थ्य,स्वाभिमान, स्वावलंबन, सुविधा और संसाधन की शक्ति मिलती है तो हर लक्ष्य आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा अपनी बहु-प्रतिभाशाली और बहु-आयामी क्षमताओं के कारण सिर्फ एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहता है। देश के इस रवैए की झलक इस बार के बजट में भी दिखाई दे रही है। इस बार देश के बजट में खेल विभाग को करीब 2500 करोड़ का बजट मिला है जबकि 2014 से पहले खेल विभाग का बजट 800-850 करोड़ रुपए के आसपास ही रह जाता था। उन्होंने कहा 2014 के मुकाबले देश के खेल विभाग के बजट में लगभग तीन गुना बढोत्तरी हुई है। इस बार अकेले खेलो इंडिया अभियान के लिए ही एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बजट दिया है। मोदी रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा जयपुर महाखेल (मेगा स्पोर्ट) का आयोजन किया जा रहा है। हम युवाओं को खेलों में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) जैसी पहल युवाओं को प्रमुख खेल आयोजनों की तैयारी में लाभान्वित कर रही है। देश का खेल बजट 2014 से लगभग तीन गुना बढ़ गया है।, पहले देश के युवाओं में खेल का जज्बा तो होता था.. प्रतिभा भी होती थी.. लेकिन अक्सर संसाधन और सरकारी सहयोग की कमी हर बार आड़े आ जाती थी.. अब हमारे खिलाडियों की इस चुनौती का भी समाधान किया जा रहा है। उन्होंने जयपुर महाखेल का उदाहरण देते हुए कहा कि जयपुर मे यह आयोजन बीते पांच-छह वर्षो से चल रहा है ऐसे ही देश के कोने कोने में भाजपा के सांसद अपने अपने क्षेत्रों में खेल महाकुंभों का आयोजन करवा रहे है।

### तेजस्विन ने विश्व चैम्पियन को हराकर ऊंची कूद का स्वर्ण पदक जीता

**बोस्टन।** भारतीय ऊंची कूद के एथलीट तेजस्विन शंकर ने यहां पूर्व विश्व चैम्पियन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता डोनाल्ड थॉमस की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए न्यू बैलेंस इंडोर ग्रां प्री में शीर्ष स्थान हासिल किया। दिल्ली में जन्में 24 साल के तेजस्विन ने 2.26 मीटर की कूद लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं 2007 विश्व चैम्पियनशिप और 2010 राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता बहामा के थॉमस (38 साल) 2.23 मीटर की कूद लगाकर दूसरे स्थान पर रहे। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल 2022 के कांस्य पदक विजेता शंकर ने पहले चार प्रयासों में 2.14, 2.19, 2.23 और 2.26 मीटर की कूद लगाई। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ आउटडोर कूद 2.29 मीटर की है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड है जबकि इंडोर मीटर में उनकी सर्वश्रेष्ठ कूद 2.28 मीटर की है।

# सेठी ने भारत में विश्व कप से हटने की फिर धमकी दी: पीसीबी सूत्र

## ● एशिया कप पर राजा की पंक्तियां दोहराई

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चेयरमैन नजम सेठी ने खबरों के अनुसार बीसीसीआई सचिव जय शाह को बताया कि उनका देश एशिया कप की मेजबानी करना चाहता है और अगर टूर्नामेंट को कहीं और कराया जाता है तो पाकिस्तान अपनी टीम भारत में होने वाले पुरूष वनडे विश्व कप के लिए नहीं भेजेगा। सेठी की यह टिप्पणी अपने पूर्ववर्ती रमीज राजा की तरह ही है जिन्होंने कहा था कि अगर दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच एशिया कप का मुद्दा नहीं निपटाया जाता है तो पाकिस्तान इस साल के अंत में भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप से बहिष्कार कर सकता है। एशिया कप मेजबानी का अधिकार शुरू में पाकिस्तान को दिया गया था और इसे सितंबर 2023 में कराया जाना था लेकिन एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन शाह ने पिछले साल अक्टूबर में घोषणा की कि राजनीतिक तनाव के कारण भारत इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगा। उम्मीद है कि एसीसी एशिया कप को पाकिस्तान से हटाकर कहीं और कराएगा।

### क्वेटा में स्टेडियम के करीब विस्फोट, बाबर आजम और शाहिद अफरीदी को सुरक्षित जगह ले जाया गया

**क्वेटा।** कप्तान बाबर आजम और शाहिद अफरीदी सहित शीर्ष पाकिस्तानी क्रिकेटरों को नवाब अकबर बुगती स्टेडियम से कुछ मील की दूरी पर रविवार को हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के लिए ड्रेसिंग रूम मे ले जाया गया। ये खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का एक प्रदर्शनी मैच खेल रहे थे जिसे इस धमाके के बाद कुछ देर के लिए रोक दिया गया। यह विस्फोट पुलिस लाइंस क्षेत्र मे हुआ जिसमे पांच लोग घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बचाव कार्य पूरा हो गया है और घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने रविवार को एक बयान मे इस हमले की जिम्मेदारी ली है जिसमें कहा गया कि सुरक्षा अधिकारियो को निशाना बनाया गया था।

# आशु ने कांस्य जीता, अन्य पहलवानों ने किया निराश



**भाषा।** जगरेब

**एशियाई चैंपियनशिप** के कांस्य पदक विजेता आशु ने रविवार को यहां जगरेब ओपन रैंकिंग सीरीज के समापन के दिन ग्रीको रोमन वर्ग में भारत के लिए 67 किग्रा में कांस्य पदक जीता। इस 23 साल के पहलवान ने लिथुआनिया के एडोमास ग्रिगलियुनास को 5-0 से हराकर भारत की तालिका में दूसरा कांस्य जोड़ा। फ्रीस्टाइल वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियन पहलवान अमन सहरावत ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिन पुरुषों की 57 किग्रा में कांस्य जीता था। आशु को क्वालीफिकेशन दौर में ईरान के रेजा महदी अब्बासी ने 9-0 से हराया था उन्होंने रेपेशाज दौर में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हंगरी के एडम फोइलेक को 8-0 से हराने के बाद नॉर्वे के हावर्ड जोर्जेंसन को 9-0 से पटखनी देकर कांस्य पदक दौर में अपनी जगह पक्की की। भारतीय पहलवान ने पहले पीरियड में तीन और दूसरे पीरियड में दो अंक जुटाए जिसके बाद सभी जज ने उन्हें विन बाई डिसिजन घोषित किया। ग्रीको-रोमन वर्ग में हालांकि सागर (63 किग्रा) को रेपेशाज दौर में ऑस्ट्रिया के अकेर सस्मिड अल ओबैदी ए हार का सामना करना पड़ा। उन्हें यह मौका क्वार्टर फाइनल के प्रतिद्वंद्वी ईरान के आरीफ हुसैन खौन मोहम्मदी के फाइनल में पहुंचने पर मिला था। रविवार को हुए अन्य मुकाबलों में महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता सुषमा शौकीन को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता कनाडा की सामंथा स्टीवर्ट ने शिकस्त दी।

# झूलन मुंबई इंडियंस महिला टीम की मेंटोर

## ● चार्लोट एडवर्ड्स मुख्य कोच नियुक्त

**भाषा।** मुंबई

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट** से हाल ही में संन्यास लेने वाली दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को मुंबई इंडियंस ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र के लिए टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) और गेंदबाजी कोच की दोहरी भूमिका सौंपी है। इंग्लैंड की महिला टीम की पूर्व कप्तान और महिला वनडे और टेस्ट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली चार्लोट एडवर्ड्स को मार्च में होने वाले उद्घाटन सत्र के लिए फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी, जबकि तृप्ति चंदगडकर भट्टाचार्य टीम मैनेजर होंगी। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की श्रृंखला के बाद पिछले साल संन्यास लेने वाली पद्म श्री झूलन के नाम दो दशकों से अधिक के करियर में 350 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। वह महिला वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। झूलन जनवरी 2016 में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची थी। संन्यास के बाद वह वह बंगाल की महिला टीम का मार्गदर्शन कर रही है। एडवर्ड का करियर भी लगभग दो दशक का रहा है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप खिताब जीता है। संन्यास के बाद 43 साल की यह खिलाड़ी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कई टीम के साथ कोच के तौर पर काम कर चुकी है। वह आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में भी शामिल है। देविका दाएं हाथ की बल्लेबाज और लेग स्पिन गेंदबाज रह चुकी है। वह 2014 से 2016 तक भारतीय महिला टीम की सहायक कोच थी। वह बांग्लादेश महिला टीम की भी सहायक कोच रह चुकी है।

### महिला आईपीएल नीलामी के बावजूद भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ मैच पर : हरमनप्रीत

**केपटाउन।** महिला प्रीमियर लीग के लिए नीलामी होने वाली है लेकिन भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच पर है जिसमें वे अंडर 19 टीम की सफलता को दोहराना चाहेंगे। महिला आईपीएल के लिए नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में है जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच 12 फरवरी को यहां होगा। हरमनप्रीत ने टी20 विश्व कप कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा , नीलामी से पहले हमें काफी महत्वपूर्ण मैच खेलना है और हमारा फोकस उसी पर है। यह विश्व कप सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा फोकस आईसीसी ट्रॉफी पर है। ए सब चीजे चलती रहती है और एक खिलाड़ी को पता होता है कि उसके लिए क्या अहम है और उसे फोकस कैसे बनाए रखना है। हम इतने परिपक्व हैं कि हमें पता है कि हमारे लिए क्या अहम है। शेफाली वर्मा की कप्तानी मे भारतीय टीम ने पिछले महीने पहला अंडर 19 विश्व कप जीता। सीनियर टीम भी इस सफलता को दोहराना चाहती है।

# सेंट्रल अकादमी पहले स्थान पर, स्कॉलर्स होम को दूसरा स्थान

## ● जिला स्तरीय कराटे

**लखनऊ।** द्वितीय वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सेंट्रल अकादमी एल्डिको ग्रीन्स प्रथमए स्कॉलर्स होम दूसरे और डीबी एस स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। चौक स्टेडियम में अयोजित प्रतियोगिता में सीएमएस आरडीएसओ विद्यालय के अथर्व चौरसिया ने दो स्वर्ण पदक हासिल किये। समापन समारोह में मुख्य अतिथि आईएएस हरि प्रताप शाही रहे। स्कॉलर होम स्कूल की प्रधानाचार्य प्रियंका भारद्वाज, सौरभ शर्मा,कराटे एसोसिएशन ऑफयूपी के महासचिव क्योंशी जसपाल सिंह, शिहान रवि चौरसिया, अशोक पाल, कृष्णावतार व प्रतियोगिता संयोजक शिहान संतोष कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान हाल ही में दिल्ली में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

### 590 लड़कियों को दिया गया सेल्फडिफेंस ट्रेनिंग

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की ओर से गोरखपुर सभी राजकीय आईटीआई में आयोजित तीन दिवसीय सेल्फडिफेंस ट्रेनिंग में 590 लड़कियों ने हिस्सा लिया। संकल्प स्कीम के तहत आयोजित इस ट्रेनिंग में राजकीय वर्ल्ड बैंक महिला आईटीआइ, राजकीय आईटीआई रेलवे कॉलोनी, राजकीय आईटीआई खजीनी, राजकीय आईटीआई कैम्पियरगंज, राजकीय आईटीआई चारगांव, राजकीय आईटीआई बरहालगंजऔर राजकीय आईटीआई चौरी चौरा की लड़कियां शामिल हुई। वर्ल्ड बैंक महिला आईटीआई के प्रिंसिपल बृजेश प्रताप और खजीनी आईटीआई की प्रिंसिपल मसूद इसरत अपने संस्थान में मौजूद थे। इस मौके पर लड़कियों को उन्होंने चेन अलार्म, सुरक्षा सीटीए स्प्रे और स्टिंगर युक्त निर्भया किट भी दिए। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत राज्य के 16 शहरों में 10 हजार लड़कियों के लिए सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया है। जबकि इन्हें प्रशिक्षण कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अंतगर्त कार्यरत स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लीजर,स्किल्स काउंसिल की निगरानी में स्किल्ड ट्रेनर के द्वारा दी गई थी। यूपीएसडीएम के निदेशक आंद्रा वामसी ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आत्मरक्षा तकनीकों को सीखकर महिलाएं खुद को बचाने और हमलावरों के खिलाफलड़ने के लिए आत्मविश्वास और कौशल हासिल कर सकती हैं।